नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 16
अंक : 03
सोमवार, 02 से 08 मार्च 2026
मूल्य : 5 रूपए
रू 250 वार्षिक

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एमसीडी में 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन 03

धूप दिखाने लगी अपना असर, दिल्ली में रात का तापमान... 08

# NCR समाचार

संजू ने टी20 विश्व कप फाइनल में रख इतिहास 10

नारी कदम प्रगति पथ पर अग्रसर 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in | BY C.R.O. TEAM | twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

एक्टिंग डेब्यू के सवाल पर अमृता फडणवीस 12

# भारत बना टी20 विश्व कप चैंपियन

## न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार जीता खिताब

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का खिताब तीसरी बार अपने नाम किया। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इसके साथ ही भारत लगातार दो बार टी20 विश्व कप जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बन गया। जसप्रीत बुमराह को उनके शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

फाइनल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 20 ओवर में 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। भारत की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की शानदार पारी खेली, जो टी20 विश्व कप फाइनल में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर रहा। वहीं ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन का योगदान दिया।




आखिर के ओवरों में शिवम दुबे ने 08 गेंदों पर 26 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी। ओपनर बैट्समैन टिम सीफर्ट ने 52 और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 43 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ा योगदान नहीं दे सके। पूरी कीवी टीम 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई।

भारत की ओर से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल ने 3 ओवर में 27 रन खर्च कर 3 विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ भारत पहली ऐसी मेजबान टीम बन गया जिसने अपने घर में टी20 विश्व कप का खिताब जीता। साथ ही तीन बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बन गई।

### प्रधानमंत्री ने इंडिया की जीत पर बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में जीत के बाद भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और पूरे टूर्नामेंट में टीम के कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क की सराहना की। प्रधानमंत्री ने ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में खिलाड़ियों को "चैंपियन" बताया और कहा कि उनके प्रदर्शन ने देश को अपार गौरव दिलाया है। श्री मोदी ने लिखा, "आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई! यह उल्लेखनीय जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को दशार्ती है। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान टीम के दृढ़ संकल्प की भी प्रशंसा की और कहा कि खिलाड़ियों ने "पूरे टूर्नामेंट में असाधारण साहस" का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री के अनुसार, इस जीत ने पूरे देश में जश्न का माहौल बना दिया है।

## निशांत जदयू के सदस्य बने, बिहार की सक्रिय राजनीति में किया पदार्पण



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने रविवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता ग्रहण की और इसके साथ हीं उनका औपचारिक तौर पर बिहार की सक्रिय राजनीति में पदार्पण हो गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के बाद जदयू नेताओं और कार्यकताओं की तरफ से निशांत को सक्रिय राजनीति में लाने की मांग तेज हो गई थी। पिछले तीन दिनों तक पार्टी के अंदर हुई मशक्कत और विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री श्री कुमार से मिली सहमति के बाद आज निशांत कुमार ने जदयू की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

निशांत को जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर पार्टी के शीर्ष नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकताओं ने उत्साह और उम्मीद के साथ इस समारोह को एक ऐतिहासिक क्षण बना दिया और आशा व्यक्त की कि संसद के उच्च सदन में नीतीश कुमार के जाने के बाद निशांत पार्टी की नई ताकत और ऊर्जा बनेंगे। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशांत ने पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे।

## एक नजर

### सीबीआई ने 1085 करोड़ रुपये की पीएनबी धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज किया नया केस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है। इस प्राथमिकी की प्रति के अनुसार, इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने कथित तौर पर पीएनबी के साथ 1,085 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने यह कर्ज वापस न करने की नीयत से प्राप्त किया। पीएनबी ने दावा किया कि कंपनी ने बैंक से प्राप्त धन को जानबूझकर अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। ऐसा करना धोखाधड़ी और विश्वास के आपराधिक उल्लंघन के समान है। सीबीआई द्वारा दर्ज इस प्राथमिकी में रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। वह अब इस मामले में वित्तीय हेरफेर और धन के हस्तांतरण की कड़ियों की जांच करेगी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर यूरोपीय नेताओं ने दी बधाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** यूरोपीय नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को बधाई दी है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने दुनिया भर की उन लड़कियों और महिलाओं को श्रद्धांजलि दी जो उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई जारी रखे हुए हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी महिलाओं से अपने देश की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने युद्ध के मैदान और दैनिक जीवन में महिलाओं द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली शक्ति के लिए उनका आभार व्यक्त किया।यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बाधाओं का सामना करने के बावजूद वर्ष 2025 में यूक्रेन की सेना में 70,000 से अधिक महिलाओं ने सेवा दी, जो 2022 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इनमें से 5,500 से अधिक महिलाएं सीधे अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) पर तैनात थीं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार नफरत को अधिकारों का स्थान नहीं लेने देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि लैंगिक हिंसा को कमतर करके आंकने और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी चुनौतियों के बावजूद नारीवादी आंदोलन को आगे बढ़ते रहना चाहिए। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इंटरनेट के माध्यम से संदेश दिया ह्यआठ मार्च हम सभी को एक ऐसी जिम्मेदारी की याद दिलाता है जो केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि हर दिन के लिए लागू होती है। हमें एक ऐसे इटली का निर्माण जारी रखना है जहाँ किसी भी महिला को स्वतंत्रता, कार्य, परिवार और व्यक्तिगत संतुष्टि के बीच चुनाव न करना पड़े।

## ईरान में 400 से ज्यादा ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक: इजरायल

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने ईरान में 400 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इनमें बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और हथियार बनाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया गया।

इजराइली रक्षा बल (आईडीएएफ) के मुताबिक, वायुसेना ने पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य ईरान में कई बड़े हमले किए। इस दौरान मिसाइल लॉन्चर, रक्षा प्रणालियों, हथियार भंडारण केंद्रों और अन्य सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया।

आईडीएफ के अनुसार यह कार्रवाई ऑपरेशन ह्लरोरिंग लायनह्व के तहत की जा रही है। इस ऑपरेशन के दौरान इजराइली वायुसेना अब तक सैकड़ों स्ट्राइक मिशन पूरा कर चुकी है।

वहीं, ईरान की राहत संस्था ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी (आईआरसीएस) ने कहा है कि अमेरिका और इजरायल के हमलों में बड़ी संख्या में रिहायशी इमारतें नष्ट हो गई हैं। संगठन के अनुसार अब तक 9,669 नागरिक इकाइयां पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं।

संस्था द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 7,943 रेसिडेंशियल और 1,617 कमर्शियल बिल्डिंग को भारी नुकसान पहुंचा है।

रेड क्रिसेंट का कहना है कि इन हमलों से देश के कई शहरों में आम लोगों के घर और व्यापारिक ढांचे पूरी तरह तहस-नहस हो गए हैं। इससे पहले भी संगठन ने बताया था कि हजारों घरों, स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है।

## संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

### पहले ही दिन लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ पेश होगा अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरूआत के साथ कल ही लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव (नोटिस) पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव को सदन में विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और डॉ. मल्लू रवि पेश करेंगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 9 और 10 मार्च के लिए व्हिप जारी किया है। वहीं, कांग्रेस ने सभी सांसदों को 9-11 मार्च तक सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।



पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामपंथी दलों और अन्य दलों के सदस्यों सहित 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे।

चर्चा के दौरान ओम बिरला अध्यक्षीय आसन पर नहीं बल्कि सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों के साथ मौजूद रहकर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का जवाब दे सकेंगे। सदन की कार्यवाही उपाध्यक्ष या पैनल ऑफ चेयरपर्सन में शामिल सदस्य संचालित करते हैं। फिलहाल लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद खाली है, ऐसे में पैनल में शामिल सांसद ही कार्यवाही का संचालन करेंगे।

इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने भी विपक्ष के प्रस्ताव को समर्थन देने की घोषणा की है। तृणमूल कांग्रेस के 29 सांसद हैं। नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है।

## दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा है: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 33,500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के बारे में सोचता है तो अक्सर उसके मन में दिल्ली की तस्वीर आती है। हम सब दिल्ली में विकास को नई गति देने के लिए यहां इकट्ठे हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लयहां 33,500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। मेट्रो के विस्तार से लेकर हजारों सरकारी कर्मचारियों के आवासों तक, देश की राजधानी में सुविधाओं का लगातार मजबूत विस्तार हो रहा है, एक नई मजबूती दी जा रही है। आप लोगों ने एक साल पहले जिस नई उम्मीद और संकल्प के साथ दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई थी, उसका परिणाम आज यहां दिख रहा




है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस अविरत धारा के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली कुछ दिन पहले नमो भारत जैसी तेज ट्रेन के जरिए मेरठ से जुड़ी है। इससे दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान हो गई है। आज मेट्रो फेस-4 के शुरू होने के साथ दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किलोमीटर से भी आगे पहुंच गया है। दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में भी मेट्रो का इतना बड़ा नेटवर्क नहीं है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज जो मेट्रो का नया सेक्शन शुरू हुआ है, उससे राजधानी के लाखों लोगों को बहुत बड़ी सुविधा मिलने वाली है। खास तौर पर पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लोगों के लिए अब रोज का सफर पहले से कहीं ज्यादा आसान होगा। इन सबके साथ ही गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के शहरों से दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में आना-जाना आसान हो जाएगा। रविवार को दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया। इनमें लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल है। नई कनेक्टिविटी से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा, मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के चरण 4 के अंतर्गत लगभग 16.10 किलोमीटर लंबे तीन नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी। ये तीन नए कॉरिडोर हैं, आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ, एयरोसिटी से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज। ये कॉरिडोर राष्ट्रीय राजधानी के कई महत्वपूर्ण स्थानों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे और नोएडा, दक्षिण दिल्ली और हवाई अड्डे के बीच यात्रा करने वाले निवासियों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करेंगे।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :** 9210761111

## लोकसभा अध्यक्ष ने ऑल-वुमेन बाइक रैली 2026 को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समाचार पत्र की ओर से यहां कनॉट प्लेस में आयोजित ऑल-वुमेन बाइक रैली 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ दीं और महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। श्री बिरला ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर भारत के नव निर्माण तक महिलाओं ने हर क्षेत्र में सशक्त नेतृत्व दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की महिलाएँ पंचायत से लेकर संसद तक नेतृत्व कर रही हैं और देश के विकास की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत की महिलाएँ आज किसी से कम नहीं हैं और वे हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुईं और महिलाओं के साहस व नेतृत्व की सराहना की। सैकड़ों महिलाओं ने बाइक रैली में भाग लेकर सशक्त, सुरक्षित और आत्मविश्वासी भारत का संदेश दिया।

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अत:** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ङ्क नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062, दूरभाष (मोबाईल) 9210761111 सम्पर्क करें।

# डेलांग में चार दिवसीय दोल महोत्सव और सांस्कृतिक जुलूस हुआ सम्पन्न

लक्ष्मीनारायण पाठी

**ओडिशाः** पुरी जिला अंतर्गत डेलांग में प्रतिवषार्नुसार फाल्गुन मास की सांस्कृतिक दोल महोत्सव मनाया गया। दोलपूर्णमी के अवसर पर सभी गांव में भगवान की प्रतिमाएं झुला झुले। इस साल पूर्णमी के दिन चंद्रग्रहण हुआ था। इस वजह सुवह छह वजे मंदिर में पूजापाठ हुआ था ।शाम के 6.47 वजे सर्वमोक्ष के वाद फिर से विशेष नीतिकांति हुआ। इसके उपरांत दोलवेदी पर विमान में ठाकुर विजे हुए।



भोग चढाया गया और ठाकुर झुला झुले ।दोल महोत्सवकी आकर्षक उत्सव के तहत चार दिवसीय पंचुदोल मेला 4 मार्च को आयोजित हुआ । होली त्योहार के रात ही आसपड़ोस की गांव से देवविग्रहों के विमान सजधजकर जुलूस में निकले। इससे पहले मेला मैदान व दोलवेदी की सफाई और पूजापाठ हुई थी। दोल महोत्सव की शुरूआत में मंदिर पर नीतिकांति के वाद घंटघंटा,गाजेवाजे और हरिध्वनि के वीच देर रात को पीठाधीश्वर श्रीनीलकंठेश्वर सुशोभित विमान में विराजमान होकर जुलूस में निकले। श्रीनीलकंठेश्वर देव के निकलते ही अन्य गांव की आराध्य देव के विमान भी निकले। जुलूस में गाजेवाजे के साथ घोडानाच,नागा नृत्य,देवदासी नृत्य,अघोरी नृत्य,गोरिल्ला,भूत और किन्नरों की नृत्य के साथ श्रीजगन्नाथ के चतुर्धाविग्रह और बृषभ की झांकी सामिल रहा। दुल दुल वाजा,सिंग वाजा और ढोल नगारे की ध्वनि से गगन प्रकंपित हुआ।

पिछले तीन सालों से ध्वनि प्रदूषण को दृष्टि में रखते हुए डिजे को जुलूस से वाहर किया गया है । इस वार भी जुलूस में डिजे सामिल नहीं हुआ । फिर भी जयकार, ढोल नगारे और संगीत पर नौजवान लडकें थिरकते रहे। मेला महोत्सव में डेलांग यानी पांच गांव जैसे कि रामचंद्रपुर, हाट डेलांग, गुंडुचिपाटणा, पुराना डेलांग और गोलासाहि की हिस्सेदारी रहते हुए भी वोलकणा, जगदलपुर,अमालंग, वडाआंकुला और अलऊता गांव से जुलूस में होकर विमान मेला मैदान पर पहुंचे । सुवह होने तक जुलूस में नाच गाना चलता रहा । दुसरे दिन शाम से मध्य रात्रि तक और कुछ गांव से विमान जुलूस के साथ मैदान पर विराजमान हुए । आखिर तक चालीस विमान मेला मैदान पर विराजमान हुए। इस दौरान गुरुवार और शुक्रवार रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। इसमें श्रीनीलकंठेश्वर ड्रामेटिक क्लब द्वारा आयोजित नाटक सहित भुवनेश्वर शहीदनगर से आये हुए सुर स्नेह मेलोडि ग्रुप की नृत्य-संगीत कार्यक्रम और रामलीला नाटक प्रदर्शन सामिल रहा। इसका आनंद उठाने हेतु हजारों की तादाद में श्रद्धालु मेला मैदान पर उपस्थित रहे।

भक्तजन हर विमान के पास जाकर भक्तिभाव से देवविग्रहों को गुलाल अर्पित किए । मैदान की एक ओर चाट,आइसक्रीम,वेलुन,खिलौने और चुडिकंगन आदि विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी हुई थी। बच्चों और औरतें वहांपर ज्यादातर खरीदारी करते रहे । महोत्सव की चतुर्थ दिवस 7 मार्च शाम को आतिशबाजी प्रदर्शन का आयोजन हुआ है । इसके वाद मेला मैदान से विमानों की विदाई पर्व होगा । विधि अनुसार एक एक करके सभी विमान पीठाधीश्वर श्रीनीलकंठेश्वर से भेंट कर विदाई का परंपरा निभाएंगे । इस अपूर्व लीला को देखने से पाप क्षय जाता है,भक्तजन का यह विश्वास है । साल में एक वार ही सही सवने एक जगह इकठ्ठे हुए,अपनी अपनी सुख-दुख वांटे और एक साथ विमान पर विराजमान सभी देवविग्रहों को दर्शन किए,एक श्रद्धालु के लिए इससे वडी वात और क्या हो सकता है।

# जिला पुलिस लाईन में होली स्नेह मिलन समारोह, कलक्टर और एसपी ने भी लिया हिस्सा

प्रमोद कुमार बंसल

**राजस्थानः** कोटपूतली कस्बे के मुख्य चौराहा स्थित जिला पुलिस लाईन परिसर में गुरुवार देर शाम होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन बडे. ही धूमधाम व हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर रंगों के इस पर्व को उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया। समारोह के दौरान डीजे की धुनों पर सभी ने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। इस मौके पर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी व जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने भी डीजे की धुन पर नृत्य किया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके साथ नृत्य करते हुये होली के रंगों का भरपूर आनंद लिया। पूरे परिसर में गुलाल उड़ने के साथ ही रंग-बिरंगी होली का माहौल बन गया और सभी ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया।



इस मौके पर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस समाज की सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहते हैं और ऐसे आयोजन पुलिस परिवार और समाज के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत बनाते हैं। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने कहा कि पुलिस बल कानून-व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ समाज में शांति और सौहार्द कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनायें देते हुये कहा कि त्यौहारों के दौरान भी पुलिस पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी निभाती है, जिससे आमजन सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मना सकें।

इस मौके पर एडीएम ओ.पी. सहारण, एएसपी नाजिम अली, एसडीएम रामावतार मीणा ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे एव सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे आयोजन प्रशासनिक और पुलिस परिवार के बीच आपसी तालमेल और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाते हैं। समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीत की धुनों के बीच सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर होली की बधाई दी और क्षेत्र में शांति, सौहार्द और खुशहाली की कामना की। इस दौरान डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरडक, थानाधिकारी राजेश शर्मा, सरूण्ड थानाधिकारी यशपाल सिंह सहित पुलिसकर्मी, व्यापारीगण, जनप्रतिनिधि आदि भी मौजूद रहे।

# 14 साल की बालिकाओं के लिए मुफ्त HPV टीकाकरण अभियान शुरू




रियाज मोहम्मद खान

**मध्य प्रदेशः** कल विश्व महिला दिवस के अवसर पर प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक टिका करण का विशेष अभियान चलेगा अन्य दिनों में कार्य दिवस में निरंतर टिका करण होगा। भारत की बेटियों के भावी स्वास्थ्य की रक्षा और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, केन्द्र सरकार द्वारा केवल 14 वर्ष की बालिकाओं हेतु निःशुल्क लढश टीकाकरण राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस पूरे भारत में अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षित प्रभावी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव है।

जिन बालिकाओं का 14 वा जन्मदिन निकल गया हो और 15 वा जन्मदिन आने वाला हो ऐसी बालिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मेघनगर में यह टिका निशुल्क लगेगा शासन की ओर रोटरी क्लब अपना आपसे अपिल करते है की अपनी 14 वर्ष की बालिकाओं को सुरक्षित भविष्य दें- लढश टीका अवश्य लगवाऐं।

# अपर्णा यादव ने डाढा आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

दीपक यादव

**उत्तर प्रदेशः** राज्य महिला आयोग की माननीय उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का जनपद गौतमबुद्धनगर में भ्रमण कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र डाढा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयोजित गोद भराई, अन्नप्राशन, कन्या जन्मोत्सव एवं किट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उन्होंने लाभार्थी महिलाओं एवं बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बाल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। अपने संबोधन में माननीय उपाध्यक्ष ने महिलाओं को साइबर अपराध (Cyber Crime) के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।



इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी, मुख्य सेविका ममता, पूनम रावत, ललिता तथा आंगनवाड़ी सहायिकाओं एवं कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

माननीय उपाध्यक्ष ने आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं एवं संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकताओं के कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में भी इसी प्रकार जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं और बच्चों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

इसके उपरांत माननीय उपाध्यक्ष द्वारा जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में पहुंचकर बंदी महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें कारागार में मिल रही सुविधाओं तथा उनके मामलों की जानकारी प्राप्त की तथा अच्छे आचरण वाली बंदी महिलाओं की सजा कम करने (रियायत) के संबंध में शासन को पत्राचार करने हेतु आश्वस्त किया। साथ ही उन्होंने जिला कारागार में बंदियों के कौशल विकास हेतु संचालित कार्यशालाओं का भी निरीक्षण किया, जो सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। माननीय उपाध्यक्ष ने बंदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों व गतिविधियों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की।


## एक नजर

### गरीब शक्ति दल ने बच्चों और महिलाओं पर मोबाइल प्रतिबंध की मांग दोहराई



**छात्र पाल/उत्तर प्रदेशः** आज गरीब शक्ति दल के पदाधिकारीयो ने भारत में कर्नाटक सरकार द्वारा लिए गए। फैसला 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इंटरनेट मीडिया बेलगाम मोबाइल इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की जो घोषणा की है। इस फैसले की घोषणा वास्तव में सराहनीय है तथा पूर्व दिनों में अपने द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में बच्चों और महिलाओं पर एंड्रॉयड फोन प्रतिबंध की मांग को लेकर जो ज्ञापन दिया गया था, जिसका ध्यान दिलाते हुए तथा कर्नाटक सरकार के फैसले की घोषणा समाज में अपराध रोकने तथा बच्चों में प्रतिकूल प्रभाव डालने का उद्देश्य सराहनीय पहल की दिशा में है। संगठन ने पुनः मुख्यमंत्री कर्नाटक सरकार मेल आईडी एक अपील पत्र के रूप में भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह अन्य मुख्यमंत्री को अपना मांग पत्र ऑनलाइन प्रक्रिया से भेजा है तथा संपूर्ण भारतवर्ष में बच्चों से लेकर महिलाओं पर एंड्रॉयड फोन प्रतिबंध लगाने की मांग को दोहराया है। मांग पत्र भेजने वालों में मनोज विकेट गिरीश चंद्र सक्सेना और यतीश सहाय आदि मौजूद रहे।

### तहसील स्तरीय जितेंद्र सिंह तोमर स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट 21 मार्च को होगा आयोजित




**अजय सिंह तोमर/मध्य प्रदेशः** पोरसा स्वर्गीय जितेंद्र सिंह तोमर स्मृति तहसील स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन 21 मार्च 2026 को ग्राम जोटई में किया जाएगा। आयोजक लक्ष्मण सिंह एवं गुलशन सिंह ने हमारे प्रतिनिधि को बताया की यह टूनार्मेंट में 19 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे। प्रत्येक मैच 10 दस ओवर का होगा। मैच में तीन ओवर पावर प्ले के होंगे तथा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला 14 चौदह ओवरों का खेला जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम अपना पंजीयन जोटई में आकर लक्ष्मण सिंह एवं गुलशन सिंह से मिलकर के अपना पंजीयन करा सकते हैं। विजई टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5100 रूपए एवं फाइवर बेट तथा उप विजेता टीम को ?1500 वह दीवाल घड़ी पुरूस्कार में दी जाएगी।

### सद्भावना चौक से न्यू पुल तक अमेरिका-इजराइल युद्ध के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन



**साजिद हुसैन/बिहारः** सद्भावना चौक से न्यू पुल तक जनाब मसीह उद्दीन,(जनसुराज के प्रवक्ता),शमीम मंसूरी (अक्टक्ट) के कार्यकर्ता की सदारत में ये विरोध प्रदर्शन को कामयाब किया। हजारों लोगों ने मिलकर ये विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। सभी इंसाफ पसंद लोगों ने अमेरिका और इजरायल के तानाशाही रवैए का घोर विरोध करते हुए नजर आये और लोगों ने एक सुर में एक ही बात कहते हुए नजर आये की यह जंग मानवता के खिलाफ जंग है, जिससे पूरे विश्व में फैलने का अंदेशा है। इस जंग से पूरे इंसानियत के लिए एक बड़ा खतरा पैदा होने की संभावनाएं बढ़ेगी। लोग मंहगाई और भुखमरी के शिकार हो जाएगे इसलिए हर अमन पसंद लोग इस जंग का विरोध करते हैं। अमेरिका और इजरायल पूरी दुनिया पर ताकत के बल पर कब्जा चाहता है, जो सरासर अपराध के श्रेणी में आता है। संयुक्त राष्ट संघ अब केवल नाम का रह गया है यू कह लीजिए के अमेरिका और इजरायल का पिछलग्गू के इलावा और कुछ नहीं।

# गर्मी से पहले नवादा में चापाकलों की मरम्मत अभियान शुरू

संजय कुमार वर्मा

**बिहारः** जिला पदाधिकारी नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा चापाकल मरम्मति दल को सभी 14 प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि यह दल जिले के सभी 14 प्रखंडों में सार्वजनिक चापाकलों की मरम्मत एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, ताकि कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो।



जहां भी सार्वजनिक चापाकलों में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी होगी, मरम्मति दल द्वारा उसे तत्काल ठीक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मरम्मति दल के सभी वाहनों पर कंट्रोल रूम का नंबर तथा संबंधित अभियंताओं का मोबाइल नंबर अंकित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी संबंधित नंबर उपलब्ध हैं। यदि कहीं भी किसी सार्वजनिक चापाकल के खराब होने की शिकायत होती है, तो संबंधित व्यक्ति कंट्रोल रूम नंबर पर इसकी सूचना दे सकते हैं। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के ऐप पर भी चापाकल की समस्या को जियो-टैग कर दर्ज किया जा सकता है।

पेयजल की समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा के कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 06324-210036 है,जिस पर पेयजल से संबंधित शिकायत समय पूर्वाहन 08:00 से अपराहन 06:00 तक दर्ज करायी जा सकती है। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल नवादा सुजीत कुमार, कनीय अभियंता विजेता कुमारी, कुन्ती कुमारी, दिनेश कुमार, अश्विनी आनंद, संजीत कुमार सक्सेना, मो. दिलशाद, अभिषेक कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# ग्रेटर नोएडा में अनोखी शादी, सिर्फ 101 रुपये में किया विवाह



दीपक यादव

**उत्तर प्रदेशः** ग्रेटर नोएडा दादरी क्षेत्र में दहेज प्रथा के खिलाफ एक अनोखी मिसाल सामने आई है। लुहारली गांव के किसान नेता मनवीर भाटी के बेटे जितेंद्र की बारात कोट गांव पहुंची, जहां मात्र 101 रुपये में सादगीपूर्ण शादी संपन्न हुई। जितेंद्र और वैशाली के विवाह में न तो दहेज लिया गया और न ही गाड़ी या अन्य सामान की मांग की गई। डॉ अजीत बरहेला कोट की भतीजी है वैशाली इस पहल से समाज में सकारात्मक संदेश गया है और क्षेत्र में इसकी खूब चर्चा हो रही है। ग्रामीणों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास दहेज प्रथा खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

# आशा कार्यकताओं को कुष्ठ खोजी अभियान के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया

कृष्ण चंद्र शुक्ल

**उत्तर प्रदेशः** पयागपुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 6 और 7 मार्च को कुष्ठ खोजी अभियान के लिए आशा कार्यकताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान करना है, जो 9 मार्च से 23 मार्च तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकताओं को घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करने और उनकी जानकारी अपने सुपरवाइजर के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।



प्रशिक्षण में बताया गया कि कुष्ठ रोग की शुरूआती पहचान होने पर प्राथमिक उपचार से मरीज को पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है। इसी कारण आशा कार्यकताओं को अपने क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और संभावित मरीजों की समय पर पहचान करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण के दौरान लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्रदान करेंगी। इसके अतिरिक्त, नियमित टीकाकरण अभियान अंतर्गत हेडकाउंट सर्वे में छूटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की लाइनलिस्ट टीकाकरण हेतु तैयार करने के साथ जिन लोगों के पास आभा आईडी और आयुष्मान कार्ड नहीं हैं, उनका पंजीकरण भी कराया जाएगा, ताकि वे सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा सकें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनएमए एके पांडेय, बीपीएम अनुपम शुक्ल और सहित कई आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। सभी ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकताओं से कहा कि वे अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करें। उन्हें कुष्ठ रोग के लक्षणों के प्रति लोगों को जागरूक करने और किसी भी संदिग्ध मरीज की सूचना तुरंत स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि समय पर उपचार देकर रोग को नियंत्रित किया जा सके।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एमसीडी में 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ तथा वोकेशनल प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का विशेष आकर्षण बढ़ाया। इन स्टॉलों में बनारसी साड़ियां, वस्त्र, परफ्यूम, बैग, ज्वेलरी, बेकरी उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्तुएं तथा अन्य स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों को लोगों ने काफी सराहा और बड़ी संख्या में खरीदारी भी की।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच का भी विशेष स्टॉल लगाया गया था, जहां उपस्थित लोगों के लिए स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सत्या शर्मा ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने भी विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया, वहां से खरीदारी की तथा महिला उद्यमियों और विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच महिलाओं को अपने हुनर और स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलती है।

सत्या शर्मा ने कहा कि 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि महिलाओं के योगदान, उनकी मेहनत और आत्मनिर्भरता को सम्मान देने तथा उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को दशार्ने का महत्वपूर्ण अवसर है। 'स्वदेशी हाट' जैसे कार्यक्रम महिलाओं को अपने कौशल और उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दिल्ली नगर निगम महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को प्रोत्साहित करना तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने इस 'स्वदेशी हाट' में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और उत्पादों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने बताया कि इस आयोजन में निगम की महिला कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जाते रहेंगे।

इस अवसर पर निगम पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को प्रोत्साहित करना, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और महिला उद्यमिता को मजबूत करना था।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एमसीडी का 'स्वदेशी हाट', महिला उद्यमियों को मिला मंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिल्ली नगर निगम की महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी के नेतृत्व में 'स्वदेशी हाट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूहों, गैर सरकारी संगठनों तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों ने अपने स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए।
कार्यक्रम में लगाए गए स्टॉलों पर बनारसी साड़ियां, वस्त्र, सुगंधित उत्पाद, बैग, आभूषण, बेकरी उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्तुएं तथा अन्य स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए। महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों को लोगों ने खूब सराहा और बड़ी संख्या में खरीदारी भी की। इसके साथ ही हिंदुराव अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें आगंतुकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर सत्या शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के योगदान, उनकी मेहनत और आत्मनिर्भरता को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि 'स्वदेशी हाट' जैसे कार्यक्रम महिलाओं को अपने कौशल और उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## दिल्ली के नवनियुक्त उपराज्यपाल से मंत्री सिरसा ने की मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को दिल्ली के नवनियुक्त उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई दी।

सिरसा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि तरनजीत सिंह संधू का करियर और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा स्वयं ही सब कुछ बयां करती है। उन्होंने कहा कि तरनजीत सिंह संधू गुरुद्वारा सुधार आंदोलन के सबसे सम्मानित व्यक्तित्वों में से एक, महान सिख नेता सरदार तेजा सिंह समुंदरी के पोते हैं।

सिरसा ने कहा कि जब ब्रिटिश काल में वायसराय भवन के चारों ओर निर्माण के लिए गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब की चारदीवारी ध्वस्त कर दी गई थी, तब सिख समुदाय ने सरदार तेजा सिंह समुंदरी जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन किया था। वे अकाली आंदोलन के भी प्रमुख नेता थे, और उनके अथक संघर्ष ने 1925 के सिख गुरुद्वारा अधिनियम को लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने यह सुनिश्चित किया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारों का प्रबंधन सिख समुदाय द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के माध्यम से किया जाएगा। संधू के पिता बिशन सिंह समुंदरी गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति रहे हैं।

सिरसा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में सरदार तरनजीत सिंह संधू की नियुक्ति के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह निर्णय सिख समुदाय और अधिकारों एवं गरिमा के लिए सिखों के ऐतिहासिक संघर्ष के प्रति प्रधानमंत्री के गहरे सम्मान को दशार्ता है।

## दिल्ली के नवनियुक्त उपराज्यपाल संधू ने प्रधानमंत्री-गृह मंत्री का जताया आभार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के नवनियुक्त उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्लीवासियों की सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार प्रकट किया है।

संधू ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन सदैव प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विश्वास और मार्गदर्शन के लिए भी आभार व्यक्त किया। संधू ने कहा कि वह दिल्लीवासियों और राष्ट्र की सेवा समर्पण, निष्ठा और विनम्रता के साथ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने गुरुवार को विनय कुमार सक्सेना के स्थान पर वरिष्ठ राजनयिक तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया था। वे एक भारतीय राजनीतिज्ञ और भारतीय विदेश सेवा के सेवानिवृत्त राजनयिक हैं। उन्होंने श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त और अमेरिका में भारत के 28वें राजदूत के रूप में कार्य कर चुके हैं।

तरनजीत सिंह संधू का जन्म 23 जनवरी 1963 को पंजाब में हुआ। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा लॉरेंस स्कूल सनावर से पूरी की। उसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से इतिहास में बीए की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एमए की डिग्री हासिल की।

## सिविल सेवा परीक्षा में अनुज अग्निहोत्री ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीईसी) 2025 का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया। इस वर्ष विभिन्न अखिल भारतीय और केंद्रीय सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल 958 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है, जिनमें 659 पुरुष और 299 महिलाएं शामिल हैं। शीर्ष पांच सफल उम्मीदवारों में एक महिला और चार पुरुष हैं। वहीं शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल हैं। इस वर्ष की परीक्षा में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा उत्तीर्ण की।

अग्निहोत्री ने एम्स, जोधपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम रहीं जिन्होंने अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में चुना। तीसरा स्थान अकांश ढुल को मिला, जो दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बी.कॉम स्नातक हैं। उन्होंने वाणिज्य एवं लेखांकन को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था। चौथे स्थान पर राघव झुनझुनवाला रहे, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है और अर्थशास्त्र को ही वैकल्पिक विषय चुना। पांचवें स्थान पर ईशान भटनागर रहे, जिन्होंने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली से बीए एलएलबी (ऑनर्स) किया है और समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया।यूपीएससी के अनुसार, सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 25 मई 2025 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए 9,37,876 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,76,793 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। इसके बाद अगस्त 2025 में आयोजित लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए 14,161 उम्मीदवारों ने योग्यता प्राप्त की। मुख्य परीक्षा के बाद 2,736 उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण (इंटरव्यू) के लिए बुलाया गया था।

## सरकारी अस्पतालों में रेबीज टीकों की कमी पर कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजधानी के सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज टीका और रेबीज प्रतिरक्षी द्रव की कमी को लेकर दिल्ली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुत्तों और अन्य जानवरों के काटने से पीड़ित लोगों को उपचार के लिए अस्पतालों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि जीवन रक्षक टीके उपलब्ध नहीं हैं।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि 2 मार्च से 6 मार्च के बीच बड़ी संख्या में कुत्तों के काटने से प्रभावित लोग उपचार के लिए अस्पतालों में पहुंचे, लेकिन आवश्यक टीकों की कमी के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा। उनका आरोप है कि कई स्थानों पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा मरीजों को अस्पताल परिसर से ही लौटा दिया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल की स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया, जहां कुत्तों के काटने से पीड़ित लोगों की संख्या अधिक है, लेकिन टीकों का अभाव बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने जनवरी 2026 में रेबीज को अधिसूचित बीमारी घोषित किया था, इसके बावजूद सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज टीका उपलब्ध न होना सरकार की गंभीर लापरवाही को दशार्ता है। देवेन्द्र यादव के अनुसार यह स्थिति राजधानी की स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनवरी 2026 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद आदेश जारी कर सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में एंटी रेबीज टीका और रेबीज प्रतिरक्षी द्रव का पर्याप्त भंडार रखने को अनिवार्य किया है। साथ ही कुत्ता काटने के मामलों के प्रबंधन के लिए प्रत्येक अस्पताल में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में इन दवाओं का अभाव सरकार की असंवेदनशीलता को दशार्ता है। देवेन्द्र यादव के अनुसार इस प्रकार की गंभीर लापरवाही के लिए स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव जिम्मेदार हैं।

उन्होंने बताया कि राजधानी में कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2025 में प्रतिदिन लगभग दो हजार मामले सामने आए, जो वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 59 प्रतिशत अधिक हैं। अगस्त 2025 तक दिल्ली में लगभग 35 हजार घटनाएं दर्ज की गई थीं और वर्ष के अंत तक यह संख्या 45 हजार से अधिक होने का अनुमान था।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि रेबीज संक्रमण के कारण होने वाली मौतें भी चिंता का विषय हैं। वर्ष 2023 में 50 लोगों की मृत्यु हुई, वर्ष 2024 में 54 लोगों की जान गई, जबकि वर्ष 2025 में अगस्त तक 49 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि यह स्थिति राजधानी में स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर कमजोरियों को उजागर करती है।

उन्होंने मांग की कि दिल्ली सरकार तुरंत प्रभाव से सरकारी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित करे। देवेन्द्र यादव के अनुसार लोकनायक अस्पताल, गुरु तेग बहादुर अस्पताल, बुराड़ी अस्पताल, डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल, राजन बाबू क्षय रोग अस्पताल और गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल सहित कई अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की कमी के कारण मरीजों को बाहर से महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 12,893 करोड़ रुपये की वृद्धि के बावजूद यदि अस्पतालों में आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं हैं, तो यह प्रशासनिक विफलता को दशार्ता है। कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि बिना देरी किए राजधानी के अस्पतालों में दवाओं और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

# प्रीत गोयल की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कड़कड़डूमा स्थित सेफरॉन बाय कोहली टेंट में वरिष्ठ समाजसेवी व उद्योगपति प्रीत गोयल की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा और रस्म पगड़ी कार्यक्रम में हजारों लोगों ने पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संतों, परिवारजनों, रिश्तेदारों, केंद्रीय मंत्रियों, न्यायाधीशों, प्रशासनिक अधिकारियों, विधायकों तथा सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक और पत्रकारिता जगत से जुड़े गणमान्य लोगों ने उनके जीवन, व्यक्तित्व और समाज के प्रति योगदान को याद किया। प्रीत गोयल यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तथा राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयभगवान गोयल के बड़े भाई थे।

कार्यक्रम में जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्र सरस्वती, नारायण गिरी, श्री कृष्ण विद्यार्थी, स्वामी शिव प्रेमानंद, राजेश्वर ओझा, आचार्य शैलेश तिवारी, आचार्य सुनील ओझा, नवल किशोर दास, धीरेंद्र पुरी, राजेश्वरानंद, श्याम गिरी, चैतन्य देव, शिवदास और राजेंद्र आनंद राजगुरु सहित अनेक संतों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही आलोक कुमार, ओमप्रकाश सिंघल, विजय कुमार, दयानंद, हर्ष मल्होत्रा, दुष्यंत गौतम, मंगतराम सिंघल, संजय गोयल, अनिल गोयल, वीर सिंह धींगान, रामकिशन, प्रदीप अग्रवाल, रजनीश गोयनका, एल.आर. अग्रवाल, मनीष मित्तल, सतीश गोयल, आदेश गुप्ता, सत्यभूषण जैन, यू.के. चौधरी, वीरेंद्र बब्बर, संजय सिंघल, किशन अग्रवाल और राधा मोहन अग्रवाल सहित अनेक सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेंद्र यादव, रेखा गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता, नरेश बंसल, ऋतंभरा, जय भगवान अग्रवाल, अरविंदर सिंह लवली, अजय महावर और मनजिंदर सिंह सिरसा सहित कई नेताओं ने पत्र भेजकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए प्रीत गोयल को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने प्रीत गोयल के समाजसेवा के कार्यों और उनके सरल स्वभाव को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## एक नजर

### अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के सामने उपस्थित होने के बाद दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के सामने उपस्थित होने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बड़ी खुशी होती जब कोई समिति मुझे दिल्ली के कामों पर चर्चा करने के लिए बुलाती है। केजरीवाल ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत हुए कहा कि आखिर में अधर्म और अन्याय हारता है और सच ही जीतता है। उन्होंने कहा कि साल 2022 में मालूम हुआ कि दिल्ली विधानसभा में एक फांसी घर है। उन्होंने दिल्ली सरकार के द्वारा विधानसभा को फांसी घर नहीं बल्कि टिफिन घर कहे जाने पर देश के स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान बताया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली पानी के बढ़े बिल, गंदे पानी, स्कूलों की बढ़ी फीस और प्रदूषण से परेशान है लेकिन सरकार इन मुद्दों पर बात नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मुझे बड़ी खुशी होती जब कोई समिति मुझे दिल्ली के कामों पर चर्चा करने के लिए बुलाती और वहां पर अपने सुझाव देता हूं लेकिन सरकार फिजूल की बातों पर समय खराब कर रही हैं, इन्हें दिल्ली की चिंता नहीं है।

### बुजुर्ग पिता ने बेटे पर मारपीट का आरोप लगाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजौरी गार्डन इलाके में एक बुजुर्ग ने अपने बेटे पर किराये की राशि को लेकर मारपीट करने और जबरन नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराने का आरोप लगा है। बुजुर्ग ने नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बुजुर्ग के बयान पर बीएनएस की धारा 115, 126(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित हरिओम गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनका परिवार तीतारपुर गांव, टैगोर गार्डन स्थित पैतृक मकान में रहता है। उनकी नौ दुकानों का 55 हजार रुपये प्रतिमाह किराया आता है। पिछले चार वर्षों से बेटा नितिन गुप्ता खुद किराया वसूल कर रहा है। आवश्यक खर्च के लिए उन्हें रुपये नहीं देता। 28 फरवरी को किराएदार से मिली राशि मांगने पर आरोपी बेटे ने प्लास्टिक पाइप से पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित का आरोप है कि बेटे जबरन गाजियाबाद स्थित नशा मुक्ति केंद्र ले गया। वहां पर नशा मुक्ति केंद्र के संचालक ने भी मारपीट की। पीड़ित ने किसी तरह बाहर आने के बाद राजौरी गार्डन थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने हरिओम गुप्ता का गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें लोहे की रॉड जैसी चीज से हमला होने के सबूत मिले। नितिन गुप्ता और नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच जारी है।

### अपराध की जानकारी मिलते ही शुरू होगी जांच अवधि: कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 469 के तहत जांच अवधि उस दिन से प्रारंभ होती है, जब पुलिस अधिकारी को अपराध की जानकारी प्राप्त होती है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने इसी सिद्धांत को लागू करते सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र को सीमा अवधि से परे मानते हुए निरस्त कर दिया है। मामला एक लोकसेवक के विरुद्ध निजी व्यवसाय चलाने के आरोप में सीबीआई द्वारा शुरू किए गए अभियोजन से संबंधित है। कथित कृत्य वर्ष 1995 में तलाशी व जब्ती कार्रवाई के दौरान सामने आया। हालांकि, प्राथमिकी बाद में दर्ज की गई और आरोपपत्र वर्ष 1998 में दाखिल किया गया। देरी से आरोपपत्र दाखिल करने को लेकर सीबीआई का तर्क था कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद तय सीमा में आरोपपत्र दायर किया गया है। पीठ ने कहा कि किसी भी मामले में जांच शुरू होने की तारीख से आरोपपत्र दायर किया जाना चाहिए, न की प्राथमिकी दर्ज होने की तारीख से। पीठ ने कहा कि जब अपराध से संबंधित दस्तावेज वर्ष 1995 में जब्त कर लिए गए थे, तो आरोपपत्र वर्ष 1998 में क्यों दायर किया गया।

### पानी डालने पर हुए विवाद में आईटीबीपी जवान और किशोर पर हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डाबड़ी इलाके में होली के दौरान पानी डालने को लेकर हुए विवाद में प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़े आईटीबीपी जवान पर चाकू से हमला किया गया। बीच-बचाव करने आए 16 वर्षीय नाबालिग को भी हमलावरों ने घायल कर दिया। दोनों घायलों को परिजनों ने आकाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने पीड़ित सुनील कुमार के बयान के आधार पर बीएनएस की धारा 118(1) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 39 वर्षीय सुनील कुमार पिछले आठ वर्षों से पीएमओ में तैनात हैं और राजापुरी स्थित सोम बाजार रोड की गली नंबर-2 में रहते हैं। चार मार्च को सुनील कुमार गली में पानी डालकर सफाई कर रहे थे। इसी दौरान स्कूटी सवार कुछ युवकों पर उन्होंने पानी डाल दिया, जिससे युवक भड़क गए और गाली-गलौज के बाद हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने सुनील कुमार पर चाकू से कई वार किए। शोर सुनकर आए नाबालिग उदय पर भी हमला कर दिया। पुलिस टीम आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### विश्व श्रवण दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एबीवीआईएमएस) और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के ईएनटी व हेड एंड नेक सर्जरी विभाग ने विश्व श्रवण दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम डब्ल्यूएचओ की थीम ह्यसमुदाय से कक्षाओं तकः प्रत्येक बच्चे के लिए सुनने की देखभालङ्क पर आधारित था। प्रो. गौतम बीर सिंह के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बधिरता, कान की स्वच्छता और सुरक्षित सुनने की आदतों पर जानकारी दी। ओपीडी में इंटरैक्टिव सत्र, पैंफलेट वितरण और नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डीजीएचएस डायरेक्टर प्रो. सुनीता शर्मा ने प्रारंभिक जांच और राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम कार्यक्रम को मजबूत करने पर जोर दिया।

### संगठनों के शेल्टर होम में रखे जाएंगे लावारिस कुत्ते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी की सड़कों पर घूम रहे आक्रामक लावारिस कुत्तों को गैर सरकारी संगठनों के शेल्टर होम में रखा जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने यह फैसला लावारिस कुत्तों के लगातार बढ़ रहे हमलों को ध्यान में रखते हुए लिया है। संगठनों के पदाधिकारियों ने भी निगम के अफसरों के साथ हुई बैठक में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में नगर निगम की स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह तंवर ने बताया कि जनवरी में द्वारका में एक घटना के बाद वहां पर कुछ आक्रामक लावारिस कुत्तों को पकड़ कर एक गैर सरकारी संगठन के शेल्टर होम डाला गया था। इसी तर्ज पर अब आक्रामक व्यवहार करने वाले लावारिस कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में रखने की योजना बनाई गई है।गौरतलब है कि नगर निगम के पास अपना खुद का कोई डॉग शेल्टर होम नहीं है। द्वारका, बिजवासन बेला रोड में डॉग शेल्टर होम का निर्माण कराया जा रहा है।

# महिला दिवस पर नागौर में भव्य समारोह, आईपीएस अदिति उपाध्याय बोलीं-महिलाओं को सुरक्षा व सम्मान मिलेगा तो बढ़ेगी निडरता

**मनोज कुमार चोरडिया**

**राजस्थानः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस रविवार को जिला मुख्यालय पर टाउन हॉल में समारोहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान टाउन हॉल में अतिथियों के संबोधन के साथ ही विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। वहीं बेहतरीन उपलब्धियों परी महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। टाउन हॉल में अतिथियों के आगमन के साथ ही दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद राजस्थानी लोक नृत्य तथा स्वरूप देहरा एंड पार्टी द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं विजय देहरा एंड पार्टी द्वारा कठपुतली नृत्य की प्रस्तुति देकर महिलाओं के अधिकारों एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में आईपीएस अदिति उपाध्याय ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, सेना, व्यापार और तकनीक जैसे लगभग हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी है। इसके बावजूद समान अधिकार और अवसर की लड़ाई कई जगहों पर अब भी जारी है। ऐसे में महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि समाज को समानता और सम्मान का संदेश देने का महत्वपूर्ण अवसर भी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को हमेशा देने की भावना रखनी चाहिए।



आप यदि किसी को कुछ देते हैं तो उसके बदले में हमें दुगुना लौटकर मिलता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि हर पुरुष की उपलब्धि के पीछे एक महिला का हाथ होता है, लेकिन जब किसी महिला या बालिका को उपलब्धि मिलती है तो उसके पीछे पूरे परिवार का हाथ होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पूरे परिवार को जब हम यह अवसर प्रदान करते हैं, सुरक्षा प्रदान करते हैं तभी एक छोटी बच्ची के मन में साहस व निडरता का भाव आता है और वह दुनिया में कुछ भी हासिल करने की ठान सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में इतना साहस हो कि वे जो भी सोचे वो हासिल कर सके। उन्होंने महिलाओं को प्रेरणादायक वक्तव्य सुनाते हुए कहा कि मौका पाने के लिए तो हर कोई मेहनत करता है लेकिन जब मौका मिल जाता है तो मेरे सिवा मेहनत और कोई नहीं करता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी हम बहुत उन्नति कर चुके हैं। ऐसे बहुत से अवसर मिल रहे हैं जो महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित हो रहे हैं। प्रशासनिक सेवाओं, सेना, पुलिस और न्यायपालिका जैसे क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी बढ रही है, जो समाज में बदलती सोच का संकेत है। आज सरकार ने बहुत सी योजनाएं चलाई है। समाज ने भी बहुत से अवसर प्रदान किए हैं। जहां तक महिलाएं आज पहुंची है, उन्हें जो अवसर मिले है वे मिलने के बाद ही असली लड़ाई शुरू होती है कि इसके बाद कौन-कौन मेहनत करता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में सभी मेहनत करते हैं लेकिन असली मेहनत उसके बाद ही होती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर चंपालाल जीनगर ने कहा कि वैसे 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाकर महिलाओं को सम्मान प्रदान किया जाता है लेकिन एक भी दिन ऐसा नहीं होता है जब महिलाओं को याद ना किया जाएं। वे हर दिन सम्मानित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे घर परिवार में भी एक भी दिन मां घर पर नहीं होती है तो सब सूना सूना लगने लगता है। इस प्रकार हमारे लिए प्रतिदिन महिला दिवस ही होता है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी की धूरी मातृशक्ति ही है। मातृ शक्ति के बिना सब शून्य हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक प्रतीकात्मक दिन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसरों के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि महिलाओं के बिना किसी भी समाज का विकास अधूरा है। जब महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर मिलेंगे, तभी समाज और देश का समग्र विकास संभव होगा। महिलाओं की शक्ति, साहस और उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ-साथ हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आने वाली पीढ़ियों की लड़कियों को एक ऐसा समाज मिले, जहां वे बिना किसी भेदभाव के अपने सपनों को पूरा कर सकें। इसलिए जरूरी है कि हर व्यक्ति महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में काफी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। महिलाएं हिम्मत तो करती है लेकिन कई जगह लोग, परिवार व समाज उन्हें टोकने लगते हैं। कई कारण होते हैं। जिसके कारण उनमें भय का माहौल बना रहता है। महिलाओं को इस भय से बाहर निकलकर काम करना होगा। आंतरिक व बाहरी भय को छोड़कर प्रतिस्पर्धा की हौड़ में आगे आना होगा। इसके साथ ही बेटियों की उन्नति के लिए समाजों को भी पहल करनी होगी। महिलाओं के सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव शिक्षा को माना जाता है। शिक्षा महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक भी करती है।

उन्होंने कहा कि महिला दिवस के साथ बालक प्रोत्साहन दिवस भी मनाया जाना चाहिए, ताकि उन बच्चों/बालकों को भी अच्छे संस्कार दिए जाएं, ताकि उनमें भी महिलाओं के प्रति अच्छे आचरण करने व उन्हें सम्मान देने की भावना जागृत हो।

जिले की 33 महिलाओं को मिला सम्मान

इस अवसर पर पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के अंतर्गत चिन्हित 3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका व साथिनो को प्रशस्ति पत्र व 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत संस्थागत प्रसव एवं बालिका टीकाकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रथम पुरस्कार 20 हजार, द्वितीय 10 हजार व तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए प्रोत्साहन रूप में प्रदान कर 6 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसी दौरान माता यशोदा पुरस्कार के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की 16 मानदेय कर्मियों जिसमें कार्यकताओं को 5100 रूपए व सहायिकाओं को 2100 रूपए की राशि प्रद


## पिरान कलियर की फैरूज फातिमा ने UPSC पास कर क्अर अधिकारी बन क्षेत्र का नाम किया रोशन

**सनव्वर/उत्तर प्रदेशः** हरिद्वार पिरान कलियर-पिरान कलियर क्षेत्र की रहने वाली होनहार बेटी फैरूज फातिमा ने संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) की प्रतिष्ठा परीक्षा पास कर (क्अर) अधिकारी बनी। पिरान कलियर क्षेत्र की रहने वाली हॉनर बेटी फैरूज फातिमा ने क्अर अधिकारी बनकर पूरे क्षेत्र और उत्तराखंड का नाम रोशन कर दिया है। उनकी एक ऐतिहासिक उपलब्धि से नगर पंचायत पिरान कलियर सहित पूरे प्रदेश में खुशियों और गर्व का माहौल है। फैरूज फातिमा की सफलता केवल एक परीक्षा पास करने की कहानी नहीं बल्कि संघर्ष मेहनत और पिता के सपनों को साकार करने की प्रेरणादायक मिसाल है। उनके पिता इकबाल साहब जो पैसे से एक ट्रक ड्राइवर है उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई में कभी कोई कमी नहीं आने दी। दिन-रात मेहनत कर उन्होंने अपनी बेटी को आगे बढ़ने का हौसला दिया।

# SP कृष्ण बिश्नोई और SP अंशिका वर्मा की शादी 29 मार्च को बाड़मेर में होगी सम्पन्न

**राजू**

**उत्तर प्रदेशः** बरेली उत्तर प्रदेश पुलिस महकमे से एक सुखद और चर्चित खबर सामने आई है। यूपी कैडर के दो युवा और तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण बिश्नोई और बरेली के एसपी साउथ अंशिका वर्मा की शादी 29 मार्च को राजस्थान के बाड़मेर में संपन्न होगी। इस खबर के सामने आते ही पुलिस विभाग और उनके परिचितों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक आईपीएस अधिकारी कृष्ण बिश्नोई मूल रूप से राजस्थान के बाड़मेर जिले के रहने वाले हैं, जबकि अंशिका वर्मा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की निवासी हैं। दोनों अधिकारी वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अहम जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और





अपने कामकाज की शैली के कारण अक्सर चर्चा में रहते हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ है। शादी समारोह को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विवाह कार्यक्रम राजस्थान के बाड़मेर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें दोनों परिवारों के सदस्य, रिश्तेदार और करीबी मित्र शामिल होंगे।

इसके अलावा पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और सहयोगी भी इस खास मौके पर मौजूद रह सकते हैं। एसपी साउथ अंशिका वर्मा बरेली में अपनी सख्त और प्रभावी पुलिसिंग के लिए जानी जाती हैं। वहीं संभल के एसपी कृष्ण बिश्नोई भी अपने प्रशासनिक निर्णयों और कार्यशैली को लेकर चर्चा में रहते हैं। दोनों अधिकारियों की जोड़ी को लेकर पुलिस महकमे में भी उत्साह और खुशी देखी जा रही है। शादी की खबर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी दोनों अधिकारियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी जा रही हैं। उनके समर्थक और शुभचिंतक इस नई शुरूआत के लिए उन्हें बधाई दे रहे हैं और उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में इन दिनों एक खूबसूरत खबर चर्चा का विषय बनी हुई है। संभल के रढ कृष्ण कुमार बिश्नोई और बरेली साउथ की रढ अंशिका वर्मा 29 मार्च को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। यह शादी राजस्थान के बाड़मेर में होगी, जो कृष्ण बिश्नोई का गृहनगर है। दूसरी तरफ अंशिका प्रयागराज की रहने वाली हैं।

अंशिका वर्मा 2020 बैच की क्ढर अधिकारी हैं, जिन्होंने वढरउ सिविल सर्विस परीक्षा में 136वीं रैंक हासिल की थी। नोएडा के गलगोटिया कॉलेज से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इ.ळींू करने के बाद उन्होंने सिविल सर्विसेज का रास्ता चुना। पहले प्रयास में सफलता न मिलने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और बिना किसी कोचिंग के दूसरे अटेंप्ट में वढरउ क्रैक कर मिसाल कायम की दूसरी तरफ, कृष्ण कुमार बिश्नोई 2018 बैच के वढ कैडर क्ढर अधिकारी हैं, जिन्हें यूपी पुलिस का 'सिंघम' कहा जाता है। उन्होंने 2017 में वढरउ में 174वीं रैंक हासिल की थी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए मशहूर कृष्ण बिश्नोई को हाल ही में उट योगी ने 'पुलिस मंथन-2025' सम्मेलन में बेस्ट पुलिस अवार्ड से नवाजा। दोनों अधिकारियों की यह जोड़ी सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है।

## शाहजहांपुर में फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से संपन्न, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने खेली फूलों की होली

**अभिषेक कश्यप**

**उत्तर प्रदेशः** शहर के चित्रा टॉकीज परिसर में शनिवार रात फाल्गुन महोत्सव 2026 रंग, संगीत और उल्लास के बीच धूमधाम से मनाया गया।वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड की ओर से आयोजित इस भव्का र्यक्रम में उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री ने मंच से लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं और फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया।महोत्सव में राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियों, स्कूली बच्चों के मनमोहक नृत्य और फूलों की होली ने वातावरण को पूरी तरह होलियाना बना दिया।




भजन गायक सुप्रीत मौर्य और सोनम मिश्रा की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में भक्ति और उमंग का रंग घोल दिया। कार्यक्रम में मंत्री सुरेश खन्ना का कार्यक्रम अध्यक्ष नीतू गुप्ता, डॉ. दीपा दीक्षित, वर्षा गोस्वामी, रिद्धि बहल, रंजना तिवारी और स्वाति सिंह ने बुके भेंट कर स्वागत किया, जबकि महासचिव सतीश सक्सेना, ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, अनुजदेव गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, संजय अग्रवाल और कौशलेंद्र मिश्रा ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। अपने संबोधन में मंत्री खन्ना ने कहा कि भारत के त्योहार हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक हैं।

ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और खुशियां बांटने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान हास्य कवि अजीत शुक्ला (हरदोई) और दिनेश रस्तोगी ने काव्य पाठ से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, जबकि फैसल शाह की प्रस्तुति ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव तथा स्वच्छता अभियान प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव मौजूद रहीं। इसके अलावा उद्योगपति अशोक अग्रवाल, अनुज देव गुप्ता, पार्षद प्रदीप सक्सेना, हेमा अग्रवाल, रवि मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, शासकीय अधिवक्ता विशंभर दास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वीआईपी ग्रुप की ओर से कूपन के माध्यम से लकी ड्रा निकालकर प्रतिभागियों को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने अतिथियों को गमले सहित पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश चंद्र मिश्रा ने किया। देर रात तक चले इस रंगारंग महोत्सव में शहर के सैकड़ों लोग मौजूद रहे और फूलों की होली के बीच फाल्गुन के उत्सव का आनंद लिया।

## यूट्यूबर सलीम वास्तिक हमले का दूसरा आरोपी भी एनकाउंटर में ढेर

**तरुण शर्मा**

**दिल्लीः** यूट्यूबर सलीम वास्तिक (सलीम अहमद उर्फ वास्तिक) पर हमले के दूसरे आरोपी गुलफाम को भी गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। यह घटना 3 मार्च 2026 को इंदिरापुरम क्षेत्र में हुई, जहां आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की और जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से अस्पताल में उसकी मौत हो गई।घटना का विवरण 26 फरवरी 2026 को सुबह करीब 8 बजे लोनी थाना क्षेत्र के अली गार्डन में सलीम वास्तिक के



ऑफिस पर दो बाइक सवारों ने चाकू से हमला किया, जिसमें उनकी गर्दन, पेट और कान पर वार हुए।

सलीम एक्स-मुस्लिम कंटेंट बनाने वाले यूट्यूबर हैं और फिलहाल अस्पताल में इलाजरत हैं।आरोपी और एनकाउंटर पहला आरोपी जीशान (गुलफाम का सगा भाई): 1 मार्च 2026 को लोनी में मुठभेड़ में मारा गया, उसके पास 1 लाख रुपये का इनाम था।दूसरा आरोपी गुलफामः 3 मार्च को खोड़ा/इंदिरापुरम में मुठभेड़, पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में घायल, अस्पताल में मौत। उसके पास भी 1 लाख इनाम, दो अवैध हथियार और दिल्ली से चुराई बाइक बरामद।

## केशवाना औद्योगिक क्षेत्र की कंपनी में कैमिकल टैंक में लगी आग

**प्रमोद कुमार बंसल**

**राजस्थानः** कोटपूतली, जिले के केशवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित एरोमेटिक एग्रो एलाइड कम्पनी में शुक्रवार दोपहर कैमिकल टैंक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और प्लांट से उठती ऊंची लपटें व धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने से पहले तेज धमाके की आवाज भी सुनाई दी। आग बुझाने के लिये बहरोड़, कोटपूतली, पावटा, नीमराणा व बानसूर से दमकल की 08 गाड़ियां मौके पर पहुंची, जिनकी मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार हादसा टैंकर से कैमिकल खाली करते समय रिसाव होने के कारण हुआ। इसी दौरान धमाके के साथ आग लग गई और तेज हवा के कारण लपटें तेजी से फैल गईं। आग कैमिकल से भरे एक हिस्से में लगने के कारण कुछ ही देर में धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। सुरक्षा के मद्देनजर फैक्ट्री परिसर के आसपास मौजूद लोगों को दूर कर दिया गया।

वहीं बचाव के तौर पर पड़ौसी कंपनी श्रीनाथ लाइफ साइंस में रखे कैमिकल के ड्रमों पर भी पानी का छिड़काव किया गया, ताकि आग वहां तक नहीं पहुंचे।

## एक नजर

### हिन्दू समाज पार्टी ने क्ढछ-सट्टा से युवाओं को बचाने के लिए सख्त कार्रवाई और आंदोलन की करी घोषणा





**अजय सक्सेना/उत्तर प्रदेशः** हिन्दू समाज पार्टी राष्ट्रीय कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता रखी गई, जिसका उदेश्य युवा पीढ़ी को आई पी एल सटा और ऑनलाईन गेम जेसे जहर से बचाने के लिए प्रशासन को अवगत कराया गया कि हर साल की भाँति ये आई पी एल जेसे सटा ⁄ल्लॅ युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे है। इन सटा ⁄ल्लॅ के खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए, जैसे की आप सब लोगों के संज्ञान में है के ये मुहिम हमने 2025 को भी चेरी थी और कई सटा किंग्स जेल भी गए थे लेकिन उसमें कई एसे बड़े नाम थे, जो बच के निकल गए थे पैसो के दम पर लेकिन इस बार हिन्दू समाज पार्टी अपने युवा भाई लोगों को बचाने के लिए कई बड़े आंदोलन करेगी। युवा पीढ़ी को बचाएगी जाए। हमे अपने प्राणों की आहुति ही क्यों न देनी पड़े हिन्दू समाज पार्टी युवा मोर्चा सटा मुक्त मुरादाबाद बना कर ही दम लेंगे और हमें ये भी मालूम है के ये सटा ⁄ल्लॅ हमें मरवा भी सकते हें ये हमारे ऊपर झूठे मुकदमे भी लगवा सकते है। पैसों के दम पर लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे। प्रेस वार्ता में मौजूद अजय ठाकुर युवा मोर्चा जिला अध्यय सतीश तिवारी, मुकेश शर्मा, मनोज चना, वरुण शर्मा, महेश कश्यप, कमल प्रजापति ज्ञानी जी विमल शर्मा नीतू चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

### नगर पंचायत में विकास कार्यों में अनियमितताओं पर नागरिकों ने प्रशासन से जांच की करी मांग



**ख्वाजा हुसैन/मध्य प्रदेशः** तेज हो गई है स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर भारी अनियमितताएं की जा रही हैं और सरकारी धन का सही उपयोग नहीं हो रहा है। नगर के कई वार्डों में सड़क, नाली और साफ-सफाई जैसे बुनियादी कार्य अधूरे पड़े हैं, जबकि कागजों में इन कार्यों को पूर्ण दिखाया जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पंचायत में पारदर्शिता की कमी है और कई योजनाओं में मनमानी तरीके से खर्च दिखाया जा रहा है। इससे नगरवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। नगर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस मामले की जांच नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि नगर पंचायत के सभी विकास कार्यों और खर्चों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### गंगोलीहाट सीएचसी में अल्ट्रासाउंड शिविर का आयोजन, 49 मरीजों को लाभ



**लिखित पंत/उत्तराखंडः** गंगोलीहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गंगोलीहाट में लंबे अंतराल के बाद अल्ट्रासाउंड शिविर का आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्रीय जनता को बड़ी राहत मिली है। शिविर में विकासखंड के दूरस्थ गांवों के साथ-साथ पड़ोसी क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज अपनी जांच कराने पहुंचे। शनिवार को आयोजित इस विशेष शिविर में जिला अस्पताल से आए विशेषज्ञ डॉ. रामबाबू ने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अस्पताल पहुंचे कुल 49 मरीजों का अल्ट्रासाउंड परीक्षण किया। विशेषज्ञ की उपलब्धता होने से विशेषकर गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को जिला मुख्यालय की दौड़ भाग से मुक्ति मिली। शिविर की सूचना मिलते ही गंगोलीहाट के अलावा बेरीनाग विकासखंड के सुदूर क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे। विशेष रूप से चोड़मन्या (बेरीनाग) क्षेत्र से 6 महिलाएं अपनी जांच कराने सीएचसी पहुंची थीं। अल्ट्रासाउंड सेवा दोबारा शुरू होने पर क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया है।

21 मार्च को लगेगा अगला शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. उमाकांत ने बताया कि मरीजों की बढ़ती संख्या और आवश्यकता को देखते हुए प्रशासन मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि अगला अल्ट्रासाउंड शिविर आगामी 21 मार्च को लगाया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि जो मरीज इस बार छूट गए हैं, वे अगली तिथि को इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

### बैंक के सामने बाइक खड़ी करने से जाम और दुर्घटना की बढ़ी आशंका

**राकेश कुमार चौहान/उत्तर प्रदेशः** कर्नलगंज, गोंडा तहसील मुख्यालय स्थित कर्नलगंज कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सामने सड़क पर बेतरतीब खड़ी की जा रही मोटरसाइकिलें जाम और दुर्घटनाओं की आशंका का कारण बन रही हैं। रोजाना बड़ी संख्या में बैंक आने वाले लोग अपनी बाइक सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और यातायात प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक के सामने सड़क पर बड़ी संख्या में मोटरसाइकिलें खड़ी रहने से दिन भर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। इससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे लोगों को निकलने में काफी समय लग जाता है। स्थानीय नागरिकों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# जिला सहकारी बैंक शाहजहांपुर की 87वीं वार्षिक बैठक हुई संपन्न

अभिषेक कश्यप

**उत्तर प्रदेश:** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, शाहजहांपुर की 87वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारत सरकार के राज्यमंत्री श्री जितिन प्रसाद ने बैंक की शानदार वित्तीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए किसानों से कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अक जैसी आधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री के 'सहकार से समृद्धि' विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार सहकारिता आंदोलन को पारदर्शी, जवाबदेह और जीवित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।बैंक के 87 वर्षों के लंबे और सफल सफर को जनता के प्रति अटूट निष्ठा का प्रमाण बताते हुए श्री प्रसाद ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के शानदार आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि यह बैंक और जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है कि बैंक की कार्यशील पूंजी ने पहली बार 1000 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है और यह 1004.36 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।



किसानों और जमाकताओं के बढ़ते विश्वास के चलते बैंक की अंशपूंजी 27.95 करोड़ रुपये से भारी उछाल के साथ 41.48 करोड़ रुपये हो गई है। लाभप्रदता के मोर्चे पर भी बैंक ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है; बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के 1.02 करोड़ रुपये से सीधे दोगुना होकर 2.07 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा, 75.03% के सुधरे हुए रिकवरी रेट और मात्र 0.84% के नेट एनपीए ठढअ के सुरक्षित स्तर के साथ बैंक ने अपना 'अ' श्रेणी का ऑडिट वर्गीकरण बरकरार रखा है। वर्तमान में बैंक की 22 में से 20 शाखाएं मुनाफे में संचालित हो रही हैं।

किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने खेती में आधुनिक तकनीक, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अक की बढ़ती उपयोगिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृषि को केवल पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। अक तकनीक के माध्यम से मौसम का सटीक पूवार्नुमान, मिट्टी की गुणवत्ता का वैज्ञानिक विश्लेषण, सही समय पर बुवाई और फसल में लगने वाले रोगों की पहले से पहचान करना अब संभव हो गया है। उन्होंने अन्नदाताओं से अपील की कि वे उपज बढ़ाने, लागत कम करने और अपनी आय दोगुनी करने के लिए खेती में इन उन्नत अक तकनीकों और स्मार्ट समाधानों को तेजी से अपनाएं।उत्तर प्रदेश सहकारिता विभाग की अभिनव पहलों का जिक्र करते हुए राज्यमंत्री ने बताया कि राज्य में समितियों को बहुउद्देशीय इ-ढअउर बनाकर उन्हें 'कॉमन सर्विस सेंटर'उरउ के रूप में विकसित किया जा रहा है। अब तक पूरे प्रदेश में 3000 से अधिक बी-पैक्स का कंप्यूटरीकरण किया जा चुका है ताकि किसानों को गांव में ही बैंकिंग और सरकारी सुविधाएं मिल सकें।

इसके साथ ही, खाद वितरण में पारदर्शिता लाने और चोरी रोकने के लिए सरकार ने बेहद सख्त नियम लागू किए हैं, जिसके तहत वितरण में खाद की फटी बोरी मिलने पर सीधे ट्रांसपोर्ट फर्म का लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान किया गया है।

अपने संबोधन के अंत में प्रसाद ने ऋण की समय पर वापसी को एक 'संस्कार' बताते हुए कहा कि इससे बैंक की ऋण देने की क्षमता छील्ल्ल्र्ल्लॅ उंस्र्३८ और बढ़ती है, जिसका सीधा लाभ नए किसानों को मिलता है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी संचालक मंडल के सदस्यों, पैक्स प्रतिनिधियों, अधिकारियों और किसानों से आह्वान किया कि वे सब मिलकर संकल्प लें कि जिला सहकारी बैंक शाहजहांपुर को पूरे देश में सहकारिता का एक बेहतरीन मॉडल बनाकर उभारेंगे।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार ने कहा कि यह प्रगति शाहजहांपुर के किसानों के सशक्तिकरण का प्रमाण है। लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि 'बी-पैक्स' के कंप्यूटरीकरण से किसानों को बिचौलियों से मुक्ति मिली है।

जिला सहकारी बैंक के सभापति डी.पी.एस. राठौर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संचालक मंडल और बैंक के अधिकारी किसानों की सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। गुरगवाँ पैक्स सभापति आयुष सिंह एवं नियामतपुर पैक्स सभापति तनु यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया आकाशवाणी लखनऊ में कार्यरत बिंदु जैन के संचालन में हुए कार्यक्रम में कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस', तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, महापौर अर्चना वर्मा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पैक्सफेड उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जिला सहकारी संघ अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, केंद्रीय उपभोक्ता भंडार अध्यक्ष मुकेश राठौर, पूर्व उपाध्यक्ष कैंट बोर्ड अवधेश दीक्षित,विनीत मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष डीसीबी भूपेन्द्र सिंह भन्नू, सिंधौली ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर सिंह, ब्लॉक प्रमुख कांट श्रीदत्त शुक्ला, खुटार ब्लॉक प्रमुख नामित दीक्षित, मिजार्पुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, जलालाबाद ब्लॉक प्रमुख लता सिंह, एआर कोआपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह , मुख्य कार्यपालक अधिकारी डीसीबी सौरभ द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम मई के सुनील यादव ने यूपीएससी में हासिल की 642वीं रैंक

अरविंद कुमार

**उत्तर प्रदेश:** आज हमारे गांव का बेटा हमारा छोटा भाई सुनील यादव पुत्र श्री दिलीप यादव ग्राम मई ब्लाक मदनपुर तहसील सिरसागंज थाना नागला खंगार जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश यूपीएससी 642 वी रैंक चयन कर ने पर हार्दिक शुभकामनाएं अरविन्द यादव पत्रकार एनसीआर समाचार फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश। जनपद फिरोजाबाद के सिरसागंज तहसील अंतर्गत ब्लॉक मदनपुर के ग्राम मई के निवासी सुनील यादव पुत्र श्री दिलीप यादव ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा में 642वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र और पूरे जिले का नाम रोशन किया है।



गांव के बेटे सुनील यादव ने वढरउ में 642वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान मैनपुरी/फि रोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फि रोजाबाद जिले के ग्राम मई के रहने वाले सुनील यादव ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा Union Public Service Commission (UPSC) में 642वीं रैंक प्राप्त कर अपने गांव, क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है, सुनील यादव, श्री दिलीप यादव के पुत्र हैं और ग्राम मई, ब्लॉक मदनपुर, तहसील सिरसागंज, थाना नागला खंगार के निवासी हैं। साधारण परिवार से आने वाले सुनील ने कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर गांव के लोगों, मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि सुनील की सफलता से गांव के युवाओं को भी बड़ी प्रेरणा मिलेगी और वे भी आगे बढ़कर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित होंगे।

परिजनों ने बताया कि सुनील यादव शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और उनका लक्ष्य प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज और देश के लिए काम करना रहा है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है और लोग लगातार घर पहुंचकर बधाई दे रहे हैं।

# 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत, 6 बेंचों में होंगे मामलों के त्वरित निपटान

निखिल

**हरियाणा:** राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण पंचकुला के निदेर्शानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पलवल की चेयरपर्सन राज गुप्ता के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए विभिन्न न्यायिक अधिकारियों की बेंचों का गठन कर दिया गया है। सीजेएम हरीश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निपटान के उद्देश्य से कुल 6 बेंचों का गठन किया गया है। इन बेंचों में न्यायिक अधिकारियों के साथ पैनल अधिवक्ताओं को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो आपसी समझौते के माध्यम से मामलों के निपटान में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रथम बेंच की अध्यक्षता फैमिली कोर्ट पलवल की प्रिंसिपल जज पायल मित्तल करेंगी, जिसमें परिवार न्यायालय से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा अन्य बेंचों की अध्यक्षता क्रमशः अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तय्यब हुसैन, सीजेएम मानसी धीमान, जेएमआईसी शशि हिमशिखा, एसीजे (एसडी) हथीन गरिमा यादव तथा एसीजे (एसडी) होडल अपर्णा चौधरी द्वारा की जाएगी।

# भाजपा नेता पिंटू तिवारी के होली मिलन समारोह में फूलों की बारिश, फगुआ की धुन पर झूमे लोग

प्रशांत

**उत्तर प्रदेश:** मान्धाता क्षेत्र में भाजपा नेता और ब्वायज एंड गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा और फगुआ के गीतों के बीच लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। मान्धाता के मल्हूपुर देल्हूपुर स्थित ब्वायज एंड गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज परिसर में आयोजित होली महोत्सव में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा नेता पिंटू तिवारी द्वारा मेहमानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत के साथ हुई।



फगुआ की संगीतमय प्रस्तुति पर मौजूद लोग झूम उठे और एक-दूसरे को रंग व फूलों की पंखुड़ियों से होली की बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी राम अभिलाष मिश्रा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पिंटू तिवारी धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ने और सनातन संस्कृति को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा कि पिंटू तिवारी शिक्षा और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने वाले व्यक्तित्व के रूप में क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके हैं।

होली महोत्सव में आए लोगों ने कहा कि फगुआ गीतों और फूलों की पंखुड़ियों के साथ खेली गई यह होली सनातनी परंपरा की अनूठी झलक प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सूर्य नारायण तिवारी, शिक्षक सुभाष पांडेय, स्टेट मैनेजर अविनाश तिवारी, एडवोकेट प्रभात पांडेय, यूथ बिग्रेड अध्यक्ष अखिलेश पांडेय और संगीत शिक्षक रोहन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी (पिंटू तिवारी) ने सभी अतिथियों और क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से होली महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ऐतिहासिक डूडू मेले में उमड़ी भीड़

## विशाल कुश्ती दंगल में संजय जैलाफ ने जीती 71 हजार की कामड़े की कुश्ती'

प्रमोद कुमार बंसल

**राजस्थान:** कोटपूतली निकटवर्ती ग्राम पंचायत बनेठी में प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले 300 वर्ष पूराने ऐतिहासिक व सुप्रसिद्ध डूडू मेले का आयोजन बुधवार 04 मार्च को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस दौरान परम्परा अनुसार विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मेले में कुश्ती दंगल देखने के लिये पंजाब, हरियाणा, यूपी, दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों व प्रदेश के कई हिस्सों से दर्शकों की भीड़ उमड़ी। लोगों में उत्साह इस कदर था कि पहलवानों का दमखम देखने के लिये दर्शक देर शाम तक कुश्ती दंगल में डटे रहे। कुश्ती दंगल में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुडगांवा सहित देश व प्रदेश से आये पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। मेले में पहुँचे हजारों दर्शकों ने कुश्ती दंगल का लुफ्त उठाया। मेले में सजी विभिन्न प्रकार की स्टॉलों पर बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने जमकर खरीददारी की। मेले की शुरूआत प्राचीन बालाजी मंदिर से ध्वज यात्रा के साथ हुई। महंत के सान्निध्य में निकली शोभा यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई मेला स्थल पहुंची, जहां विधिवत ध्वज स्थापित किया गया। परंपरा के अनुसार मेला समाप्ति पर ध्वज को पुनः मंदिर लाया गया।



रोमांचक रही 71 हजार की कामड़े की कुश्ती :- विषाल कुष्ती दंगल का मुख्य आकर्षण 71 हजार रुपये की कामड़े की कुश्ती रही। फाईनल मुकाबला संजय जैलाफ व असीम जमालपुर के मध्य हुआ। लंबे समय तक चले कड़े मुकाबले में संजय जैलाफ ने शानदार दांव लगाते हुये जीत दर्ज की। इसके अलावा 21 हजार व 11 हजार रुपये की एक दर्जन से अधिक बड़ी कुश्तियां भी कराई गईं। हर मुकाबले पर दर्शकों ने तालियों और जयकारों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। मेले में आये हुये अतिथियों का मेला कमेटी की ओर से माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक हंसराज पटेल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्नोई, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, भाजपा नेता यादराम जांगल व एड. उदयसिंह तंवर, एड. राजेन्द्र रहीसा, भाजपा नेता एड. हेमन्त सिंह शेखावत, धर्मसिंह भैंसलाना, पूर्व सरपंच गजराज सिंह, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर, सरपंच प्रतिनिधि देवीसिंह, पूर्व सरपंच उदयवीर सिंह, सुरेश सिंह, समाजसेवी दिनेश कुमार भारद्वाज, इंद्राज रावत, भामाशाह कुलभूषण अग्रवाल, राजेश जोशी, मदनलाल अग्रवाल, प्रवीण कुमार, संदीप कुमार, बेगसिंह तंवर, श्याम सिंह, सुनील सिंह, महेन्द्र सिंह, विजयपाल सिंह, दिनेश अग्रवाल समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।


मेले का इतिहास :- करीब 300 वर्ष पहले गांव के नंगला मोहल्ला के चित्रा-भेभा जैसे व्यक्तियों द्वारा कुश्ती दंगल की शुरूआत करवाने में अहम भूमिका रही थी। गांव में 09 पाने हैं। जिसमें से एक पाना महाजन समाज व 08 पाने राजपूत समाज के है। इन सबके आपसी सहयोग के चलते इस मेले का आयोजन होता है। मेले में आसपास के 12 गाँवो के लोगों का भी सहयोग रहता है। मेले वाले दिन ही चंदा लिया जाता है। मेले में गांव के सभी जातियों के लोगो के अलावा गांव के सेना में कार्यरत रहे जवान भी शाही अंदाज में मेले की व्यवस्थायें संभालने में भरपूर सहयोग करते हैं। ग्राम बनेठी का यह डूडू मेला अनूठी परम्परा का संगम है। मेले की खास बात यह है कि इस मेले में ग्राम छारदड़ा के पहलवानों की कुश्ती पहले करवाई जाती है। जिसमें आयोजित किये जाने वाले कुश्ती दंगल में 50 ट्रॉली बालू मिट्टी से दंगल का अखाड़ा तैयार किया जाता है। दंगल में हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ती है। करीब 70 से 80 पहलवान इसमें हिस्सा लेते है। इस दौरान आने वाले श्रद्धालूओं के लिये स्वयंसेवकों द्वारा व्यवस्था की जाती है।

# सरकारी खड़ंजा मार्ग पर अतिक्रमण से ग्रामीण परेशान, कई शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

यूसुफ

**उत्तर प्रदेश:** जनपद सुल्तानपुर तहसील जयसिंहपुर थाना दोस्तपुर ब्लॉक दोस्तपुर ग्राम पंचायत गोशैसिंहपुर में वर्ष 2022 में आवादी भूमि पर चल रहे बहुत पुराने रास्ते पर वर्ष 2003,2004, में प्रधान निधि द्वारा सरकारी खंडजा बनवाया गया जिसे गाँव निवासी महदेव यादव ने ही वर्ष 2022 में सर्वजनिक सरकारी खंडजा मार्ग की ईट को उखाड़कर रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया और बीच रास्ते पर नीब का पौधा लगा दिया और रास्ते पर 2 फुट बढकर दीवार निर्माण कर लिया ग्रामीणों ने इसकी शिकायत शिकायती पत्रों द्वारा प्रार्थी गण के रूप में की गयी।

ग्राम प्रधान ,स्थानीय थाना स्तर ब्लॉक स्तर ,तहसील स्तर ,जिला स्तर मंडल स्तर ,प्रदेश स्तर ,केन्द्र स्तर सम्बंधित सभी विभाग और आयोग और शासन में शिकायती पत्र भेजा और दिया गया न्याय ना मिलने पर ग्रामीणों द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली में 5 बार शिकायती पत्र भेजा गया लेकिन 2022 से अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई



और रास्ता भी अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया ग्रामीणों द्वारा दिये गये शिकायती पत्रों की फोटो कॉपी प्रतिलिपि उपलब्ध हैं।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले कतरास में निकली भव्य जल यात्रा, श्रद्धालुओं में उत्साह

अंकित कुमार सिंह

**झारखण्ड:** पथलकोठी स्थित शिव मंदिर में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शनिवार को भव्य जल यात्रा निकाली गई। जल यात्रा नेशनल अंगारपथराझपथलकोठी से प्रारंभ होकर सूर्य मंदिर स्थित कतरी नदी घाट तक पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा और पुनः शिव मंदिर प्रांगण वापस पहुंचे। जल यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जागेश्वर ठाकुर, सुरेश लाल एवं जलाल अंसारी द्वारा ठंडा पानी व केला की व्यवस्था की गई थी। मंदिर परिसर पहुंचने के बाद दोपहर में मंडप प्रवेश, वेदी पूजन एवं जलाधिवास की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कार्यक्रम के तहत रविवार को वेदी पूजन, पुष्पाधिवास, शंकर अधिवास, सज्जा अधिवास तथा हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा।



सोमवार को विधि-विधान के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी तथा अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ होगा।

# राशन कार्ड में नाम जोड़ने की मांग, पूर्ति विभाग को सौंपा प्रार्थना पत्र

राजू

**उत्तर प्रदेश:** मीरगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम नगरिया सादात निवासी गुलाबी पुत्र मंगल सेन ने अपने अंत्योदय राशन कार्ड में परिवार के दो सदस्यों के नाम जोड़ने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में पूर्ति विभाग को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की शिकायत मिली है। उन्होंने पूर्ति



निरीक्षक को जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं, गुलाबी ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पास अंत्योदय राशन कार्ड है। उनके परिवार के सदस्य रिमझिम और धर्मेंद्र कुमार का नाम अभी तक इस कार्ड में दर्ज नहीं हो पाया है।

नाम दर्ज न होने के कारण परिवार को राशन और अन्य सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# बाजार जाने की जिद पर पति बना हैवान, कुल्हाड़ी से वार कर पत्नी की हत्या

अमर दीप

**उत्तर प्रदेश:** कायमगंज के प्रेमनगर में पति ने पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। पत्नी, जेठानी के साथ बाजार जाने की जिद कर रही थी। जबकि पति मना कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। इसी बीच पति ने पास में रखी कुल्हाड़ी से पत्नी के सिर पर मार दिया। पत्नी, घायल होकर गिर गई और आरोपी उसे लहूलुहान छोड़कर बाग गया। घटना के वक्त सास-ससुर और जेठ खेत गए थे। जबकि जेठानी मार्केट गई थी। जब जेठानी मार्केट से वापस लौटी तो देखा तो वह घर में लहूलुहान पड़ी थी। जेठानी ने फोन करके परिजनों को जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में लेकर अस्पताल गए। जहां उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है।



मृतक- शिवानी,पत्नी    आरोपी- विजय,पति

मामला रविवार कायमगंज कोतवाली के प्रेमनगर गांव का है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रेमनगर गांव का विजय कोरी ग्वालियर के तंबाकू फैक्ट्री में काम करता है। करीब चार साल पहले घसिया चिलौली की शिवानी से विवाह हुआ था। दोनों की एक वर्षीय बेटी काव्या है। होली से आठ दिन पहले आरोपी पति घर आया हुआ था।

होली पर पूरे परिवार ने साथ में होली खेली। इसके बाद 5 मार्च को वह अपने पति के साथ मायके में जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। उस दिन शिवानी मायके में ही रुकी थी। शुक्रवार सुबह पति विजय अपने साथ पत्नी और बच्ची को घर लेकर आ गया। शनिवार सुबह 10.30 बजे शिवानी मार्केट जाने के लिए तैयार हो रही थी। इसी बीच पति घर में आ गया। उसने पत्नी से पूछा कि वह कहां जाने के लिए तैयार हो रही है। पत्नी ने बताया कि उसे कुछ सामान लेने बाजार जाना है। पति ने जाने से मना किया तो पत्नी जिद पर अड़ गई। उस समय बच्ची घर में थी और जेठानी किसी काम से बाजार गई थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ।

## संपादकीय

### ईरान की ऐतिहासिक उथल-पुथल

1979 तक आते-आते मोहम्मद रजा पहलवी के खिलाफ विद्रोह बहुत तेज हो गया। ईरानियों की निगाह में अमेरिका 'शैताने बुजुर्ग', यानी सबसे बड़ा शैतान हो गया था। अब ईरान के पक्के दो दुश्मन हो गए। अमेरिका तो इसलिए कि वह ईरान को अपनी कालोनी बनाना चाहता है और आर्थिक साधनों का दोहन करना चाहता है। अरबों से दुश्मनी तो पुरानी है। ईरान इसलिए भी ताकतवर बनना चाहता है ताकि सभी अरबी उसकी ताकत को स्वीकार कर लें। सासानी ईरानी वंश को अरबों द्वारा हरा दिए जाने का बदला ले लिया जाएगा जब कमजोर अरब देश रक्षा के लिए ईरान की शरण में आएंगे..

इस समय ईरान अपने दौर की ऐतिहासिक उथल पुथल का शिकार है। इस उथल पुथल के बीज ईरान के इतिहास में छिपे हुए हैं। ये बीज अंकुरित होकर बड़े वृक्ष बनने की ओर अग्रसर होते हैं। जब ज्यादा बड़े होने लगते हैं तो यूरोप की ताकतें उनसे अपने को खतरा महसूस करती हैं। पश्चिमी ताकतें मिलजुल कर अपनी शक्ति का प्रयोग करती हैं और वृक्षों को काट देती हैं। लेकिन बीज कभी सूखता नहीं। फिर अंकुरित हो जाता है। यदि बहुत पीछे जाना जरूरी हो तो अरबों और ईरानियों की प्रतिद्वन्द्विता इस्लाम के आने से भी पूर्व की है। पहले खलीफा और दूसरे खलीफा के नेतृत्व में अरबों ने ईरानियों को पराजित तो कर दिया था और वहां अपना राज भी स्थापित कर लिया। इतना ही नहीं, उन्हें किसी न किसी तरह इस्लाम में मतान्तरित भी कर लिया था। लेकिन ईरान के मन में अरबों से पराजित हो जाने की टीस कभी गई नहीं। इसलिए जब करबला के मैदान में मुसलमानों ने हजरत मोहम्मद के दामाद हुसैन को धोखे से घेर कर सभी सगे संबंधियों समेत कत्ल कर दिया था, तब अली के अनुयायियों ने एक नया शिया पंथ बना लिया था। ईरान मौका पाकर शिया पंथ में खिसक गया। अब अरबों का इस्लाम पंथ हुआ और ईरानियों का शिया पंथ हुआ। लेकिन ईरान का पश्चिमी ताकतों से वैर कब से है? जब पता चला कि ईरान के नीचे तेल है। लेकिन यहां हम बहुत पीछे नहीं जाएंगे। 1906 में ईरानियों ने मोर्चा संभाल लिया कि देश में राजशाही की जगह लोकतांत्रिक व्यवस्था हो। उस समय ईरान में कजार वंश का शासन था। राजा ने संसद की स्थापना कर दी जिसे मजलिस कहा गया। उसके लिए बाकायदा चुनाव होने लगे। प्रधानमंत्री तक बनने लगा। लेकिन राजशाही बनी रही। मजलिस बनने पर लोगों का राजशाही से विरोध भी खत्म हो गया था।

# खामेनेई की विरासत पर सवाल बरकरार

> खामेनेई ने लंबे समय तक इस बात से इनकार किया कि ईरान का नाभिकीय कार्यक्रम परमाणु हथियार बनाने के मकसद से था, जैसा कि पश्चिम का कहना था। 2015 में उन्होंने दुनिया की ताकतों और व्यावहारिक राष्ट्रपति हसन रूहानी की सरकार के बीच एक नाभिकीय समझौते का सावधानी से समर्थन किया, जिसने प्रतिबंध में राहत के बदले देश के नाभिकीय कार्यक्रम पर रोक लगा दी।

**असद मिर्जा**

1939 में मशहद में जन्मे, आयतुल्लाह खामेनेई1979 की इस्लामिक क्रांति में एक अहम व्यक्ति थे और 1981 से 1989 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे। एक धर्मशास्त्री होने के नाते, उन्हें पश्चिम, खासकर अमेरिका और इज?इल के प्रति उनकी गहरी दुश्मनी और उनके पहले के आयतुल्लाह खोमैनी द्वारा बनाए गए धमार्धारित शासन प्रणाली के प्रति उनकी पक्की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता था। आयतुल्लाह अली खामेनेई (1939-2026), ईरान के दूसरे सर्वोच्च नेता, 28 फरवरी, 2026 को तेहरान पर अमेरिका और इज?इल के समन्वित हवाई हमले के दौरान मारे गए थे। अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुरूआती घोषणा के बाद, 1 मार्च, 2026 को ईरानी सरकारी मीडिया ने उनकी मौत की पुष्टि की।

खामेनेई को उनके कार्यालय में 'ऑपरेशन एपिकफ्यूरी' नाम के एक संयुक्त सैन्य कार्रवाई में मार दिया गया था। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के कमांडर और रक्षा मंत्री समेत कई दूसरे बड़े अधिकारी भी मारे गए थे।

ईरान ने 40 दिन का राजकीय शोक और सात सार्वजनिक छुट्टियां घोषित किए हैं। आयतुल्लाह अली खामेनेई का कोई तय वारिस नहीं है। ईरानी संविधान के तहत, राष्ट्रपति, न्यायपालिका के प्रमुख और गार्डियन काउंसिल के एक सदस्य वाली एक काउंसिल कुछ समय के लिए नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेगी।

आयतुल्लाह अली खामेनेई ने 1989 से 2026 तक, 36 साल से ज्यादा समय तक इस्लामिक रिपब्लिक ऑ$फ ईरान के सर्वोच्च नेता के तौर पर काम किया, जिससे वे मध्य पूर्व में किसी भी देश के सबसे लंबे समय तक रहने वाले प्रमुख बन गए।

1939 में मशहद में जन्मे, आयतुल्लाहखामेनेई1979 की इस्लामिक क्रांति में एक अहम व्यक्ति थे और 1981 से 1989 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे। एक धर्मशास्त्री होने के नाते, उन्हें पश्चिम, खासकर अमेरिका और इज?इल के प्रति उनकी गहरी दुश्मनी और उनके पहले के आयतुल्लाहखोमैनी द्वारा बनाए गए धमार्धारित शासन प्रणाली के प्रति उनकी पक्की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता था।

आयतुल्लाह अली खामेनेई के 36 साल के राज ने ईरान को एक ताकतवर अमेरिका-विरोधी शक्ति ताकत बना दिया, जिसने मध्यपूर्वमें अपना सैन्य दबदबा फैलाया, और साथ ही देश में बार-बार होने वाली अशांति को दबाने के लिए सख्ती का इस्तेमाल किया। शुरू में खामेनेई को कमजोर और फैसला न कर पाने वाला कहकर खारिज कर दिया गया था, लेकिन करिश्माई आयतुल्लाह-होल्लाहखोमैनी, जिन्होंने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की स्थापना की थी, की मौत के बाद सर्वोच्च नेता के लिए उनका चुनाव एक मुश्किल विकल्प लग रहा था। लेकिन देश के शक्ति ढांचे के शीर्ष पर खामेनेई के पहुंचने से उन्हें देश के मामलों पर मजबूत पकड़ मिली।

खामेनेई ने लंबे समय तक इस बात से इनकार किया कि ईरान का नाभिकीय कार्यक्रम परमाणु हथियार बनाने के मकसद से था, जैसा कि पश्चिम का कहना था। 2015 में उन्होंने दुनिया की ताकतों और व्यावहारिक राष्ट्रपति हसन रूहानी की सरकार के बीच एक नाभिकीय समझौते का सावधानी से समर्थन किया, जिसने प्रतिबंध में राहत के बदले देश के नाभिकीय कार्यक्रम पर रोक लगा दी। मुश्किल से हुए इस समझौते के नतीजे के तौर पर ईरान का आर्थिक और राजनीतिक अलगाव कुछ हद तक कम हुआ। अमेरिका के लिए खामेनेई की दुश्मनी कम नहीं हुई। 2018 में यह और बढ़ गई जब ट्रंप की पहली सरकार ने नाभिकीय समझौते से नाम वापस ले लिया और ईरान की तेल और शिपिंग उद्योग को रोकने के लिए फिर से प्रतिबंधलगा दिए। आयतुल्लाह ने अपने पूरे राज में वॉशिंगटन की बुराई की, और वह 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत के बाद भी तीखे हमले करते रहे। अमेरिका के नाभिकीयबातचीत से हटने के बाद, खामेनेई ने उन कट्टर समर्थकों का साथ दिया जिन्होंने रूहानी की पश्चिम के प्रति तुष्टीकरण की नीति की बुराई की थी। जब ट्रंप ने ईरान पर 2025 में एक नयेनाभिकीय समझौते के लिए दबाव डाला, तो खामेनेई ने 'अमेरिका के असभ्य और घमंडी नेताओं' की बुराई की। उन्होंने पूछा, 'आप कौन होते हैं यह तय करने वाले कि ईरान को रेडियोधर्मी तत्वों का परिष्करण करना चाहिए या नहीं? ' खामेनेई अक्सर अपने भाषणों में 'महान शैतान' की बुराई करते थे, उन कट्टरपंथियों को भरोसा दिलाते थे जिनके लिए अमेरिका विरोधी भावना 1979 की क्रांति के केंद्र में थी, जिसने ईरान के आखिरी शाह को देश निकाला दे दिया था। अली खामेनेई का जन्म अप्रैल 1939 में नॉर्थ-ईस्ट ईरान के मशहद में हुआ था। 11 साल की उम्र में मौलवी बनने पर उनकी धार्मिक प्रतिबद्धता सा$फ थी। उन्होंने इराक और ईरान की धार्मिक राजधानी $कोम में पढ़ाई की। उनके पिता, जो अजेरी मूल के धार्मिक विद्वान थे, एक पारंपरिक मौलवी थे जो धर्म और राजनीति को मिलाने के खिला$फ थे। इसके उलट, उनके बेटे ने इस्लामी क्रांतिकारी मकसद को अपनाया। 1963 में, खामेनेई ने जेल में कई सजाओं में से पहली सजा काटी, जब 24 साल की उम्र में उन्हें राजनीतिक गतिविधियों के लिए हिरासत में लिया गया था। उनकी आधिकारिक जीवनी के मुताबिक, उसी साल बाद में उन्हें मशहद में 10 दिनों के लिए कैद किया गया, जहां उन्हें बहुत ज्यादा शारीरिक प्रताड ?ा सहनी पड़ी। शाह के गिरने के बाद, खामेनेई ने इस्लामिक रिपब्लिक में कई पद संभाले। उप रक्षा मंत्री के तौर पर, वह मिलिटरी के करीब हो गए और पड़ोसी देश इराक के साथ 1980-88 के युद्ध में एक अहम किरदार थे, जिसमें अंदाज? कुल दस लाख लोगों की जानें गई थीं। एक अच्छे वक्ता होने के नाते, उन्हें खोमैनी ने तेहरान में शुक्रवार की नमाज के लीडर के तौर पर नियुक्त किया था। उनकी इतनी तेजी से, पहले कभी नहीं हुई तरक्की पर सवाल थे। उन्होंने खोमैनी के समर्थन से राष्ट्रपति का पद जीता - इस पोस्ट पर पहले मौलवी - और खोमैनी के वारिस के तौर पर उनका चुना जाना एक आश्चर्यजनक पसंद थी, यह देखते हुए कि उनमें खोमैनी जैसी लोकप्रिय प्रभावशालिताऔर बेहतर मौलवी काबिलियत, दोनों की कमी थी। ताकतवर गाड्र्स के साथ उनके रिश्ते 2009 में काम आए। उस साल, राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद के दोबारा चुनाव जीतने के बाद, जब विपक्ष ने वोट में धोखाधड़ी के आरोप लगाए, तो सशस्त्र बलों ने विरोध प्रदर्शनों को कुचल दिया।

उन्होंने सेताद के जरिए एक बड़े आर्थिक जागीर को भी चलाया, जो एक ऐसा संगठन था जिसे खोमैनी ने शुरू किया था, लेकिन के खामेनेई के राज में यह बहुत बढ़ गया था, और जिनके पास अरबों डॉलर की संपत्ति थी।

# नारी शक्ति का नया युग और वास्तविक चुनौतियां

**ललित गर्ग**

मानव सभ्यता के विकास की कथा में यदि किसी शक्ति ने सबसे अधिक सृजन किया है, तो वह नारी शक्ति है। वह जीवन की जननी है, संस्कृति की वाहक है और समाज की संवेदनशील आत्मा है। भारतीय परंपरा ने नारी को केवल एक सामाजिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे ह्यमाताह्ल के रूप में सर्वोच्च आदर दिया। ह्यमातृदेवो भवःह्ल की वाणी से लेकर ह्यजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीह्ल की घोषणा तक हमारी संस्कृति में नारी के प्रति श्रद्धा का अद्वितीय भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि भारत में धरती, गौ और मातृभूमि तक को ह्यमाताह्ल कहकर संबोधित किया गया। किन्तु विडम्बना यह है कि जिस समाज ने नारी को देवी का दर्जा दिया, उसी समाज में आज भी नारी असुरक्षा, भेदभाव और हिंसा का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 हमें केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह अवसर देता है कि हम नारी की वास्तविक स्थिति का गंभीर आत्ममंथन करें। विश्व स्तर पर किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि नारी की स्थिति में प्रगति अवश्य हुई है, किन्तु समानता, सुरक्षा एवं स्वतंत्रता की यात्रा अभी लंबी है। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार विश्व में लैंगिक समानता का लगभग 68.8 प्रतिशत अंतर ही समाप्त हो पाया है, अर्थात अभी भी लगभग एक तिहाई अंतर शेष है। आर्थिक भागीदारी के क्षेत्र में यह अंतर सबसे अधिक है, जहाँ समानता केवल लगभग 61 प्रतिशत तक ही पहुँची है।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम कि स्थिति बताती है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो महिलाएँ लगभग बराबरी के स्तर तक पहुँच गई हैं, परंतु आर्थिक अवसरों और राजनीतिक नेतृत्व में अभी भी उनकी भागीदारी सीमित है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ कुल कार्यबल का लगभग 42 प्रतिशत ही हैं और शीर्ष प्रबंधकीय पदों पर उनकी हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई के आसपास है। भारत में भी स्थिति मिश्रित है। एक ओर भारतीय महिलाएँ अंतरिक्ष, विज्ञान, सेना, राजनीति और प्रशासन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर श्रम बाजार में उनकी भागीदारी अभी भी कम है। हाल के आँकड़ों के अनुसार भारत में महिला श्रम भागीदारी दर लगभग 32 प्रतिशत है और बड़ी संख्या में महिलाएँ घरेलू दायित्वों के कारण रोजगार से बाहर रहती हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड के यह आँकड़े केवल संख्या नहीं हैं, यह समाज की संरचना, सोच और अवसरों की असमानता को उजागर करते हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में महिलाएँ राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, सैन्य अधिकारी और उद्योगपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। भारत में भी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वैज्ञानिक और फाइटर पायलट के रूप में महिलाओं की उपस्थिति इस परिवर्तन का प्रमाण बनी है और बन रही है। किंतु इसके साथ यह भी सत्य है कि दुनिया में अभी भी केवल सीमित देशों में ही महिलाएँ सर्वोच्च राजनीतिक पदों पर हैं और समान वेतन का प्रश्न अभी भी अधूरा है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार महिलाओं को समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में औसतन कम वेतन मिलता है। एक और चिंताजनक तथ्य यह है कि संघर्ष, युद्ध और संकट की स्थितियों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। हाल के वैश्विक अध्ययनों के अनुसार 2024 में लगभग 67 करोड़ महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही थीं जो किसी न किसी प्रकार के हिंसक संघर्ष से प्रभावित थे।

नये युग की समस्याएं जैसे जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद, गरीबी और डिजिटल असमानता भी महिलाओं के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी कर रही हैं। यदि इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दशकों में करोड़ों महिलाएँ और लड़कियाँ अत्यधिक गरीबी की ओर धकेली जा सकती हैं। इतिहास के पन्ने यह भी बताते हैं कि जब-जब समाज संकट में पड़ा, तब-तब नारी शक्ति ने असाधारण साहस का परिचय दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी चेनम्मा, बेगम हजरत महल, रानी अवन्तीबाई, सरोजिनी नायडू और दुर्गा भाभी जैसी वीरांगनाओं ने यह सिद्ध किया कि नारी केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि संघर्ष और साहस की भी प्रतीक है। लेकिन इतिहास के इन गौरवपूर्ण अध्यायों के बावजूद सामाजिक वास्तविकता कई बार पीड़ादायक दिखाई देती है। दहेज, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, मानव तस्करी और यौन अपराध आज भी दुनिया के अनेक समाजों में मौजूद हैं। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का प्रश्न है। दरअसल नारी समस्या का मूल कारण केवल बाहरी संरचनाएँ नहीं हैं, बल्कि वह सोच है जिसने सदियों तक नारी को ह्यकमजोरह्ल मानकर उसकी क्षमता को सीमित करने का प्रयास किया।

जब समाज नारी को केवल भूमिका से जोड़ता है, व्यक्ति के रूप में नहीं देखता, तभी असमानता जन्म लेती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का वैश्विक संदेश भी इसी दिशा में संकेत करता है- ह्यह्यसभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और वास्तविक कार्रवाईह्लह्ल यह संदेश हमें याद दिलाता है कि आज भी दुनिया में महिलाओं को पुरुषों के समान कानूनी अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हैं और औसतन उन्हें पुरुषों के मुकाबले लगभग 64 प्रतिशत ही कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ कि यह स्थिति हमें सोचने के लिए बाध्य करती है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कानूनों को सामाजिक चेतना में बदलना भी आवश्यक है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल अधिकार देना नहीं है, बल्कि अवसर, सम्मान और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, आर्थिक स्वावलंबन और राजनीतिक भागीदारी, ये पाँच स्तंभ नारी सशक्तिकरण की वास्तविक नींव हैं। परंतु इस परिवर्तन की शुरूआत घर से ही होगी। यदि परिवार में बेटी और बेटे को समान अवसर मिलते हैं, यदि शिक्षा में भेदभाव समाप्त होता है, यदि विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाज स्वयं अस्वीकार करता है, तभी नारी की वास्तविक मुक्ति संभव है।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं।

# तिब्बत, शरणार्थी का दर्द

**संजय गोस्वामी**

तिब्बत हमेशा अपनी आजादी के लिए लगभग 70सालों से चीन के चंगुल से अपने आप को छुड़ाने की गुहार विश्व पटल पर लगा रहा हैदुनिया में आज कोई ऐसा देश खोजना मुश्किल है, जिस पर इतिहास के किसी दौर में किसी विदेशी ताकत का प्रभाव या अधिपत्य न रहा हो। तिब्बत के मामले में विदेशी प्रभाव या दखलंदाजी तुलनात्मक रूप से बहुत ही सीमित समय के लिए रही थी इस शोध पत्र में उनके स्वायित्व व चीन के अमानवीय व्यवहार जो भगवान बुद्ध के शांति के मार्ग पर चलने के लिए तिब्बत शरणार्थी शिविरों जो भारत में अपने देश की आजादी के लिए संघर्षरत है उस पर विश्व पटल पर मानवाधिकार हनन के लिए बहुत ही मुश्किल लेकिन उनकी आजादी की मांग करें क्योंकि इससे मानवता की रक्षा होती है। हिमालय के उत्तर में स्थित तिब्बत 12 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ और अशांति से भरा एक कटा हुआ इलाका है। इसका इतिहास कई तरह के झटकों और परेशानियों से भरा हुआ है। 1013 ई0 में नेपाल से धर्मपाल तथा अन्य बौद्ध विद्वान्‌ तिब्बत गए। 1042 ई0 में दीपंकर श्रीज्ञान अतिशा तिब्बत पहुँचे और बौद्ध धर्म का प्रचार किया। शाक्यवंशियों का शासनकाल 1207 ई0 में प्रांरभ हुआ। मंगोलों का अंत 1720 ई0 में चीन के माँछु प्रशासन द्वारा हुआ। तत्कालीन साम्राज्यवादी अंग्रेंजों ने, जो दक्षिण पूर्व एशिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करने में सफलता प्राप्त करते जा रहे थे, यहाँ भी अपनी सत्ता स्थापित करनी चाही, पर 1788-1792 ई0 के गुरखों के युद्ध के कारण उनके पैर यहाँ नहीं जम सके। परिणाम स्वरूप 19 वीं शताब्दी तक तिब्बत ने अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थिर रखी यद्यपि इसी बीच लद्दाख पर कश्मीर के शासक ने तथा सिक्किम पर अंग्रेंजों ने आधिपत्य जमा लिया। अंग्रेंजों ने अपनी व्यापारिक चौकियों की स्थापना के लिये कई असफल प्रयत्न किया। इतिहास के मुताबिक तिब्बत को दक्षिण में नेपाल से भी कई बार युद्ध करना पड़ा और नेपाल ने इसको हराया। नेपाल और तिब्बत की सन्धि के मुताबिक तिब्बत को हर साल नेपाल को ५००० नेपाली रुपये हरजाना भरना पड़ा। इससे आजित होकर नेपाल से युद्ध करने के लिये चीन से मदद माँगी चीन के मदद से उसने नेपाल से छुटकारा तो पा लिया लेकिन इसके बाद 1906-07 ई0 में तिब्बत पर चीन ने अपना अधिकार कर लिया और याटुंग ग्याड्से एवं गरटोक में अपनी चौकियाँ स्थापित की। 1912 ई0 में चीन से मांछु शासन अंत होने के साथ तिब्बत ने अपने को पुनः स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। सन्‌ 1913-14 में चीन, भारत एवं तिब्बत के प्रतिनिधियों की बैठक शिमला में हुई जिसमें इस विशाल पठारी राज्य को भी भागों में विभाजित कर दिया गयाः 23 मई, 1951 को तिब्बत ने चीन के इस विवादित समझौते पर साइन किए थे। 13वीं शातब्दी में तिब्बत, मंगोल साम्राज्य का हिस्सा था और जीत के बाद से इसे हमेशा स्वायत्तता हासिल रही। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा। आखिरकार तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन मुख्यतः बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के तिब्बत सुदूर इलाके को संसार की छत के नाम से भी जाना जाता है। चीन में तिब्बत का दर्जा एक स्वायत्तशासी क्षेत्र के तौर पर है।चीन का कहना है कि इस इलाके पर सदियों से उसकी संप्रभुता रही है जबकि बहुत से तिब्बती लोग अपनी वफादारी अपने निर्वासित आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के प्रति रखते हैं।दलाई लामा को उनके अनुयायी एक जीवित ईश्वर के तौर पर देखते हैं तो चीन उन्हें एक अलगाववादी खतरा मानता है।तिब्बत का इतिहास बेहद उथल-पुथल भरा रहा है। कभी वो एक खुदमुख़्तार इलाके के तौर पर रहा तो कभी मंगोलिया और चीन के ताकतवर राजवंशों ने उस पर हुकूमत की। लेकिन साल 1950 में चीन ने इस इलाके पर अपना झंडा लहराने के लिए हजारों की संख्या में सैनिक भेज दिए। तिब्बत के कुछ इलाकों को स्वायत्तशासी क्षेत्र में बदल दिया गया और बाकी इलाकों को इससे लगने वाले चीनी प्रांतों में मिला दिया गया।लेकिन साल 1959 में चीन के खिलाफ हुए एक नाकाम विद्रोह के बाद 14वें दलाई लामा को तिब्बत छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी जहां उन्होंने निर्वासित सरकार का गठन किया। साठ और सत्तर के दशक में चीन की सांस्कृतिक क्रांति के दौरान तिब्बत के ज्यादातर बौद्ध विहारों को नष्ट कर दिया गया। माना जाता है कि दमन और सैनिक शासन के दौरान हजारों तिब्बतियों की जाने गई थीं।चीन और तिब्बत के बीच विवाद, तिब्बत की कानूनी स्थिति को लेकर है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी के मध्य से चीन का हिस्सा रहा है लेकिन तिब्बतियों का कहना है कि तिब्बत कई शताब्दियों तक एक स्वतन्त्र राज्य था और चीन का उसपर निरंतर अधिकार नहीं रहा।

# किस दबाव में झुके नीतीश : भाजपा खुश, विपक्ष हैरान

**राधा रमण**

समाज को चौंकाते रहना समाजवादियों का शगल रहा है। नीतीश कुमार भी समाजवादी विचारधारा से ही आते हैं। ऐसा भी नहीं है कि नीतीश कुमार ने होली के दूसरे दिन बिहार और देश के लोगों को पहली बार चौंकाया है। वह पहले भी चौंकाते रहे हैं। कभी अपने धुर विरोधी लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन से हाथ मिलाकर सत्ता सुख भोगने के लिए, तो कभी भाजपा और एनडीए के साथ गठबंधन करके। अपने इसी हुनर के कारण नीतीश करीब साढ़े 19 वर्षों से बिहार की सत्ता पर काबिज हैं। इसीलिए विरोधी उन्हें कुर्सी कुमार भी कहते रहे हैं। लेकिन, इन सब के बीच यह कहना गलत नहीं होगा कि नीतीश कुमार की स्वीकार्यता पक्ष-विपक्ष दोनों में तीन दशक से बनी हुई है। सही मायनों में नीतीश पिछले दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे हैं।

फिलहाल, बिहार में सबकुछ ठीक चल रहा था। 2025 में हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए को उम्मीद से अधिक वोट और सीटें मिली थीं। कुल 243 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए को 202 सीटें मिली थीं। नीतीश कुमार 10 वीं बार 20 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लिये थे। बिहार के लिए यह नया उदाहरण है। लेकिन अचानक होली के दूसरे दिन नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर पक्ष-विपक्ष समेत बिहार के आम अवाम को चौंका दिया। अपने ट्वीट संदेश में नीतीश ने लिखा कि ह्यदो दशक से अधिक समय से आपने मेरे साथ लगातार विश्वास और समर्थन बनाये रखा। इसकी ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही इच्छा थी कि बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के दोनों सदनों का भी सदस्य बनूं। इसी क्रम में राज्यसभा सदस्य बनना चाह रहा हूं। बिहार की नई सरकार को मेरा पूरा समर्थन रहेगा।ह्ल और फिर तीन घंटे के भीतर उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल कर दिया।

नीतीश कुमार के इस फैसले से जनता दल (यूनाईटेड) के कार्यकर्ताओं में गुस्से की लहर दौड़ गई। राज्यभर में विरोध-प्रदर्शन होने लगे। कार्यकर्ता इसे भाजपा की चाल में नीतीश को फंसाने, पार्टी के ही कुछ बड़े नेताओं पर भाजपा के लिए काम करने और जनमत का अपमान बताने लगे। उन्होंने पटना स्थित पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ भी की और नीतीश से अपना फैसला वापस लेने की मांग करने लगे। उनका कहना था कि मतदाताओं ने नीतीश के नाम पर वोट किया था। यह फैसला मतदाताओं की अनदेखी है। नाराज जदयू कार्यकताओं ने जदयू दफ्तर में लगे प्रधानमंत्री के पोस्टर पर कालिख पोत दी। नाराजगी सिर्फ कार्यकताओं में ही नहीं है। जदयू के श्याम रजक, विनय चौधरी समेत कई विधायक नीतीश के इस फैसले से इत्तेफाक नहीं रखते। विधायक अनिल चौधरी तो खुलकर कहते हैं कि साढ़े तीन महीने में आखिर ऐसा क्या हो गया कि मुख्यमंत्री को ऐसा निर्णय लेना पड़ा। जदयू एमएलसी नीरज कुमार कहते हैं कि जदयू के कार्यकताओं को दुख है। जिन लोगों ने हमें वोट नहीं दिया वे भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अब सीएम ने बिहार छोड़कर दिल्ली जाने का फैसला किया है। लेकिन पार्टी ने जिनको जिम्मेदारी दी है, उनके सामने यह सवाल है कि अब राजनीतिक विरासत कौन संभालेगा ? नीतीश कुमार को अगर किसी समस्या के बारे में पता चलता था तो वो तुरंत एक्शन लेते थे। अब यह कौन करेगा ?

उधर, नीतीश की इस चाल से विपक्ष की बोलती बंद हो गई। उनकी रही-सही उम्मीदों पर ओले गिर गए। विपक्ष के नेता भले ही नीतीश कुमार को कुछ वर्षों से ह्यपलटूरामह्ल कहा करते थे लेकिन उनके मन में हमेशा यह बात रहती थी कि नीतीश कभी न कभी भाजपा के दबाव से ऊबकर उनके साथ आ सकते हैं। लेकिन इस बार नीतीश ने कोई मौका नहीं दिया। दूसरे शब्दों में कहें तो पिछले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने महागठबंधन को इतनी सीटें नहीं दी जिससे नीतीश उनके साथ कोई जोड़तोड़ कर पाते। महागठबंधन के सबसे बड़े दल राष्ट्रीय जनता दल को महज 25 सीटें मिली हैं। मुश्किल से तेजस्वी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिला है। कांग्रेस और कमजोर हुई है।

हां, नीतीश के इस कदम से भाजपा की बाछें खिल गयी है। बिहार में पहली बार उसे सरकार बनाने का मौका मिल रहा है। पिछले 21 वर्षों से भाजपा नीतीश की पिछलग्गू बनी हुई थी। नीतीश महागठबंधन के पाले में जाते थे तो उसे विपक्ष में बैठना पड़ता था। बीच के वर्षों में दो बार ऐसा हो चुका है। अब पहली बार उसे खुलकर खेलने का मौका मिलेगा। इसके अलावा नीतीश के शासनकाल की चुनावी घोषणाओं को पूरा करने की उसकी जवाबदेही भी नहीं रहेगी। साढ़े चार साल तक उसका निष्कंटक राज चलेगा। गठबंधन में शामिल जदयू के नेता समय के साथ या तो भाजपा में चले जाएंगे अथवा खंड-खंड हो जाएंगे। भाजपा का यही इतिहास रहा है। यकीन न हो तो इंडियन नेशनल लोकदल, अकाली दल, शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस आदि का इतिहास देख लें। पता चल जाएगा।

जानकार दावा तो यह भी करते हैं कि भाजपा अपनी मुहिम में काफी पहले से लगी थी। 2020 के विधानसभा चुनाव में लोगों ने बखूबी देखा कि किसके इशारे पर चिराग की लोजपा ने भाजपा के टिकट से वंचित नेताओं को अपने बैनर तले जदयू उम्मीदवारों के खिलाफ मैदान में उतार दिया था। नतीजतन, जदयू 43 सीटों पर सिमट गयी थी। 2025 चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे में भाजपा ने जदयू की सीटिंग सीटें भी लोजपा को दे दी थी। जदयू की ओर से सीटों की बातचीत कर रहे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह मान भी गए थे। लेकिन समय रहते नीतीश सचेत हो गए और उन्होंने करीब आधा दर्जन सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए थे। वे जीतकर आ भी गए।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षो से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# उत्सव से उत्साह की ओर ले जाने का कार्य करते हैं भारतीय त्योहार : प्रांत प्रचारक

**मऊ, एजेंसी।** मऊ में शीतला माता मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार परिवार द्वारा फाल्गुनोत्सव एवं होली उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग सपरिवार शामिल हुए और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के प्रचारक रमेश ने कहा कि भारतीय त्योहार उत्सव से उत्साह की ओर ले जाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी उत्सव तब तक पूर्ण नहीं होता जब तक उसमें उत्साह और आत्मीयता न हो। होली का पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो कुटुंब व्यवस्था और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि इतिहास में अनेक आक्रमणकारियों ने भारत की संपदा और मंदिरों को लूटा,



लेकिन हमारी हजारों वर्षों पुरानी पारिवारिक व्यवस्था और परंपराओं को नहीं तोड़ पाए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि होली का पर्व समरसता और भाईचारे का संदेश देता है। विभिन्न रंगों का एक साथ मिलना भारत की अनेकता में एकता की भावना को मजबूत करता है। कार्यक्रम में प्रख्यात भोजपुरी कलाकार एवं अभिनेता आर्यन बाबू ने होली खेले रघुवीरा और मसाने की होली जैसे फाग और भोजपुरी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उनके गीतों पर जनसामान्य से लेकर गणमान्य लोग भी झूम उठे और पूरा परिसर फागुन के रंग में रंगा नजर आया। जनपद के विभिन्न नगरों से लगभग ढाई हजार से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होलिकोत्सव की बधाई दी। इस मौके पर विभाग प्रचारक अंबेश, जिला प्रचारक आर्यम, नगर प्रचारक रितेश, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, उमेश पाण्डेय, देवेंद्र सिंह, अभिषेक खंडेलवाल, शक्ति सिंह, सुनील यादव, सह प्रांत कारवाह रामविलास, विभाग संघ चालक राम प्रताप, विभाग कारवाह विनोद, जिला संघ चालक कैलाश, जिला कारवाह भूवेश, वीरेंद्र, नगर कार्यवाह अंबरीश, जिला प्रचार प्रमुख प्रिंस, संतोष सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कोटपूतली के बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय में हड्डी रोग के ऑपरेशन शुरू, मरीजों को मिलेगी नि:शुल्क सुविधा

प्रमोद कुमार बंसल

**राजस्थानः** कस्बे के राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय के अस्थि विभाग (ड१३ँद्ध्स्त्रीू ऊैस्त्र१३ैंल्ल३) में मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। विभाग में आवश्यक अत्याधुनिक मशीनों की उपलब्धता के बाद अब उनका सफल इंस्टालेशन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। चिकित्सालय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार से अस्पताल में हड्डी रोग से संबंधित विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन विधिवत रूप से शुरू कर दिए गए हैं। आधुनिक मशीनों के लग जाने से अब जटिल ऑपरेशनों के लिए मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हड्डी रोग से संबंधित ये सभी ऑपरेशन और अन्य सुविधाएं मरीजों को पूरी तरह से निःशुल्क (ऋ्रँी द्ध्रा उद्ध२३) उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्र के गरीब और मध्यम




वर्ग के मरीजों को बेहतर इलाज का लाभ मिल सकेगा। पीएमओ डॉ. पुष्कर राज गुर्जर ने बताया कि अस्पताल में आधुनिक मशीनें उपलब्ध होने के बाद अब अस्थि रोग विभाग में विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन का प्रयास है कि क्षेत्र के मरीजों को जिला स्तर पर ही बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे उन्हें बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता न पड़े।

# लापता 3 साल की बालिका सकुशल बरामद, बाजार में लावारिस मिलने पर दंपति अपने साथ ले गया था

रियाज मोहम्मद खान

**मध्य प्रदेशः** रियाज मोहम्मद खान मध्य प्रदेश थांदला कल दिनांक 7.3.26 को एक बालिका अरुति पिता राजेश भाबोर उम्र 3:30 साल के लगभग निवासी ग्राम ग्वालरुडी की गांधी चौक से करीबन 4 से 4:15 के बीच गायब हुई थी । जिसकी काफी खोजबीन की गई घटनास्थल से लगा करके बेड़ा बाबा बस स्टैंड तक के कैमरे करीब 100 की संख्या में सर्च किए गए सोशल मीडिया ग्रुप में फोटोस के साथ में बालिका की जानकारी को प्रचारित किया गया इस पूरी कार्रवाई में थांदला कस्बे के व्यापारी गण नेता गण पत्रकार गण



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद ली गई ।

इसके फल स्वरुप आज सुबह बालिका की जानकारी प्राप्त हुई पता चला कि यह बालिका पड़ाधमंजर गांव में है पूछताछ में पता चला कि बालिका को सजेली निवासी दंपति बाजार मे लावारिस मिलने पर अपने साथ लेकर गया था। बालिका को सकुशल बरामद कर लिया गया है किसी भी प्रकार का आकृति कृत्य सामने नहीं आया।

# गृह राज्यमंत्री बेढ़म व यूडीएचमंत्री खर्रा ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी को दी श्रद्धांजलि

प्रमोद कुमार बंसल

**राजस्थानः** गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग जवाहर सिंह बेढ़म एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ग्राम काठूवास पहुंचकर राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

उन्होंने स्व. श्रीमती चलती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा जूली सहित शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस दौरान एआईसीसी महासचिव देवेन्द्र यादव, पूर्व विधायक दानिष अबराल, झूंझूंनू सांसद बृजेन्द्र ओला, आदर्ष नगर विधायक रफीक खान,



एनएसयुआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़,

पूर्व मंत्री सुभाष गर्ग, दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, महुआ विधायक राजेन्द्र मीणा, पूर्व विधायक संदीप यादव व जी आर खटाना, पूर्व मंत्री रामलाल जाट, पूर्व मंत्री ममता भूपेष, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, बामनवास विधायक इन्द्रा मीणा, आमेर विधायक प्रषांत सहदेव शर्मा, पीसीसी सहप्रभारी प्रदीप नरवाल, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व मंत्री रघु शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, विधायक रीटा चौधरी, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहुजा, दौसा विधायक डी सी बैरवा, भाजपा नेता मुकेष गोयल समेत अन्य ने भी नेता प्रतिपक्ष जूली की माताजी स्व. श्रीमती चलती देवी को श्रद्धांजलि दी।

# बीडीओ की गाड़ियों में आग लगाने की घटना का खुलासा, रसोइया की बेटी के प्रेमी ने की वारदात

पवन तिवारी

**उत्तर प्रदेशः** बीते दिन कुशीनगर के रामपुर खुर्द गांव में किराये के मकान में रह रहे नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के बीडीओ रामखेलावन राम के दो चार पहिया वाहनों को फूंकने की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है, मिली जानकारी के मुताबिक, बीडीओ की रसोइया की बेटी के प्रेमी ने रची थी। पुलिस के मुताबिक गांव की रसोइया के बाहर चले जाने पर उसकी बेटी बीडीओ के यहां काम करने जाती थी। युवती का गांव के ही धर्मेंद्र यादव से प्रेम संबंध था।

धर्मेंद्र लगातार युवती पर बीडीओ के घर काम छोड़ने का



दबाव बना रहा था। लेकिन न तो युवती उसकी बात मान रही थी और न ही उसकी मां। इससे बौखलाए युवक ने खतरनाक रास्ता चुन लिया.... वारदात वाले दिन धर्मेंद्र यादव गोरखपुर से घर लौटा। परिजनों से शादी समारोह में जाने की बात कहकर शाम को निकला और सरेह में छिप गया। देर रात वह बोतल में पेट्रोल लेकर बीडीओ के आवास के बाहर पहुंचा और उनकी निजी कार के साथ सरकारी वाहन को आग के हवाले कर दिया,आधी रात लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया।

# महिला दिवस पर नीरजा राय को 'सशक्त नारी सम्मान' से किया गया सम्मानित

संदीप कुमार बरनवाल

**झारखण्डः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को धनबाद में स्वयंसेवी संस्था फिट ओ लाइफ एवं सिटी लाइव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब बाघमारा की सचिव सह संस्कार ज्ञानपीठ, हरिणा की निदेशक (प्रबंधन) नीरजा राय को ह्लसशक्त नारी सम्मानह्व से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान धनबाद जिला आईएमएफ के अध्यक्ष डॉ. ए.के. सिंह एवं धनबाद जिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीमती राय ने कहा कि महिलाओं




को समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में क्षेत्र की कई महिला चिकित्सकों, अधिवक्ताओं तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं का सम्मान करना समाज के लिए प्रेरणादायी है। श्रीमती नीरजा राय के शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया।

# बहुजन समाज पार्टी में गुटबाजी, कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल के खिलाफ खोला मोर्चा

फूलचंद मालवीय

**मध्य प्रदेशः** बहुजन समाज पार्टी के भीतर गुटबाजी अब चरम पर पहुँच गई है। पार्टी के जमीनी कार्यकताओं ने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पिप्पल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कार्यकताओं का स्पष्ट आरोप है कि संगठन में अनुशासन खत्म हो चुका है और पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी अलग सेना बना ली है। सोशल मीडिया पर एक गुट किसी को हटाने के लिए शोर मचाता है तो दूसरा गुट उसे बनाए रखने के लिए चिल्लाता रहता है। ऐसी कांग्रेसी संस्कृति मिशन और मूवमेंट के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो रही है।



कार्यकताओं की पुरजोर मांग है कि रमाकांत पिप्पल को तत्काल प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाया जाए और एक-दूसरे की टांग खींचने वाले चाटुकार लोगों को चिन्हित कर बाहर का रास्ता दिखाया जाए। संगठन में पद कोई मायने नहीं रखता बल्कि काम करने वाले की पहचान होनी चाहिए जो भी जिम्मेदारी मिले वह सबकी होनी चाहिए। इस संकट के समय में पुराने और निष्ठावान कार्यकताओं ने माननीय रमेश डाबर जी के नाम का समर्थन किया है। रमेश डाबर जी पूर्व में प्रदेश प्रभारी रह चुके हैं और जमीन से जुड़े हुए संघर्षशील कार्यकर्ता हैं। पुराने लोग आज भी उनका मार्गदर्शन लेते रहते हैं। कार्यकताओं का मानना है कि यदि माननीय रमेश डाबर जी मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बनते हैं, तो प्रदेश के अंदर एक नई क्रांति का आगाज होगा शीर्ष नेतृत्व से यही उम्मीद है कि कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए जल्द निर्णय लिया जाए।

# मांधाता कोतवाली में उड़ा अबीर-गुलाल, पुलिसकर्मियों ने मनाया होली का जश्न

प्रशांत

**उत्तर प्रदेशः** कोतवाली मांधाता पर कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, और जवानों ने जमकर मनाया होली का त्यौहार। क्षेत्र में शांतिपूर्वक होली का त्योहार संपन्न कराकर प्रभारी कोतवाल संघ पुलिस जवानों ने खूब मनाया होली का जश्न ।इस दौरान सब इंस्पेक्टर, तथा कांस्टेबल,



होमगार्ड, चौकीदार समस्त कोतवाली स्टाफ होली रंग में रंगारंग नजर आए। सभी ने एक दूसरे को जमकर रंग गुलाल लगाते हुए होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# मछली पकड़ने गया अधेड़ पोखरे में डूबा, शव

**मीरजापुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र स्थित राजगढ़ गांव में मछली पकड़ने गए एक अधेड़ की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजगढ़ गांव निवासी 57 वर्षीय सोमारू बिंद गुरुवार शाम करीब चार बजे घर से मछली पकड़ने के लिए निकले थे। गांव के बाहर मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए पोखरे पर मछली पकड़ते समय उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। पानी अधिक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सके और डूबने से उनकी मौत हो गई। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह कुछ बच्चे शौच के लिए पोखरे की ओर गए तो भीटे पर चप्पल और गमछा पड़ा देखा।

# सुलतानपुर में बस परिचालक से 18 हजार की छिनैती

**सुलतानपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर के कोतवाली नगर में बस स्टेशन पर शुक्रवार भोर में एक बस परिचालक से बदमाशों ने रुपये से भरा बैग, मोबाईल आदि छीन लिया। कानपुर से सुलतानपुर शुक्रवार की भोर मे पहुंची बस संख्या यूपी 78 केटी 2018 के परिचालक विनोद दुबे के साथ यह घटना सुबह लगभग छह बजे हुई। विनोद दुबे ने बताया कि जगदीशपुर से दो यात्री उनकी बस में बैठे थे। इन यात्रियों ने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा था कि वे बस अड्डे पर बिरयानी की दुकान से पैसे लेकर उन्हें दे देंगे। सुलतानपुर बस अड्डे से लगभग 100 मीटर आगे गोपालदास पुल के निकट बिरयानी की दुकान पर पहुंचने के बाद, बदमाशों ने परिचालक को एकांत में पाकर उनसे रुपयों से भरा बैग छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने विनोद दुबे के साथ मारपीट की, उनके कपड़े फाड़ दिए और उनका मोबाइल भी छीन लिया। लूटे गए बैग में लगभग 18 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन, टिकट मार्ग और ईटीएम मशीन मौजूद थी। घटना के बाद, विनोद दुबे ने पैदल भागकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बाद में उनका मोबाइल फोन बरामद कर लिया। परिचालक विनोद दुबे ने कोतवाली नगर में घटना की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। इस संबंध में नगर कोतवाल संदीप राय ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और जांच के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### अतिक्रमण हटाओ अभियान किया गया शुरू, किया जा रहा भेदभाव

**राहुल चौरसिया/मध्य प्रदेशः** नगर इंदरगढ़ में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के



अनुसार बताया गया कि अतिक्रमण हटाने में भी भेदभाव किया जा रहा है। आखिर क्या वजह है कि समान रूप से करवाई एकरूपता से नहीं हो पा रही है आखिर क्यों प्रशासन ढीला पड़ रहा है।

### पिंक रोजगार मेले में 28 छात्राओं को मिली नौकरी, 6 कंपनियों ने लिया भाग



**राकेश कुमार चौहान/उत्तर प्रदेशः** गोण्डा के श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष सुश्री वर्षा सिंह ने किया।मेले में कुल 6 कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें 298 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इनमें से 148 छात्राओं को शॉर्ट लिस्ट किया गया और 28 को मौके पर नियुक्ति पत्र दिए गए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, कॉलेज प्राचार्य वीपी सिंह, सहायक निदेशक सेवायोजन राजीव सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ मनोज मिश्रा, जिला सेवायोजन अधिकारी गुलाब मौर्य सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दो IPS अफसरों की शादी, 29 मार्च को बाड़मेर में बंधेंगे कृष्ण बिश्नोई और अंशिका वर्मा




**छात्र पाल/उत्तर प्रदेशः** उत्तर प्रदेश पुलिस महकमे से एक सुखद और चर्चित खबर सामने आई है। यूपी कैडर के दो युवा और तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण बिश्नोई और बरेली के एसपी साउथ अंशिका वर्मा की शादी 29 मार्च को राजस्थान के बाड़मेर में संपन्न होगी। इस खबर के सामने आते ही पुलिस विभाग और उनके परिचितों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक आईपीएस अधिकारी कृष्ण बिश्नोई मूल रूप से राजस्थान के बाड़मेर जिले के रहने वाले हैं, जबकि अंशिका वर्मा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की निवासी हैं। दोनों अधिकारी वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अहम जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और अपने कामकाज की शैली के कारण अक्सर चर्चा में रहते हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ है। शादी समारोह को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### सरस्वती '1008' महाराज ने समस्त सनातनधर्मियों से किया आह्वान



**पवन तिवारी/उत्तर प्रदेशः** जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज ने सनातनधर्मियों से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने व गोकशी बंद कराने हेतु शुरू किए गए गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। जिसके अंतर्गत सभी सनातनधर्मी दस मार्च को दस बजे दस मिनट हेतु अपने घरों, प्रतिष्ठानों से बाहर सड़क, गली में निकल कर गौ माता का जयकारा लगा कर 10 मिनट हेतु भारत को अद्भुत तरीके से बन्द कर अपनी भावनाओं से भारत सरकार को अवगत करावें की अब हमलोग किसी भी हालत में गोविंद की इस भारत भूमि पर गौमाता का रक्त नही गिरने देंगे। पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने कहा है कि, यह भारत बंद स्वेक्षा से 10 मिनट हेतु भारतवासी करें।

### लापता अधेड़ का शव नाले में मिला

**कानपुर, एजेंसी।** पनकी थाना क्षेत्र में नाले में गिरने से लापता एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में संतुलन बिगड़ने से वह नाले में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

# केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग... उड़ान भरते ही अचानक धुआं निकला

## –पायलट से सूझ–बूझ दिखाकर अमौसी एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। वे शनिवार सुबह राजधानी लखनऊ से कौशांबी जा रहे थे और सुबह ला मार्टिनियर स्कूल के ग्राउंड से उड़ान भरी। उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर से अचानक धुआं निकलने लगा और 2000 फीट की ऊंचाई पर डिस्प्ले बोर्ड बंद हो गया। इसके बाद पायलट ने तकनीकी खराबी को समझते हुए तुरंत लखनऊ एटीसी से संपर्क कर अमौसी एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग की इजाजत मांगी।

पायलट ने हेलीकॉप्टर को एयरपोर्ट की ओर मोड़ते ही धुआं बढ़ गया और केबिन में फैल गया। सुरक्षा टीमों के पुख्ता इंतजाम के बीच हेलीकॉप्टर को सुरक्षित रूप से अमौसी एयरपोर्ट पर उतारा गया। उपमुख्यमंत्री मौर्य तुरंत बाहर निकले आए और अब वे दूसरे हेलीकॉप्टर से कौशांबी के लिए रवाना होने वाले है। वहां उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य केशव बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान, सयारा में दो दिवसीय सरस महोत्सव का उद्घाटन करने वाले है।

बात दें कि यह हेलीकॉप्टर यूपी सरकार का है और इसका संचालन नागरिक उड्डयन विभाग के तहत होता है। विभाग के निदेशक ईशान प्रताप सिंह हैं, जो सीएम योगी के विशेष सचिव भी हैं। केशव मौर्य के हेलीकॉप्टर की तकनीकी खराबियों की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 28 फरवरी 2022 को चुनावी सभा के दौरान ईंधन की कमी के कारण कुशीनगर के महावीर इंटर कॉलेज मैदान में, 14 फरवरी 2019 को आजमगढ़ में और 30 मार्च 2018 को रायबरेली के फुरसतगंज में इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। ला मार्टिनियर स्कूल से अमौसी एयरपोर्ट की हवाई दूरी करीब 11-12 किलोमीटर है। हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के 50 किलोमीटर दूर बछरावां तक पहुंचा था, जब तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। पायलट की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के कारण उपमुख्यमंत्री सुरक्षित रहे। इस घटना ने हवाई सुरक्षा और सरकारी उड़ानों की तकनीकी जांच की आवश्यकता को फिर से उजागर किया है।



# मैं उन सभी संतों के साथ हूं जो गो माता, गीता और सनातन की बात करते हैं : धीरेंद्र शास्त्री

## -बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर काशी पहुंचे एक माह तक रहेंगे एकांतवास में

वाराणसी (एजेंसी)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी संतों के साथ हूं जो गो माता, गीता और सनातन की बात करते हैं। शंकराचार्य ने गाय का मुद्दा उठाया है। पूरे देश में गो माता को लेकर अभियान चल रहा है। हम गो सेवक होने के नाते उनका नैतिक रूप से समर्थन करते हैं। लेकिन लखनऊ के लिए हमें आमंत्रण नहीं मिला है। मैं एक महीने के लिए एकांतवास के लिए जा रहा हूं। धीरेंद्र शात्री शुक्रवार को अपनी मां के साथ काशी पहुंचे। उन्होंने बाबा विश्ननाथ के दर्शन किए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम योगी से टकराव के बीच शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद गो, गंगा और सनातन की रक्षा के लिए 11 मार्च को लखनऊ में सभा करेंगे। हालांकि अभी उन्हें सभा की परमिशन नहीं मिली है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी काशी में थे। पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि क्या शंकराचार्य को सभा करने की अनुमति मिलेगी? इस पर केशव ने कहा कि परमिशन देना मेरा काम नहीं है। इसके बाद उन्होंने इस मसले पर चुप्पी साध ली। धीरेंद्र शास्त्री ने प्रशंसकों को सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि काशी आना उनके लिए हमेशा विशेष अनुभव रहता है, क्योंकि यह भगवान शिव की नगरी है और यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा पूरे देश को प्रेरित करती है। उन्होंने इंडियन क्रिकेट टीम के फाइनल में पहुंचने पर पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि इंडियन टीम निश्चित रूप से जीत हासिल करेगी और देश का नाम रोशन करेगी। शास्त्री ने यह भी कहा कि भारत की सनातन की विचारधारा से पूरे विश्व में शांति आ सकती है। सनातन की संस्कृति में वह ताकत है कि वह विश्व में शांति और संतुलन बना सकती है।



# सीकर में सुबह 3.5 तीव्रता का भूकंप, खाटूश्यामजी सहित कई क्षेत्रों में महसूस हुए झटके

सीकर (एजेंसी)। (ईएमएस)। राजस्थान के सीकर जिले में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे कुछ समय के लिए लोगों में दहशत का माहौल बन गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह 6 बजकर 32 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र सीकर जिले में ही बताया गया है। झटके खाटूश्यामजी, रानोली, फतेहपुर और लक्ष्मणगढ़ सहित आसपास के कई गांवों और कस्बों में महसूस किए गए। अचानक आए कंपन के कारण कई घरों में पंखे और बर्तन हिलने लगे, जिससे लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों के अनुसार झटके कुछ सेकंड तक ही महसूस हुए, लेकिन सुबह–सुबह भूकंप आने से लोग काफी घबरा गए और एहतियातन कुछ समय तक घरों के बाहर ही रहे। खाटूश्यामजी क्षेत्र में होटल और धर्मशालाओं में ठहरे श्रद्धालु भी झटके महसूस होने के बाद बाहर निकल आए। हालांकि प्रशासन और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक इस भूकंप से किसी तरह के जान–माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण किसी बड़े नुकसान की आशंका नहीं रही।

# जींद की फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड : 4 महिलाओं की जिंदा जलकर मौत, 20 मजदूर झुलसे

जींद (एजेंसी)। हरियाणा के जींद जिले के सफीदों इलाके में एक रंग–गुलाल बनाने वाली फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। यह हादसा इतना भयानक था कि फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर बाहर से ताला लगा होने के कारण अंदर फंसे मजदूर बाहर नहीं निकल सके। परिणामस्वरूप चार महिला मजदूर जिंदा जलकर मर गईं, जबकि करीब 20 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए है। घटना भाट कॉलोनी स्थित फैक्ट्री में हुई, जहां होली के रंग और गुलाल का उत्पादन होता था। आग लगाने के दौरान फैक्ट्री में करीब 30 मजदूर काम कर रहे थे। आग लगने की सूचना पाते ही लोग और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। बाहर से ताला लगा होने के कारण मजदूर अंदर फंस गए थे। लोगों ने दरवाजा तोड़कर कई मजदूरों को बाहर निकाला, लेकिन देरी होने से चार महिलाओं की मौत हो गई। दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। आग तेजी से फैल गई और पूरे परिसर में धुआं व लपटें उठने लगीं। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायल मजदूरों को पहले सफीदों के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से कई गंभीर मरीजों को पानीपत के बेहतर अस्पताल रेफर किया गया। उनका इलाज जारी है। इलाके में मातम का माहौल है। मृतक महिलाओं के परिजन रो–रोकर बिलख रहे हैं। मजदूरों का आरोप है कि ताला लगे होने के कारण वे समय पर बाहर नहीं निकल सके, जिससे हादसा और भयानक हो गया। प्रशासन ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और फैक्ट्री मालिक से पूछताछ की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बरामद


नई दिल्ली (एजेंसी) नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने नेपाल, भारत और श्रीलंका से जुड़े एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने 77.60 किलोग्राम हैशिश ऑयल और 2 किलोग्राम चरस जब्त की है, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एनसीबी के अधिकारियों ने बताया कि इस ऑपरेशन में तस्करों द्वारा इस्तेमाल की गई दो कारें, एक मोटरसाइकिल और एक मछली पकड़ने वाली नाव भी जब्त की गई हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्कर समुद्री रास्तों और सीमावर्ती क्षेत्रों का इस्तेमाल करते हुए मादक पदार्थ भारत में लाते थे और फिर उन्हें विभिन्न राज्यों तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाते थे। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक श्रीलंकाई शरणार्थी भी शामिल है, जिसे नेटवर्क की अहम कड़ी माना जा रहा है। एजेंसी उससे पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह के अन्य सदस्य कौन–कौन हैं और यह नेटवर्क किन–किन देशों में फैला हुआ है। सूत्रों के अनुसार, गिरोह नेपाल और श्रीलंका के रास्ते मादक पदार्थ भारत में लाता था। एनसीबी को इस नेटवर्क की गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर यह कार्रवाई की गई। एनसीबी अधिकारियों ने कहा कि पूरे नेटवर्क की गहन जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि इस तस्करी के पीछे कौन–कौन से अंतरराष्ट्रीय गिरोह सक्रिय हैं। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि देश में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बादशाह के नए गाने पर विवाद, पुलिस और महिला आयोग ने उठाया कदम

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणवी रैपर और सिंगर बादशाह के नए गाने 'टटीरी' को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गाने में कथित अश्लील शब्दों और आपत्तिजनक दृश्यों का इस्तेमाल किए जाने के आरोप लगे हैं। पंचकूला के एक व्यक्ति ने शिकायत की है कि वीडियो में 'पाठशाला' शब्द को बदलकर 'बादशाला' दिखाया गया और लड़कियों को स्कूल यूनिफॉर्म में डांस करते दिखाया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि इससे स्कूल जैसी पवित्र जगह की छवि खराब होती है और बच्चों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने बादशाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इसमें इंडीसेंट रिप्रेजेंटेशन आफ वूमेन (प्रोहिविशन) एक्ट 1986 की धारा 3 और 4 तथा बीएनएस एक्ट की धारा 296 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद यूट्यूब ने भी विवादित गाने को अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिया। हरियाणा महिला आयोग ने भी इस मामले पर गंभीर चिंता जताई और बादशाह को 13 मार्च को पानीपत डी.सी. ऑफिस में पेश होने का समन जारी किया। आयोग का कहना है कि वीडियो में हरियाणा की छात्राओं को आपत्तिजनक तरीके से दिखाया गया है। आयोग ने फिल्म सेंसर बोर्ड से भी गाने पर रोक लगाने की मांग की है। सोशल मीडिया पर गाने को लेकर बहस छिड़ गई है। कुछ लोग इसे संस्कृति और छात्राओं की छवि के खिलाफ मान रहे हैं, जबकि अन्य इसे केवल मनोरंजन का हिस्सा बता रहे हैं। विवाद लगातार बढ़ रहा है और 13 मार्च की पेशी पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

# भारत को ईरान युद्ध में खींचा तो नहीं जाएगा, इसका असर साफ नजर आएगा

## –कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा– भारत करे युद्ध रुकवाने और शांति की कोशिश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का सीधा असर दुनिया पर पड़ रहा है। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत को इस युद्ध में खींचा तो नहीं जाएगा लेकिन इसका असर साफ तौर पर नजर आएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक थरूर ने कहा कि भारत की कोशिश यही होना चाहिए कि किसी भी तरह से यह युद्ध जल्द रुक जाए। उन्होंने कहा कि भारत को भी युद्ध को रोकने और शांति स्थापित करने में पीछे नहीं रहना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक शशि थरूर ने कहा कि भारत के लाखों लोग खाड़ी देशों में रहते हैं। इसके अलावा ईरान में ही बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। वे सभी इस युद्ध से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि करीब एक करोड़ के आसपास भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं। उनका ना केवल आना जाना प्रभावित हुआ है बल्कि जीविका पर भी संकट छा गया है। बता दें अमेरिका ने भारत समेत कई देशों को रूस से तेल खरीदने की 30 दिन की छूट दी है। युद्ध की वजह से दुनियाभर में कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित होने के बाद ट्रंप ने यह फैसला किया है। थरुर ने कहा कि अगर कंपनियां रूस से तेल खरीदती भी हैं तब भी एक महीने बाद उन्हें फिर से समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

थरूर ने शुक्रवार को कहा कि जी20 इस तरह से विकसित हो सकता है जिससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रधानता को खतरा पैदा हो सकता है क्योंकि यह आज की समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है और किसी चार्टर से बाधित नहीं है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का अस्तित्व बना रहेगा और भले ही यह वह संयुक्त राष्ट्र नहीं हो सकता है जिसकी 1945 में कल्पना की गई थी, लेकिन यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग का केंद्र होगा। उनका कहना था- मैं जो देख रहा हूं वह अंतरराष्ट्रीय सहयोग के कई स्वरूप हैं। उनमें से सबसे उल्लेखनीय जी20 है जो संयुक्त राष्ट्र के विपरीत किसी चार्टर द्वारा बाधित नहीं है।

# बजट सत्र का दूसरा चरण: 9 मार्च को स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना

## भाजपा और कांग्रेस ने सांसदों को जारी किया तीन–लाइन व्हिप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत ही राजनीतिक रूप से काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि पहले ही दिन लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। इस मुद्दे को देखते हुए भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने-अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए तीन-लाइन व्हिप जारी किया है।

कांग्रेस ने अपने सांसदों को निर्देश दिया है कि वे इन दिनों सदन में उपस्थित रहें, क्योंकि विपक्ष की ओर से लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपने सांसदों को सदन में मौजूद रहने का निर्देश देते हुए महत्वपूर्ण मतदान के लिए तैयार रहने को कहा है। दरअसल, विपक्षी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस प्रस्ताव पर विपक्ष के 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के 29 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसके बावजूद पार्टी सूत्रों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के सांसद पार्टी नेतृत्व के निर्देश के अनुसार प्रस्ताव का समर्थन कर सकते हैं और मतदान के दौरान स्पीकर के खिलाफ वोट देने की संभावना है।

विपक्ष का आरोप है कि लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही के संचालन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और कई मौकों पर विपक्षी नेताओं को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया। इसी आरोप के आधार पर उन्हें पद से हटाने का प्रस्ताव लाया गया है।

संसदीय नियमों के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव साधारण बहुमत से पारित किया जा सकता है। हालांकि मौजूदा लोकसभा की संख्या बल को देखते हुए इस प्रस्ताव के पारित होने की संभावना कम मानी जा रही है। वर्तमान में एनडीए के पास लगभग 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है, जो प्रस्ताव को पारित होने से रोकने के लिए पर्याप्त माना जा रहा है।

प्रक्रिया के तहत जब इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तब लोकसभा अध्यक्ष स्वयं सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे। हालांकि उन्हें अपनी बात रखने और प्रस्ताव पर होने वाले मतदान में हिस्सा लेने का अधिकार होगा। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत से पहले ही इस मुद्दे ने संसद के भीतर के राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया है।



# महिला कर्मचारियों के लिए आज से शुरु होगा, यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने के लिए एप

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रेल मंत्रालय ने महिला कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर होने वाले सेक्सुअल हैरेसमेंट की शिकायत दर्ज कराने के लिए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) एप में एक नया फीचर शुरू करने का फैसला किया है। यह फीचर 8 मार्च, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से शुरू होगा। इसके जरिए महिला कर्मचारी अपनी शिकायत सीधे ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगी, जो संबंधित आंतरिक शिकायत समिति (आईसी) तक तुरंत पहुंच जाएगी। मंत्रालय के अनुसार सेक्सुअल हैरेसमेंट इंसीडेंट नॉटिफिकेशन फॉर एम्पॉवरमेंट नाम का मॉड्यूल शिकायतों को गोपनीय तरीके से और जल्दी निपटाने में मदद करेगा। इस पोर्टल पर बाहरी महिला आगंतुकों, ठेका कर्मचारियों, मजदूरों या छात्रों की ओर से भी शिकायत दर्ज की जा सकेगी।

# धूप दिखाने लगी अपना असर, दिल्ली में रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा

## –यूपी के ज्यादातर जिलों में तेज धूप खिलेगी, कुछ जगहों पर छा सकते हैं हल्के बादल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर और पश्चिम भारत में तापमान सामान्य से दो या तीन डिग्री ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। दिल्ली में भी चटक धूप पढ़ने से तापमान बढ़ गया है। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि सामान्य से सात डिग्री ज्यादा था। दिल्ली में रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में भी गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। 7 मार्च तक मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है। यूपी में फिलहाल बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। राज्य के ज्यादातर जिलों में तेज धूप खिलेगी। कुछ जगहों पर हल्के बादल छाए रह सकते हैं। इससे गर्मी से निजात नहीं मिलने वाली।

पंजाब और हरियाणा में भी लगातार पारा बढ़ने का अनुमान है। यहां सर्दी की करीब विदाई हो चुकी है। पंजाब और हरियाणा में दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री के आसपास रह सकता है। वहीं राजस्थान में भी तापमान सामान्य से ज्यादा है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के ऐक्टिव होने की वजह से बाड़मेर और आसपास के इलाकों में 30 से 35 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते शनिवार से उत्तराखंड के मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का असर उत्तराखंड मे 12 मार्च तक देखने को मिल सकता है। शनिवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी चमोली पिथौरागढ़ जिलों के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है, जबकि 4000 मी व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विभाग ने राज्य के अन्य जनपदों में मौसम शुष्क होने की संभावना जताई है। इसी तरह 8 मार्च को उत्तराखंड के उत्तरकाशी चमोली पिथौरागढ़ के कुछ क्षेत्रों में हेल स्काई लाइटनिंग के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ने बताया कि 8 मार्च को पर्वतीय जिलों के 3800 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर हिमपात होने के आसार हैं। इसके बाद 9 मार्च को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण उत्तरकाशी रुद्रप्रयाग चमोली बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की बरसात के साथ आकाशीय बिजली चमकने की संभावना है, साथी पहाड़ी जिलों के 3800 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बारिश की संभावना है।

# नीतीश मामले पर बोले विजय गोयल- 75 वर्ष के बाद राजनीति से स्वैच्छिक विराम की परंपरा बने

## –कहा– नए नेताओं को मिलना चाहिए अवसर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के बाद सियासी हलकों में चर्चा तेज हो गई है। इसी बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 75 वर्ष की आयु के बाद सक्रिय राजनीति से स्वेच्छा से हटने की परंपरा विकसित होनी चाहिए, ताकि नए नेताओं को आगे आने का अवसर मिल सके।

भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने के फैसले पर अनावश्यक हंगामा खड़ा किया जा रहा है, जबकि असली बहस इस बात पर होनी चाहिए कि वरिष्ठ नेताओं को एक निश्चित आयु के बाद सक्रिय राजनीति से स्वयं पीछे हटने की पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे लोकतंत्र में नई पीढ़ी के नेतृत्व को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और वरिष्ठ नेता अपने लंबे सार्वजनिक जीवन का शांतिपूर्वक मूल्यांकन भी कर सकेंगे। दरअसल भाजपा नेता विजय गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि सभी जानते हैं कि नीतीश कुमार का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पहले जैसा नहीं रहा है। ऐसे में वे राज्यसभा जाएं या न जाएं, इससे न उन्हें कोई विशेष फर्क पड़ता है और न ही देश या राज्य की राजनीति पर बड़ा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद इस विषय को लेकर अनावश्यक रूप से हाय-तौबा मचाई जा रही है।

गौरतलब है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर चुके हैं। उनके इस फैसले के बाद जनता दल (यू) के कई कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनसे निर्णय पर पुनर्विचार करने की अपील की है। हालांकि 6 मार्च को हुई पार्टी बैठक में नीतीश कुमार ने स्पष्ट कर दिया कि वे राज्यसभा जाएंगे, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे बिहार की राजनीति और पार्टी से जुड़े रहेंगे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायकों और पार्टी नेताओं से कहा कि वे चिंता न करें और संगठन को मजबूत करने के लिए काम जारी रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे राजनीति से संन्यास नहीं ले रहे हैं।



# अमेरिका के साथ संधि किसी भी संघर्ष में शामिल होने हमें मजबूर नहीं कर सकती: भारत

## -ईरानी युद्धपोत को डुबाने को लेकर अमेरिकी सेना के पूर्व अधिकारी ने किया झूठा दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के दक्षिणी समुद्री तट के पास हिंद महासागर में अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को परमाणु पनडुब्बी से टॉरपीडो हमला करके डुबोया है, उसके बाद भारत और अमेरिका के बीच हुई एक दशक पुरानी संधि लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट की अहमियत बढ़ गई है। दरअसल, बिना संधि का जिक्र किए अमेरिकी सेना के एक पूर्व अधिकारी ने इसकी ओर इशारा करते हुए एक झूठा दावा किया है, जिसके बाद इसे समझना जरूरी हो गया है। भारत सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है कि यह संधि किसी भी संघर्ष में शामिल होने के लिए हमें मजबूर नहीं कर सकती।

भारत और अमेरिका ने 29 अगस्त, 2016 को लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए थे। यह एक तरह से बुनियादी सैन्य समझौता है, जिसके तहत एक-दूसरे को ईंधन भरने, सप्लाई और मरम्मत के लिए मिलिट्री सुविधाओं के आपसी इस्तेमाल की सुविधा मिलती है।

अमेरिका की कई देशों के साथ ऐसी संधि है। यह संबंधित देशों और अमेरिका के बीच आपसी सैन्य सहयोग के लिए की गई है। यह संधि मूल रूप से दोनों देशों को सैन्य गतिविधियों के लिए ईंधन और मरम्मत जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। भारत-अमेरिका लंबे समय से साझा युद्धाभ्यास करते हैं, जिसमें इस तरह की प्रैक्टिस हमेशा से रही है। इस संधि के जरिए सिर्फ इस प्रक्रिया को स्ट्रीमलाइन किया गया है और दोनों ओर से भुगतान और अन्य लॉजिस्टिक सुविधाओं के उपयोग के लिए नोडल प्वाइंट तय किए गए हैं।

आपस में लॉजिस्टिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के अलावा यह संधि मुख्य तौर पर चार क्षेत्रों को कवर करती है। इसमें पोर्ट कॉल, संयुक्त युद्धाभ्यास, साझा मिलिट्री ट्रेनिंग और मानवीय सहायता के साथ-साथ आपात स्थिति में मदद करना शामिल है। हालांकि, किसी भी स्थिति में इस संधि पर अमल दोनों तरफ से आपसी सहमति से ही हो सकता है, जो मामले पर निर्भर करता है। इस समझौते में ऐसी कोई भी व्यवस्था नहीं है। भारत की धरती पर अमेरिकी सैनिक या संपत्ति का कोई अड्डा नहीं हो सकता है। यह पूरी तरह से एक लॉजिस्टिक समझौता है। भारत जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैन्य सुविधाओं का जरुरत के मुताबिक लॉजिस्टिक इस्तेमाल कर सकता है और यही अमेरिका भी भारत में कर सकता है।

यह समझौता भारत को किसी भी संघर्ष में शामिल होने का दबाव नहीं डाल सकता और न ही इसकी वजह से भारत स्वतः किसी अंतरराष्ट्रीय संघर्ष में शामिल होने को मजबूर है। दरअसल, अमेरिकी सेना के एक रिटायर्ड अधिकारी ने एक अमेरिकी मीडिया चैनल पर झूठा दावा किया कि अमेरिका ईरान पर हमले के लिए भारतीय नौ सैनिक अड्डे का इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिकी पनडुब्बी ने टॉरपीडो हमले में ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन के बाहर हिंद महासागर में डुबोया है।

भारत का एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन भारतीय समुद्र तट से करीब 370 किलोमीटर या 200 नॉटिकल मील तक फैला है। मतलब, श्रीलंका के दक्षिणी तट से दूर जिस जगह पर अमेरिकी हमला हुआ, वह भारतीय समुद्री सीमा से बहुत दूर है। आईआरआईएस डेना में 130 ईरानी नाविक सवार थे, जिनमें अमेरिकी हमले में 87 लोगों की मौत हो गई और 32 को श्रीलंकाई नेवी ने रेस्क्यू किया। आईआरआईएस डेना से आपात संदेश मिलने के बाद भारतीय नौ सेना भी सर्च ऑर रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल हुई थी।



# रूस ने भारत भेजे जाने वाले कच्चे तेल के आंकड़े गोपनीय रखने का फैसला किया

**- रूस भारत को एक सप्ताह में भेज सकता है लगभग 2.2 करोड़ बैरल तेल**

**नई दिल्ली ।**

रूस ने भारत को निर्यात किए जाने वाले कच्चे तेल के आंकड़ों को सार्वजनिक न करने का निर्णय लिया है। क्रेमलिन के एक प्रवक्ता ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और बढ़ती भू-राजनीतिक संवेदनशीलता को देखते हुए यह कदम रूस के हित में जरूरी है। उनका कहना है कि कई देश और समूह रूस के ऊर्जा व्यापार पर नजर रखे हुए हैं और उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा है और ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता दिखाई दे रही है। हाल ही में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत की रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट देने की बात कही थी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भारत को होने वाली रूसी तेल आपूर्ति को लेकर कई रिपोर्टें सामने आईं।



इनमें दावा किया गया कि रूस भारत को एक सप्ताह में लगभग 2.2 करोड़ बैरल तेल भेज सकता है, हालांकि रूस ने इसे औपचारिक रूप से पुष्टि नहीं की। रूसी सरकारी मीडिया में जारी मानचित्र ने भी ध्यान खींचा, जिसमें अरब सागर से बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ते तेल टैंकर दिखाए गए हैं, जो भारत के पूर्वी तट की रिफाइनरियों की ओर जा रहे हैं। रूस के उप प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर नोवाक ने संकेत दिया कि भारत और चीन जैसे बड़े ग्राहकों को तेल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए रूस तैयार है। विशेषज्ञों का मानना है कि रूस एशियाई देशों के साथ अपने ऊर्जा व्यापार को मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रहा है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता बढ़ने के कारण भारत और रूस के बीच ऊर्जा सहयोग आने वाले समय में और गहरा हो सकता है।

# भारत में महिलाओं की भर्ती में 19 फीसदी की सालाना वृद्धि



**उच्च मूल्य वाली नौकरियों और विविध अवसरों तक महिलाओं की पहुंच बढ़ रही है**

**मुंबई ।**

नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में महिलाओं की भर्ती विज्ञापनों में सालाना 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह वृद्धि केवल प्रवेश स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि वरिष्ठ पदों, उच्च वेतन वाले वर्गों और उभरती प्रौद्योगिकी भूमिकाओं तक फैल गई है। फाउंडइट की भारतीय श्रमबल में महिलाओं पर केंद्रित रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2025 से फरवरी 2026 के बीच यह रुझान देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है भारत में महिलाओं की भर्ती में सकारात्मक गति देखी जा रही है। अभी भी अधिकांश नौकरियां 10 लाख रुपये वार्षिक से कम वेतन वर्ग में हैं, लेकिन उच्च मूल्य वाली नौकरियों और विविध अवसरों तक महिलाओं की पहुंच बढ़ रही है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में महिलाओं के अवसर बढ़कर 44 फीसदी हो गए हैं, जबकि महानगरों में हिस्सेदारी घटकर 56 फीसदी रह गई। तेजी से उभरते रोजगार केंद्रों में जयपुर, कोयंबटूर, इंदौर और कोच्चि शामिल हैं। महिलाओं की हिस्सेदारी कार्यक्षेत्रों में अलग-अलग है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में यह 34 फीसदी तक पहुंच गई, विशेषकर डेटा और एनालिटिक्स नौकरियों में। बिक्री और व्यवसाय विकास, साथ ही विपणन और संचार में हिस्सेदारी 16 फीसदी रही। वहीं ग्राहक सेवा/बीपीओ में हिस्सेदारी घटकर 10 फीसदी और मानव संसाधन में 20 फीसदी रही।

# अमेरिका ने भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल की खरीद व उसके शोधन की अनुमति दी




**- अल्पकालिक उपाय से तेल की कीमतों को स्थिर रखने का प्रयास**

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी प्रशासन ने घोषणा की कि वह भारत को दक्षिण एशिया के समुद्री क्षेत्रों में फंसे रूसी तेल को खरीदने, उसका शोधन करने और बाजार में जल्दी बेचने की अनुमति दे रहा है। अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि यह कदम वैश्विक तेल कीमतों को नियंत्रित करने और आपूर्ति में अस्थायी दबाव को कम करने के लिए उठाया गया है। वर्तमान में दक्षिण एशिया के आसपास काफी मात्रा में रूसी तेल समुद्र में फंसा हुआ है, खासकर चीन के पास। क्रिस राइट ने कहा कि चीन अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ अनुकूल व्यवहार नहीं कर रहा, जिससे कई बैरल लंबे समय तक वहीं रुके हुए हैं। इसके अलावा, होर्मुज जलडमरूमध्य से आने वाली आपूर्ति में थोड़ी बाधा के कारण तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। अमेरिका ने भारत से कहा कि वह इस तेल को खरीदकर अपनी रिफाइनरी में लाए। इससे न केवल भारतीय रिफाइनरी में तुरंत तेल पहुंचेगा, बल्कि दुनिया के अन्य रिफाइनरी कंपनियों पर तेल की कमी का दबाव भी कम होगा। राइट ने कहा कि यह केवल अल्पकालिक उपाय है और लंबी अवधि के लिए तेल की आपूर्ति पर्याप्त है। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह कदम तेल की कीमतें कम बनी रहें सुनिश्चित करने और वैश्विक आपूर्ति में अस्थायी दबाव को कम करने का व्यावहारिक तरीका है। भारत द्वारा यह तेल शोधन कर बाज़ार में लाने से न केवल घरेलू जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों पर स्थिरता भी आएगी।

# भारत में पेट्रोल-डीजल के पर्याप्त भंडार : इंडियन आयल

**- कंपनी ने जनता से अपील की, पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं**

**नई दिल्ली ।**

हाल ही में ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच देश में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैल गईं। सोशल मीडिया पर खबरें वायरल होने लगीं और लोग पेट्रोल पंपों की ओर बढ़ने लगे। ऐसे माहौल में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने स्पष्ट किया कि ये खबरें पूरी तरह निराधार हैं। इंडियन ऑयल ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आपूर्ति नेटवर्क सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। कंपनी ने जनता से अपील की कि पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और केवल आधिकारिक स्रोतों से जानकारी प्राप्त करें। इसी क्रम में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी कहा कि कुछ क्षेत्रों में फैल रही ईंधन कमी की खबरें भ्रामक हैं। पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की सामान्य आपूर्ति बनी हुई है। सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 मार्च को जारी आदेश में कहा कि रिफाइनरियों द्वारा उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी उत्पादन में किया जाए। आवश्यक वस्तु अधिनियम (1955) के तहत जारी आदेश में कहा गया है कि रिफाइनरियों को एलपीजी को केवल आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को ही उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही प्रोपेन और ब्यूटेन का उपयोग पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्माण में नहीं किया जाएगा। इसका उद्देश्य घरेलू गैस की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखना है।

# भारत और चीन मिलकर जीडीपी में अमेरिका को पछाड़ा देने वाले, आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट में बताया

**अमेरिका का कुल योगदान 9.9 फीसदी, वहीं भारत-चीन का 44 प्रतिशत**

**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को लेकर ग्लोबल रियल जीडीपी ग्रोथ 2026 रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और भारत मिलकर जीडीपी में अमेरिका को पछाड़ते दिख रहे हैं। आईएमएफ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत और चीन दोनों मिलकर विश्व के 43.6 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का हिस्सा हैं। इसके अलावा, एशिया-पैसिफिक की हिस्सेदारी कुल ग्रोथ का 50 फीसदी पहुंचने की उम्मीद है। वहीं रिपोर्ट में सिर्फ चीन का जीडीपी ग्रोथ 26.6 फीसदी और भारत का 17 फीसदी बताया गया है। आईएमएफ ने अपनी ग्लोबल रिपोर्ट में अमेरिका का 9.9 फीसदी, इंडोनेशिया का 3.8 फीसदी, तुर्किए का 2.2 फीसदी, सऊदी अरब का 1.7 फीसदी, वियतनाम का 1.6 फीसदी, नाइजीरिया का 1.5 फीसदी, ब्राजील का 1.5 फीसदी और जर्मनी का 0.9 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान लगाया है। वहीं भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने लिखा, 2026 में, चीन से ग्लोबल रियल जीडीपी ग्रोथ में 26.6 फीसदी योगदान की उम्मीद है, जबकि भारत 17 फीसदी और जोड़ेगा। हम मिलकर वैश्विक विकास में करीब 44 फीसदी का योगदान देने वाले है।

बता दें, चीन ने 2026 के लिए अपने जीडीपी ग्रोथ का टारगेट 4.5 से 5 फीसदी तक रखा है। 1991 के बाद से यह अब तक का सबसे कम आंकड़ा है। वहीं दूसरी ओर भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। हालांकि, चीन और भारत के प्रति व्यक्ति जीडीपी में भारी अंतर है। आंकड़ों के अनुसार, चीन की प्रति व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में लगभग 4.76 गुना अधिक है। वर्ष 2025 के अनुमानों के मुताबिक, चीन की प्रति व्यक्ति जीडीपी 13,687 डॉलर थी, जबकि भारत के लिए यह आंकड़ा 2,878 डॉलर रहा।

आईएमएफ की शीर्ष 10 देशों की सूची में अन्य देशों में अमेरिका से वैश्विक जीडीपी वृद्धि में करीब 9.9 प्रतिशत योगदान का अनुमान है। इसके बाद इंडोनेशिया 3.8 प्रतिशत, तुर्किए 2.2 प्रतिशत, सऊदी अरब 1.7 प्रतिशत और वियतनाम 1.6 प्रतिशत योगदान दे सकते हैं। वहीं नाइजीरिया और ब्राजील दोनों का योगदान लगभग 1.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इस सूची में जर्मनी 10वें स्थान पर है और उससे वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 0.9 प्रतिशत योगदान का अनुमान है। इसके अलावा यूरोप के अन्य देश आईएमएफ की शीर्ष 10 सूची में शामिल नहीं हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की 2025 की आर्थिक विकास दर का अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट में आईएमएफ ने कहा कि यह संशोधन चालू वित्त वर्ष (जो 31 मार्च 2026 को समाप्त होगा) की चौथी तिमाही में मजबूत आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए किया गया है। आईएमएफ के अनुसार, अगले वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि इसमें थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन इसके बावजूद भारत उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में विकास का प्रमुख इंजन बना रहेगा।

# पश्चिम एशिया संकट से भारतीय अर्थव्यवस्था पर संभावित दबाव

**- बढ़ती तेल व उर्वरक कीमतें बढ़ा सकती है महंगाई**

**नई दिल्ली ।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव लंबा खिंचने की स्थिति में भारतीय रुपये की विनिमय दर पर दबाव बढ़ सकता है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कच्चे तेल और एलएनजी जैसे बड़े आयातों पर निर्भरता के कारण मुद्रा अवमूल्यन का खतरा है। साथ ही सुरक्षित निवेश की ओर वैश्विक पूंजी प्रवाह भी रुपये पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। पेट्रोलियम और उर्वरकों की बढ़ती कीमतें महंगाई बढ़ाने का जोखिम पैदा कर सकती हैं। हालांकि, भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और नियंत्रित महंगाई के कारण वैश्विक मूल्य वृद्धि का असर आंशिक रूप से संतुलित है। वित्त मंत्रालय ने चेताया है कि संकट लंबे समय तक जारी रहा तो यह दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू खाता घाटा फिलहाल कम है और बाहरी क्षेत्र स्थिर बना हुआ है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ सक्रिय व्यापार कूटनीति निर्यात गंतव्यों का विविधीकरण कर रही है, जिससे मध्यम अवधि में बाह्य मजबूती बढ़ने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत और वास्तविक सकल मूल्यवर्धन वृद्धि 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जनवरी 2026 में आर्थिक गतिविधियां मजबूत रहीं, जिसमें लॉजिस्टिक गतिविधियों, पीएमआई विस्तार और मजबूत मांग ने योगदान दिया।

# कश्मीर में सूखे का खतरा- स्कॉस्ट-कश्मीर ने किसानों को जारी की अर्जेंट एडवाइजरी

**- किसानों से कहा गया, वे तुरंत मिट्टी की नमी बचाने और फसल सुरक्षा के उपाय अपनाएं**

**श्रीनगर।** शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेस एंड टेक्नोलॉजी ऑफ कश्मीर (स्कॉस्ट-कश्मीर) के विशेषज्ञों ने कश्मीर घाटी में लगातार बढ़ते तापमान और बारिश की कमी को देखते हुए किसानों के लिए शुक्रवार को एक अर्जेंट एडवाइजरी जारी की। किसानों से कहा गया है कि वे तुरंत मिट्टी की नमी बचाने और फसल सुरक्षा के उपाय अपनाएं। फलों के लिए सबसे महत्वपूर्ण सलाह यह है कि पेड़ों के बेसिन में 4-6 इंच ऑर्गैनिक मल्च जैसे धान का भूसा या घास की कतरन डाली जाए। स्कॉस्ट विशेषज्ञों ने पॉलीथीन जैसी इनऑर्गैनिक मल्च के इस्तेमाल से बचने की चेतावनी दी है, क्योंकि यह मिट्टी का तापमान बढ़ा सकता है और जड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है। सिंचाई की कमी वाले खेतों में जब तक मिट्टी में पर्याप्त नमी न हो, फर्टिलाइजर का इस्तेमाल न करें। गेहूं, सरसों और मटर की फसलों में इंटरकल्चरल ऑपरेशन से खरपतवार हटाना प्राथमिकता हो। यूरिया का इस्तेमाल 2.5 किलोग्राम प्रति कनाल तक सीमित होना चाहिए और केवल तभी जब मिट्टी में नमी पर्याप्त हो। ट्यूलिप की खेती में सुबह जल्दी या देर शाम हल्की और बार-बार सिंचाई करने की सलाह दी गई है। टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च और पत्तागोभी के नर्सरी बैड को शैड नेट या पुआल से ढककर गर्मी के तनाव को कम किया जा सकता है। मछली पालन में एरेशन सिस्टम से घुले ऑक्सीजन को 6 एम.जी./लीटर से ऊपर बनाए रखना अनिवार्य है। पानी की गहराई 1.5-2 मीटर रखी जाए और कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्रों में फीडिंग रेट 1-1.5 फीसदी वजन तक कम करें। इस मौसम में मछलियों की सेहत के लिए विटामिन-सी और प्रोबायोटिक्स के साथ हाई-प्रोटीन फ्लोटिंग पेलेट्स का प्रयोग जरूरी है।

# सोना-चांदी में तेजी, अमेरिकी जॉब डेटा से बढ़ा निवेशकों का दबाव

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में तेजी जारी रही। सोने का भाव 104 डॉलर प्रति ट्रॉय आउंस बढ़कर 5182 डॉलर पर पहुंच गया। वही सिल्वर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स 3.15 डॉलर बढ़कर 85.33 डॉलर प्रति ट्रॉय आउंस पर कारोबार कर रहे थे। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण अमेरिका से आए कमजोर जॉब आंकड़े हैं। फरवरी में 92,000 नौकरियां गईं, जबकि अर्थशास्त्रियों को केवल 50,000 नौकरियों की उम्मीद थी। बेरोजगारी दर 4.4 फीसदी तक बढ़ गई है। कमजोर रोजगार आंकड़े अमेरिकी सेंट्रल बैंक पर ब्याज दरों में कटौती का दबाव बढ़ा रहे हैं। भारतीय बाजार में एमसीएक्स फ्यूचर्स में सोने ने 2839 रुपये की तेजी के बाद 162,512 रुपये प्रति 10 ग्राम छुआ। चांदी ने 8309 किलोग्राम की उछाल के साथ 270,500 रुपये प्रति किलोग्राम का स्तर प्राप्त किया। हालांकि, सर्राफा बाजार में मुनाफावसूली के चलते सोना 1,100 रुपये घटकर 1,64,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 600 रुपये गिरकर 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही।




# अदानी ने बढ़ाए तीन गुना गैस के रेट, आम लोगों पर बढ़ेगा बोझ

**नई दिल्ली ।** देश में गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह द्वारा आपूर्ति की जाने वाली एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) की कीमतों में अचानक तीन गुना तक बढ़ोतरी की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक गैस का दाम करीब ₹40 प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर से बढ़ाकर लगभग 120 रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर कर दिया गया है। इस बढ़ोतरी को लेकर कई सामाजिक और राजनीतिक वर्गों में चिंता व्यक्त की जा रही है। आलोचकों का कहना है कि इतनी बड़ी कीमत वृद्धि से घरेलू पाइप्ड गैस (पीएनजी) और औद्योगिक गैस की लागत पर सीधा असर पड़ सकता है, जिससे आम उपभोक्ताओं और उद्योगों दोनों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका है। विपक्षी दलों और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि ऐसी परिस्थितियों में गैस की कीमतों पर नियंत्रण और पारदर्शिता जरूरी है। उनका आरोप है कि संकट के समय कंपनियों को अत्यधिक मूल्य वृद्धि की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि सरकार या कंपनी की ओर से इस बढ़ोतरी पर आधिकारिक विस्तृत बयान अभी सामने नहीं आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति की स्थिति भी कीमतों को प्रभावित कर सकती है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में दिखा एक साल से भी ज्यादा का दबाव

**- कमजोर ग्लोबल संकेतों, गिरते रुपये और एफआईआई की लगातार बिकवाली ने बाजार में दबाव बढ़ाया**

**मुंबई ।**

इस हफ्ते 6 मार्च को समाप्त भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण समय रहा। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों में लगातार गिरावट देखी गई, जिससे निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई। कमजोर ग्लोबल संकेतों, गिरते रुपये और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली ने बाजार में दबाव बढ़ाया। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने भी निवेशकों की चिंता को बढ़ाया। परिणामस्वरूप हफ्ते के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह होली के अवसर पर शेयर बाजार 3 मार्च को बंद रहा, जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को ही बाजार लाल निशान में शुरू हुआ। शुरुआती सत्र में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 1,048.34 अंक गिरकर 80,238.85 अंक पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 312.95 अंक की गिरावट के साथ 24,865.70 पर बंद हुआ।

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेत निवेशकों की सतर्कता को बढ़ाने वाले मुख्य कारण रहे। बुधवार को भी स्थिति अनुकूल नहीं रही। सेंसेक्स 1,122.66 अंक गिरकर 79,116.19 पर और निफ्टी 385.20 अंक गिरकर




24,480.50 पर बंद हुआ। हालांकि गुरुवार को वैश्विक बाजारों में उछाल और एक दिन की राहत के कारण बाजार हरे निशान में कारोबार करता दिखा।

सेंसेक्स 899.71 अंक बढ़कर 80,015.90 पर और निफ्टी 285.40 अंक की तेजी के साथ 24,765.90 पर बंद हुआ। शुक्रवार को फिर से बाजार दबाव में आया। अमेरिकी बाजारों की कमजोरी और एफआईआई की बिकवाली ने सेंसेक्स 1,097 अंक गिराकर 78,918.90 पर और निफ्टी 315.45 अंक गिराकर 24,450.45 पर बंद कराया। इस तरह सप्ताह के अंत तक निवेशकों में सतर्कता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति साफ तौर पर दिखाई दी।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के 'M' प्रोग्राम से जुड़ीं 30,000 से अधिक महिलाएं, डिजिटल बैंकिंग में आई तेजी

**मुंबई ।**

भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने विशेष महिला बैंकिंग कार्यक्रम 'रू' की शानदार सफलता की घोषणा की है। नवंबर 2025 में लॉन्च होने के बाद से इस कार्यक्रम ने मात्र चार महीनों में 30,000 से अधिक महिला ग्राहकों को अपने साथ जोड़ा है, जिसमें प्रति माह औसतन 7,500 महिलाएं शामिल हो रही हैं। बैंक के आंकड़ों के अनुसार, इस कार्यक्रम से जुड़ी 60 प्रतिशत महिलाएं मोबाइल बैंकिंग का सक्रिय रूप से उपयोग कर रही हैं, जबकि 40 प्रतिशत महिलाएं नियमित रूप से यूपीआई के माध्यम से डिजिटल लेनदेन कर रही हैं। विशेष रूप से जयपुर, सूरत, अहमदाबाद, जोधपुर और हरियाणा के प्रमुख जिलों में इस कार्यक्रम के प्रति जबरदस्त उत्साह देखा गया है।

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बैंक द्वारा व्हील्स लोन और माइक्रोबिज़नेस लोन पर 0.2 प्रतिशत की विशेष रियायती ब्याज दर प्रदान की जा रही है। बैंक के डिप्टी सीईओ उत्तम तिब्रेवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम गृहणियों और स्वरोजगार वाली महिलाओं को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़कर उन्हें वास्तविक वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान कर रहा है।

ब्रांड एंबेसडर और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने भी भारतीय महिलाओं के बढ़ते डिजिटल आत्मविश्वास और उद्यमशीलता की सराहना की है। इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बैंक ने सौंदर्य, फैशन और वेलनेस श्रेणियों में विशेष लाइफस्टाइल ऑफर्स भी पेश किए हैं जो 31 मार्च 2026 तक मान्य रहेंगे।




# टाटा मोटर्स के साणंद संयंत्र में गैस संकट, 50 फीसदी गिर सकता है उत्पादन

**- कंपनी भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में लगभग 45 फीसदी रखती है हिस्सेदारी**

**अहमदाबाद ।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष का प्रत्यक्ष असर अब भारतीय ऑटो उद्योग पर दिखने लगा है। प्राकृतिक गैस और प्रोपेन की कमी के कारण टाटा मोटर्स को गुजरात के साणंद स्थित अपने संयंत्रों में उत्पादन में 50 फीसदी तक की कटौती करनी पड़ सकती है। गुजरात गैस लिमिटेड ने पुष्टि की कि देश के प्रमुख गैस आपूर्तिकर्ताओं ने उद्योगों को गैस की आपूर्ति आधी कर दी है। साणंद प्लांट में गैस का इस्तेमाल मुख्य रूप से पेंट-शॉप ओवन को गर्म करने और पेंट को सुखाने (क्युरिंग) के लिए किया जाता है। बिना पेंट किए वाहन स्टॉक में नहीं रखे जा सकते, इसलिए उत्पादन लाइन को रोकना ही एकमात्र विकल्प बचता है। साणंद में टाटा मोटर्स के दो संयंत्र हैं, जिनकी सालाना क्षमता 4,50,000 से अधिक कारों की है। यहां नेक्सॉन, टियागो, टिगोर, सिएरा, कर्व और इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन होता है। कंपनी भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में लगभग 45 फीसदी हिस्सेदारी रखती है। हालांकि कारों की मांग बढ़ी हुई है। फरवरी में बिक्री में 35 फीसदी वार्षिक वृद्धि और निर्यात में 167 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। लेकिन गैस संकट से उत्पादन बाधित होने से मांग और सप्लाई में असंतुलन हो सकता है।

## संक्षिप्त

### मेली केर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सात विकेट लेकर रिकॉर्ड तोड़ा

डुनेडिन, एजेंसी। मेली केर (34 रन देकर सात विकेट) के ऐतिहासिक गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ केर ने जैकी लॉर्ड के 44 साल पुराने रिकार्ड को भी तोड़ दिया।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। केर ने 34 रन देकर सात विकेट झटके और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रन पर समेट दिया, जिससे जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। लॉर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 1982 में भारत के खिलाफ 6/10 का रिकॉर्ड बनाया था, जो इससे पहले एकदिवसीय में न्यूजीलैंड की किसी महिला का सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन था।

### रैना को हराकर अदकर ने जीता आईटीएफ डब्ल्यू 35 कलबुर्गी का खिताब

कलबुर्गी, एजेंसी भारत की वैष्णवी अदकर ने रविवार को फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर आईटीएफ डब्ल्यू 35 कलबुर्गी का एकल खिताब अपने नाम किया।

आज यहां खिताबी मुकाबले में तीसरी सीड अदकर ने मैच की ज़बरदस्त शुरुआत की, दोनों विंग से क्लीन विनर लगाकर शुरुआती गेम में दो ब्रेक पॉइंट हासिल किए, फिर रैना की एक गलती से सर्व ब्रेक करवाया। उसने शुरुआती बढ़त को मज़बूत करते हुए एक आरामदायक पकड़ बनाकर 2-0 की बढ़त बना ली। रैना ने धीरे-धीरे अपनी लय पकड़ी, कोर्ट की चौड़ाई का अच्छा इस्तेमाल करके सर्व होल्ड किया और फिर अदकर की एक गलती का फ़ायदा उठाकर ब्रेक बैक किया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

### रैंडेल प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने

नेपियर (न्यूजीलैंड), एजेंसी सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। ब्रेट रैंडेल ने रविवार को यह कारनामा प्लंकेट शील्ड मैच के दूसरे दिन नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ मुकाबले में किया है। इसी के साथ वह प्रथम श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गये। रैंडेल का स्पेल इतना खतरनाक रहा कि नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ने केवल नौ के स्कोर पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए। रैंडेल ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरी कूपर को आउट करते हुए विकेट लेने का यह सिलसिला शुरू किया। अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने राउंड द विकेट से आकर जीत रावल की गिल्लियां बिखेर दीं।

### दीक्षा ऑस्ट्रेलियाई महिला क्लासिक में संयुक्त पांचवें स्थान पर रहीं

मजेंडा शोर्स (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी। भारत की दीक्षा डागर ने रविवार को यहां अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से ऑस्ट्रेलिया महिला क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया और 2026 सत्र में पहली बार किसी टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा हवा और बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों के बीच अंतिम दौर में अंडर पार स्कोर बनाने वाली तीन खिलाड़ियों में शामिल रहीं। शीर्ष पांच में जगह बनाने की दौड़ में शामिल भारत की प्रणवी उर्स अंतिम दौर में छह ओवर 78 के बेहद खराब स्कोर से 14वें स्थान पर खिसक गईं। इससे पहले अवनी प्रशांत और हिताषी बक्षी कट हासिल करने में नाकाम रहे। केल्सी बेनेट ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर सीरीज की अपने नाम

- जेमिमा रोड्रिगेज ने 52 रन बनाए
- एनाबेल सदरलैंड ने 129 रन की पारी खेली



पर्थ, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एकमात्र टेस्ट मैच में 10 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ उसने सीरीज भी अपने नाम कर ली।

भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 25 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने बिना कोई विकेट खोए हासिल कर लिया।

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ये मुकाबला तीसरे दिन ही हार गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम की पहली पारी 198 रन पर सिमट गई।

जेमिमा रोड्रिगेज ने 52 रन बनाए। एनाबेल सदरलैंड ने 4 विकेट झटके।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 323 रन बना दिए। एनाबेल सदरलैंड ने 129 रन की पारी खेली, जबकि एलिस पेरी ने 76 रन बनाए।

भारत की दूसरी पारी 149 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच जीता और आखिरी बार कप्तानी कर रहीं एलिसा हीली को शानदार विदाई दी।

जेमिमा ने पहली पारी में 84 गेंदों का सामना किया और 52 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले और उनकी स्ट्राइक रेट 61.90 की रही।

ये उनके टेस्ट करियर का चौथा अर्धशतक रहा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस खिलाड़ी ने दूसरा अर्धशतक लगाया।

इस खिलाड़ी ने अब तक 4 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 7 पारियों में 1 बार नाबाद रहते हुए 50.16 की औसत से 301 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 73 रन है।

ऑस्ट्रेलिया के लिए सदरलैंड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली।

यह उनके टेस्ट करियर का चौथा और भारत के खिलाफ पहला ही शतक रहा, जिसे उन्होंने 133 गेंदों में पूरा किया।

उन्होंने पेरी (76) के साथ मिलकर 169 गेंदों में 128 रन की साझेदारी निभाई।

उन्होंने पारी में 171 गेंदों का सामना किया और 17 चौकों की मदद से 129 रन बनाकर आउट हुईं। उनके अब 7 मैचों में 89.38 की औसत से 715 रन हो गए हैं।

**पेरी ने जड़ा 5वां टेस्ट अर्धशतक**

कंगारू टीम के लिए पेरी ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम को संकट से बाहर निकालने का काम किया।

यह उनके टेस्ट करियर का 5वां और भारत के खिलाफ दूसरा ही अर्धशतक रहा। उन्होंने अपनी पारी में 116 गेंदों का सामना किया और 10 चौके के साथ 1 छक्का जड़ते हुए 76 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटीं। पारी का 70वां रन बनाते ही उनके टेस्ट करियर में 1,000 रन भी पूरे हो गए। प

**ेरी तीनों प्रारूप में 1,000 रन बनाने वाली दूसरी बल्लेबाज**

टेस्ट में अपने 1,000 रन पूरे करने के साथ ही पेरी तीनों प्रारूप (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 1,000 रन पूरे करने वाले केवल दूसरी महिला बल्लेबाज बनी हैं।

उनके टेस्ट में 1,006, वनडे में 4,504 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 2,201 रन हो गए हैं।

उनसे पहले केवल इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स ही यह कारनामा कर पाई हैं।

**सदरलैंड ने पहली बार लिया 4 विकेट हॉल**

सदरलैंड ने पहली पारी में 17 ओवर गेंदबाजी की और 5 मेडन के साथ 46 रन देकर 4 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी 2.70 की रही। ये उनके टेस्ट करियर का पहला 4 विकेट हॉल रहा। उन्होंने अब तक 7 मुकाबले खेले हैं और इसकी 13 पारियों में 23.26 की औसत से 19 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ इस खिलाड़ी ने 3 टेस्ट की 5 पारियों में 17.87 की औसत से 19 विकेट अपने नाम किए हैं।

## संजू ने टी20 विश्व कप फाइनल में रचा इतिहास

अहमदाबाद, एजेंसी। टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में भारत के ओपनर संजू सैमसन ने बल्ले से हाहाकार मचाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय ओपनर ने धीमी शुरुआत के बार गियर बदला। संजू ने 33 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। इस दौरान उन्होंने 4 चौके और 3 छक्के लगाए।

विश्व कप में यह उनका बैक टू बैक तीसरा अर्धशतक है। अर्धशतक लगाने के बाद संजू और खतरनाक हो गए और उन्होंने 12वें ओवर में लॉकी को 2 छक्के जड़ दिए। रचिन रवींद्र के 14वें ओवर में तो संजू ने सिक्स की हैट्रिक लगाई।

15वें ओवर में भारत का स्कोर 203 रन हो गया। इसके बाद भी 16वें ओवर की पहली गेंद पर संजू ने बड़ा शॉट लगाने का प्रयास किया। जेम्स नीशम की ऑफ स्टंप के बाहर फुलटॉस गेंद पर सैमसन ने आगे बढ़कर शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन टाइमिंग सही नहीं बैठ पाई।



लॉन्ग-ऑन पर खड़े सब्स्टीट्यूट कोल मैकक्रॉन्ची ने बाईं ओर दौड़कर शानदार कैच पकड़ा। मैकक्रॉन्ची ने यह सुनिश्चित किया कि उनके पैर बाउंड्री पर टच न हों। संजू शतक से चूक गए। उन्होंने 46 गेंदों पर 89 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में विकेटकीपर बल्लेबाज ने 5 चौके और 8 छक्के लगाए। अर्धशतक के साथ संजू ने इतिहास रच दिया। वह टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले विराट कोहली ने टी20 विश्व कप 2014 में यह कारनामा किया था। संजू ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंदों पर 89 रन की पारी खेली थी।

## ली ताहुहू ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास, न्यूजीलैंड के लिए खेले 103 मैच

वेलिंगटन, एजेंसी। न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 15 साल तक वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी।

न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा शेयर किए गए एक बयान में ली ताहुहू ने कहा, "वनडे क्रिकेट में टीम की जर्सी पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है। एक-एक गेम खेलना अद्भुत एहसास था। वनडे क्रिकेट में 100 से ज्यादा मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना, ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था।"

उन्होंने कहा, "मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी।

भारत में वनडे विश्व कप 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेलने वाली ताहुहू ने कहा कि वह टी20 के लिए उत्साहित हैं।

ताहुहू ने कहा, "आगे बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं और मैं टी20 फॉर्मेट में इस टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतना एक बहुत बड़ी कामयाबी थी और मैं इस साल के आखिर में इंग्लैंड में इस टीम को अपना खिताब बचाने में मदद करने के लिए सच में प्रेरित हूं।

35 साल की पेसर उन 12 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने कीवी महिला टीम के लिए 100 से अधिक वनडे मैच खेले हैं।

# पृथ्वी शॉ ने गर्लफ्रेंड आकृति अग्रवाल से की सगाई

- शॉ और आकृति एक-दूसरे को लंबे समय से डेट कर रहे थे

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने अपनी गर्लफ्रेंड आकृति अग्रवाल से सगाई कर ली है। शॉ और आकृति एक-दूसरे को लंबे समय से डेट कर रहे थे। पृथ्वी शॉ लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला 25 जुलाई 2021 को श्रीलंका के खिलाफ खेला था।

पृथ्वी शॉ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'इंस्टाग्राम' पर आकृति संग तस्वीरें शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है। शॉ ने



कैप्शन में लिखा, "मैदान पर छक्कों से लेकर जिंदगीभर के लिए शानदार पारी तक। वह मेरी परफेक्ट पारी हैं।" शॉ और आकृति को फैंस कमेंट बॉक्स में जमकर बधाई दे रहे हैं। तस्वीरों में शॉ-आकृति काफी खुश नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शॉ अपने इंस्टाग्राम पर आकृति के साथ पहले भी कई बार तस्वीरें शेयर कर चुके हैं। इसके साथ ही यह दोनों साथ में रील बनाते हुए भी दिखाई दिए थे। पृथ्वी शॉ की मंगेतर आकृति अग्रवाल इन्फ्लुएंसर हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 32 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स भी हैं। आकृति अभिनेत्री भी हैं और वह जल्द ही तेलुगू फिल्म 'त्रिमुखा' के जरिए पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं। आकृति अपने इंस्टाग्राम पर फैशन, लाइफस्टाइल और डांस से जुड़ी रील्स शेयर करती रहती हैं।

पृथ्वी शॉ ने भारत की ओर से अब तक पांच टेस्ट, 6 वनडे और एक टी-20 मुकाबला खेला है।

## अदिति अशोक संयुक्त तीसरे स्थान पर रहीं



हेनान आइलैंड (चीन), एजेंसी। भारत की अदिति अशोक यहां लगातार तीन बोगी के बावजूद अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से ब्ल्यू रे एलपीजीए गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

अदिति ने तीन बर्डी की लेकिन तीन बोगी के कारण उनका स्कोर अंडर पार रहा।

अदिति का कुल स्कोर आठ अंडर रहा और वह खिताब जीतने वाली कोरिया की मी ह्यांग ली (73) से तीन शॉट पीछे रहीं।

जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में 2023 में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहने के बाद यह अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## 'महिलाओं को मजबूत बनाना समाज को मजबूत बनाना है': डॉ. मनसुख मांडविया

कोलकाता, एजेंसी। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि महिलाओं को मजबूत बनाने से परिवार और समाज मजबूत होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की तरक्की के लिए खेल और फिटनेस गतिविधियों में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी जरूरी है।

मांडविया ने महिलाओं में फिटनेस और साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए कोलकाता में फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन में हिस्सा लिया। देश भर में संडे ऑन साइकिल पहल में नागरिकों की तरफ से जोश के साथ भागीदारी जारी रही, जिससे फिटनेस, समुदाय सहभागिता का संदेश मजबूत हुआ।

डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, स्वस्थ जिंदगी बनाए रखने और साफ



पर्यावरण के लिए साइकिलिंग एक प्रभावी तरीका है। इस तरह की पहल नागरिकों में फिटनेस और सामूहिक जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित करने में मदद करती हैं।

खेल और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को मजबूत बनाना समाज को मजबूत बनाना है। जब महिलाएं मजबूत होती हैं, तो परिवार और समाज तरक्की करते हैं, और सीधे देश बनाने में योगदान देते हैं।

ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता बोम्बायला देवी लैशराम, भारत स्काउट्स, कोलकाता के चीफ कमिश्नर, अविनाश कुमार गुप्ता, माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पियाली बसाक, भारतीय महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर अद्रिजा सरखेल और ओलंपियन सुष्मिता सिंघा रॉय ने भी साइक्लोथॉन में हिस्सा लिया।

दिसंबर 2024 में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मांडविया ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल नाम से एक बड़ा जन आंदोलन शुरू किया था। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 29 अगस्त, 2019 को शुरू किए गए बड़े फिट इंडिया मूवमेंट का हिस्सा, यह कैंपेन फिटनेस को रोज की आदत बनाने और स्वस्थ जिंदगी के लिए प्रेरित करता है।

## शुभंकर तीसरे दौर के बाद संयुक्त 54वें स्थान पर



जोहानिसबर्ग, एजेंसी। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड खेलने के बाद यहां जोबर्ग ओपन 2026 में कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर तीसरे दौर के बाद संयुक्त 54वें स्थान पर बने हुए हैं और उनका कुल स्कोर तीन अंडर पार का है। स्थानीय गोल्फर हेनी डुप्लेसिस एक ही दिन में 27 होल खेलने के बाद एकल बढ़त बनाए हैं जिन्होंने तीसरे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेला जिससे अब उनका कुल स्कोर 14 अंडर पार का है।

## अर्शदीप ने 25 मीटर पिस्टल का टी3 ट्रायल जीता

### मनु फाइनल में छठे स्थान पर रहीं

- एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया

नयी दिल्ली, एजेंसी। अर्शदीप कौर ने दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित शीर्ष निशानेबाजों को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

क्वालीफाइंग दौर में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाली पंजाब की निशानेबाज ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में अनुभवी दिव्या टीएस को 37-36 से पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सरनोबत को इससे पहले शूट ऑफ में दिव्या ने पछाड़ा था।



मनु फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। उन्होंने दो दिन चले क्वालीफाइंग दौर में प्रिसिजन और रैपिड में कुल 582 अंक (प्रिसिजन में 287, रैपिड में 295) के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया था।

सरनोबत (प्रिसिजन 292, रैपिड 288) और दिव्या (प्रिसिजन 290, रैपिड 290) दोनों ने 580 का समान स्कोर बनाया लेकिन 'एक्स' (बुल्स आई) पर अधिक निशाने लगाने के कारण सरनोबत दूसरे स्थान पर रहीं। सरनोबत ने 'एक्स' पर 20 जबकि दिव्या ने 13 निशाने लगाए। अर्शदीप ने कुल 575 अंक (प्रिसिजन 285, रैपिड 290) के साथ आठवां स्थान हासिल किया।

**विदाई** 'मैं इस ग्रुप को आगे बढ़ते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं'

# फेयरवेल मैच के बाद इमोशनल हुईं एलिसा हीली

पर्थ, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ वाका ग्राउंड पर खेले गए इकलौते टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ 10 विकेट से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने पिंक-बॉल टेस्ट में भारत की महिला टीम को 10 विकेट से हराकर मल्टी-फॉर्मेट सीरीज 12-4 से अपने नाम करने के बाद अपने इंटरनेशनल करियर को यादगार जीत के साथ खत्म करने पर गर्व जताया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में अपना आखिरी मैच खेलने वाली हीली ने भरोसा जताया कि अगली पीढ़ी के खिलाड़ी टीम को आगे ले जाएंगे, उन्होंने सोफी मोलिनक्स की लीडरशिप पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा, "मैं सोफी मोलिनक्स की लीडरशिप में इस शानदार लोगों के ग्रुप को आगे बढ़ते हुए देखने के लिए



सच में बहुत उत्सुक हूं। मुझे लगता है कि वे कुछ बेहतरीन चीजें हासिल करेंगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज 1-2 से गंवाई थी। इसके बाद वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करते हुए शानदार वापसी की। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने टेस्ट सीरीज भी अपने नाम की। हीली को ऑस्ट्रेलियाई टीम की शानदार वापसी पर बेहद गर्व है।

मैच के बाद उन्होंने कहा, "मैं इस कोशिश से सच में बहुत खुश हूं। टी20 सीरीज से वापसी करते हुए, ग्रुप में थोड़ी निराशा और अनिश्चितता थी, लेकिन पिछले चार मैचों में टीम ने जिस तरह से खेला, वह अविश्वसनीय थी। मुझे सच में गर्व है, और साथ में रहना बहुत अच्छा समय रहा। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने माना कि ड्रेसिंग रूम में लौटने से ठीक पहले विदाई के पल ने उन्हें भावुक कर दिया। हीली ने युवा खिलाड़ियों को अपनी स्किल्स डेवलप करने का मौका देने के लिए खेल के लंबे फॉर्मेट की तारीफ करते हुए कहा, "टेस्ट क्रिकेट इन युवा खिलाड़ियों को लंबे समय तक अपनी स्किल्स दिखाने का मौका देता है। व्हाइट-बॉल क्रिकेट हमेशा आपको बैट्समैन को सेट करने या पारी बनाने का मौका नहीं देता है।

मैदान पर और घर पर फैंस से मिले सपोर्ट के बारे में बताते हुए, हीली ने कहा कि उन्हें अपने करियर के आखिरी हफ्ते में ही इस प्यार का एहसास हुआ। उन्होंने कहा, "जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर कर रहे होते हैं, तो आप एक बबल में होते हैं और बस गेम जीतने की कोशिश करते हैं। आपको शायद पता नहीं होता कि बाहर क्या हो रहा है। इस हफ्ते उस प्यार और सपोर्ट को महसूस करना कमाल का रहा है, इसलिए यहां आने वाले सभी लोगों और घर से देखने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। उन्होंने भारतीय टीम को भी उनके व्यस्त शेड्यूल के दौरान उनकी कोशिश के लिए धन्यवाद देते हुए इंग्लैंड में खेले जाने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, "आप लोगों का धन्यवाद। साल के बीच में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए शुभकामनाएं। मुझे पता है कि आप यूके में इसे खूब देखेंगे, इसलिए हम इंतजार करेंगे। उम्मीद है कि फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और भारत का होना अच्छा रहेगा, लेकिन आप लोगों की कोशिशों के लिए धन्यवाद।"

## हमने बहु-प्रारुप सीरीज मजबूत शुरुआत की लेकिन टेस्ट में लय नहीं बनाए रख सके: हरमनप्रीत कौर

पर्थ, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गये। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा, "हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था।"

उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिंक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा, "यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे



आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है। टेस्ट क्रिकेट कुछ ऐसा है जिसे हम सब सच में खेलना चाहते हैं, और पिंक-बॉल कुछ ऐसा था जो बहुत चुनौतीपूर्ण था और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के चैलेंज मिलेंगे।" कौर ने टूर के दौरान सपोर्ट के लिए प्रशंसकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा, "और सभी इंडियन फैंस और क्रिकेट फैंस का धन्यवाद जो हमें देखने के लिए यहां आए। मुझे पता है कि आज का दिन हमारे लिए अच्छा नहीं था, लेकिन मुझे यकीन है कि भविष्य में हम उन्हें गर्व महसूस कराएंगे, और उम्मीद है कि हम भविष्य में अच्छा क्रिकेट खेलेंगे।"

सृजन, शक्ति का पर्याय है नारी,
त्याग, समर्पण की मिशाल है नारी।
मां, बहिन और पत्नि भी है नारी,
इस दुनियां में बेमिशाल है नारी।




*नारी में जहां एक ओर कोमलता, भावुकता, संवेदनशीलता, प्रेम, दया, करूणा और सेवा की भावना है वहीं दूसरी ओर वह त्याग, वीरता और समर्पण की प्रतिमूर्ति भी है। वह एक चंचल नदी के सदृश्य राग, द्वेश ईर्ष्या रूपी कीचड़ को दूर कर निर्झर पावन सलिला सी आगे बढ़ती जाती है। आज हमारे समाज में महिला साक्षरता में आशातीत वृद्धि हुई है। महिलाएं अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुक भी हुई है। हम नारियों को भ्रष्टाचार, यौन शोषण, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के विरुद्ध ठोस कदम उठाना होगा, तभी इनका उन्मूलन हो सकेगा। पुरुषों को अपनी पुरुष प्रधान मानसिकता को बदलना होगा।*



# नारी कदम
## प्रगति पथ पर अग्रसर

(डॉ.संध्या शुक्ल 'मृदुल', जबलपुर)



इतिहास साक्षी है कि हर काल में नारी पूजनीय एवं वंदनीय रही है। नारी ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति जागरुक कराने हेतु प्रति वर्ष 8 मार्च को महिला दिवस मनाया जाता है। महिला दिवस मनाने की परंपरा लगभग 100 वर्ष पुरानी है। 1908 में न्यूयार्क सिटी में 15000 कामकाजी महिलाओं ने अपनी कुछ मांगों को पूरा करवाने हेतु एक विशाल रैली निकाली थी। इसके बाद 1909 में 28 फरवरी को पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष मनाने की घोषणा की गई। 1913 में भारत शासन ने 8 मार्च को हमेशा के लिए महिला दिवस की तिथि नियत कर दी। विश्व स्तर महिलाओं के महत्व को स्वीकारते हुए संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1975 को महिला वर्ष घोषित किया है। भारत में जहां सीता, सती सावित्री, गार्गी आदि विदुषी महिलाओं ने अपने कार्यों की अमिट छाप छोड़ी है, वहीं मातृभूमि की रक्षा की खातिर देश पर मर मिटने वाली लक्ष्मीबाई, अवंती बाई, दुर्गावती, झलकारी बाई आदि के अप्रतिम शौर्य, साहस और बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इन नारियों के लिए कहा जा सकता है-

सती सावित्री, और सीता,
इंदिरा और लक्ष्मी रानी हूं।
देश पर मर मिटने वाली,
अवंती और दुर्गा रानी हूं।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में श्रीमती सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी, विजयलक्ष्मी पंडित, ऐनी बेसेंट, सुभद्रा कुमारी चौहान आदि अनेक महिलाओं ने तन, मन, धन से सहयोग दिया है। स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की ऐसी भागीदारी देखकर महात्मा गांधी ने कहा था कि यदि भारत की नारी इस प्रकार जागृत हो जाये तो कोई भी ताकत देश को स्वतंत्र होने से नहीं रोक सकती।

नारी केवल घर की शोभा नहीं है वरन् समय-समय पर उसने घर से निकलकर समाज और राष्ट्र के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। मध्य काल में जहां रानी अहिल्याबाई एवं जीजाबाई ने कुशल प्रशासन व न्यायप्रियता का परिचय दिया है, वहीं रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती और अवंतीबाई ने देश की रक्षा की खातिर एक वीर योद्धा की भांति लड़ते-लड़ते स्वयं को कुर्बान कर वीरता की मिशाल कायम की है।

साहित्य के क्षेत्र में महादेवी वर्मा, और सुभद्रा कुमारी चौहान ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत की और लोगों के हृदय में स्वतंत्रता के प्रति राष्ट्रीय भावना पैदा की थी। वर्तमान समय में नारी ने द्रुत गति से प्रगति पथ पर कदम बढ़ाये हैं। आज वह हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही है। खेल जगत में जहां एक ओर सानिया मिर्जा ने अल्प समय में नारी खेल प्रतिभा के रूप में ख्याति अर्जित की है वहीं किरण वेदी जैसी सशक्त नारी ने एक लंबे समय तक पुलिस आफीसर के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा की कमान थाम अपनी अभूतपूर्व क्षमता का परिचय दिया। लौह नारी और राजनैतिक जगत की आंधी को कौन नहीं जानता? जिन्होंने अपने मधुर स्वभाव, कुशल प्रशासनिक क्षमता व बेहद लगनशीलता के कारण राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है और अनेक वर्षों तक कुशलता पूर्वक इस देश की प्रशासनिक बागडोर सम्हाले रखा व जन-जन की प्रिय नेता के रूप में जानी गयीं। जी हां, वो नारी इंदिरा गांधी ही थीं। आज भी नारी शक्ति की प्रतीक सोनिया गांधी अखिल भारतीय स्तर पर कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपने राजनैतिक दायित्वों का पूरी कर्मठता के साथ निर्वहन कर रहीं हैं।

आज घर से निकलकर जहां नारी ने समाज एवं देशहित में योगदान दिया है वहीं उसने हिमालय की चोटी और अंतरिक्ष में पहुंचकर अदम्य नारी शक्ति का परिचय दिया है। अंतरिक्ष में सर्वप्रथम कदम रखने वाली कल्पना चावला के बाद भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में छः माह तक रहने की घोषणा कर नारी शक्ति का अहसास कराया है, तथा समाज एवं देश के लिए एक मिशाल कायम की है। वे 15 जुलाई 2012 को अंतरिक्ष में गई थीं, और वे 127 दिनों तक अंतरिक्ष में रहीं। पूर्व में भी वे 9 दिसंबर 2006 से 22 जून 2007 तक अंतरिक्ष में रह चुकी हैं। कुल मिलाकर उन्होंने 322 दिन अंतरिक्ष में बिताए हैं। अंतरिक्ष में जाने वाली वे दूसरी अनुभवी महिला हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ प्रतिज्ञ महिलाओं के लिए कोई कार्य असंभव नहीं है। पूर्व में श्रीमती प्रतिभा पाटिल राष्ट्रपति के रूप देश की बागडोर संभाली वहीं वर्तमान में सोनिया गांधी, सुषमा स्वराज, ममता बैनर्जी, मीरा कुमार देश के राजनैतिक क्षेत्र में अपना सशक्त योगदान दे रहीं हैं। नि:संदेह ये नारियां वंदनीय, सम्मानीय और नारी शक्ति के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।

नारी में जहां एक ओर कोमलता, भावुकता, संवेदनशीलता, प्रेम, दया, करूणा और सेवा की भावना है वहीं दूसरी ओर वह त्याग, वीरता और समर्पण की प्रतिमूर्ति भी है। वह एक चंचल नदी के सदृश्य राग, द्वेश ईर्ष्या रूपी कीचड़ को दूर कर निर्झर पावन सलिला सी आगे बढ़ती जाती है। आज हमारे समाज में महिला साक्षरता में आशातीत वृद्धि हुई है। महिलाएं अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुक भी हुई है। हम नारियों को भ्रष्टाचार, यौन शोषण, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के विरुद्ध ठोस कदम उठाना होगा, तभी इनका उन्मूलन हो सकेगा। पुरुषों को अपनी पुरुष प्रधान मानसिकता को बदलना होगा। वे नारियों को हाड़-मांस का पुतला नहीं वरन अपनी सहकर्मी, सच्ची दोस्त, आदर्श पत्नी एवं समकक्ष मानें और अपनी कुत्सित भावनाओं का परित्याग कर नारियों के प्रति आदर व सम्मान की भावना रखें, तभी नारी सशक्तिकरण की कल्पना साकार होगी।

नारियों के लिए यदि ऐसा कहा जाये तो अतिश्योक्ति नहीं होगी कि,

**एक कदम गर मेरा बढ़ाओगे,**
**दस कदम स्वयं बढ़ लूंगी मैं।**
**प्यार और प्रोत्साहन जो दोगे,**
**अंतरिक्ष छूकर दिखा दूंगी मैं।**

# नारी महिमा

-ऊषा शिवहरे 'नीरांजना', दमोह

नारी तू बड़ भाग्यनी, बहुत तपस्या कीन्ह।
तीन लोक चौदह भवन, हैं तेरे आधीन।।

शक्ति से शव शिव बने, जीवन के आधार।
लक्ष्मी संग विष्णु बने, जग के पालनहार।।

नारी तू कुलतारिणी, घर को स्वर्ग बनाये।
घर रहता तेरा ऋणी, गृहणी तू कहलाये।।
नारी तू है धारिणी, सत्यशील क्षमावान्।
धैर्य धरे दाता बनी, कहते अवनि समान।।

नारी तू अनुगामिनी, पति संग चलती जाये।
हर विपदा खुद सहे, पति को रहे बचाये।।
नारी धुरी परिवार की, सबको साथ चलाये।
पर जब वह चाहे यही, कोई साथ न आये।।

नारी प्रेम परी है, सब पर प्रेम लुटाये।
चाह उसे भी प्रेम की, पर रहे प्रेम ललाय।।
नारी हरदम बनी भोग्या, भोग सकी न भोग।
भोगत-भोगत चल बसी, हो मौन परलोक।।


नारी अबला अब नहीं, न ही है लाचार।
सहने की क्षमता अधिक, कोमल हरदम अपार।।
शिक्षित सक्षम वो बनी, सत्य धर्म आधार।
ले संकल्प प्रगति का, सृजन करे संसार।।

नारी से नर बने, बिन नारी नर नाये।
बात नेक सी है, पर समझ काय न आये।।

नर-नारी दो पलड़े, मिलकर तुला बनाये।
बिना दोनों के संतुलन, सही तौल न कहाये।।

नर-नारी दो चाक, रथ में एक समाय।
एक-दूजे के बिना, रथ सरक न पाये।।
नारी नर से भली, दुःख सह सुख दे जाये।
पर नर सुख वास्ते, दुःख देता ही जाये।।

नर से नारी का बैर नहीं, न उसे अभिमान।
करे गुजारिश वह जरूर, करो न उसका अपमान।।



## नारी एक-रूप अनेक

नारी तो प्यारी है, प्यार की पुजारी है।
पूजे भी नारी और पूज्य भी नारी है।
नारी एक अनेक रूप धारी है,
अवनि वन, जग की आधारी है।
राष्ट्रवन, वीरों की महतारी है,
शक्तिवान दुष्टों की संहारी है।
(सावित्री) प्रेयसी बन, पति को तारी है।
नारी ही नर की दाता, धैर्य की भंडारी है।


नारी तो नियति की कृति अति न्यारी है।
आंचल में क्षीर, नयनों में नीर
हृदय में धीर, विपत्ती में वीर
हो अति गंभीर, जग को संवारी है
देके दुलार, जगताधार की दुलारी है
नारी नहीं हारी, न अबला बेचारी है
नारी तो नियति की कृति अति न्यारी है।

-ऊषा शिवहरे 'नीरांजना', दमोह

# नारी

- सरिता गुप्ता, दिल्ली

मुझे गुरुर मैं नारी हूं
शबनम हूं चिंगारी हूं
कदम-कदम पर ठोकर खायी
पर न फिर भी हारी हूं
मैं ममता का सागर हूं
मैं करूणा की प्याली हूं
पर आन पे जब बन जाती
बनती तभी कटारी हूं
कोमल हूं सुकुमारी हूं
इकली सौ पर भारी हूं
अपनों पर मिट जाती हूं
कदमों में बिछ जाती हूं
पर जब अपने ही छलते है
तब मैं टूट जाती हूं
'सरिता' बनकर बहती हूं
हर गम में खुश रहती हूं
हर गम को आंख में पीती हूं
किसी से कुछ नहीं कहती हूं,
सारी दुनिया से न्यारी हूं
मुझे गुरुर मैं नारी हूं
शबनम हूं चिंगारी हूं...।



# दो हिरोइनों के साथ इश्क लड़ाएंगे अक्षय कुमार?

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म के जरिए अक्षय कमुार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी सोलह साल बाद लौट रही है। इसके अलाव अक्षय की पाइपलाइन में 'भागम भाग 2' भी है। इसकी कास्टिंग को लेकर भी लगातार नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब ऐसी खबरें हैं कि अक्षय 'भागम भाग 2' में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं।

## इन दोनों अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करेंगे अक्षय





फिल्म की फीमेल कास्टिंग को लेकर वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट में ऐसा दावा किया गया है कि फिल्म में एक नहीं बल्कि दो अभिनेत्रियां हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय फिल्म में जिन दो अभिनेत्रियों के साथ नजर आएंगे, उनमें मीनाक्षी चौधरी और 'धुरंधर के 'शरारत' गाने से सुर्खियां बटोरने वाली आयशा खान के नाम शामिल हैं। फिल्म में तीनों के बीच रोमांटिक एंगल देखने को मिलेगा।

## मनोज बाजपेयी के अपोजिट एक्ट्रेस का नहीं हुआ चयन

रिपोर्ट में आगे ये भी बताया गया है कि दोनों अभिनेत्रियां फिल्म की नई कहानी में अहम भूमिकाएं निभाने वाली हैं। 'भागम भाग 2' की कहानी गलत पहचान, कन्फ्यूजन और क्लासिक कॉमेडी-ऑफ-एरर्स से भरपूर होगी। हालांकि, अभी मनोज बाजपेयी के साथ एक्ट्रेस का चयन होना बाकी है।

## प्रियदर्शन ने किया था 'भागम भाग' का निर्देशन

साल 2006 में आई 'भागम भाग' का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था। यह एक पॉलिटिकल सटायर फिल्म थी, जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल और गोविंदा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। इसके अलावा फिल्म में लारा दत्ता, राजपाल यादव, जैकी श्रॉफ, अरबाज खान, शक्ति कपूर, मनोज जोशी और असरानी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं।'



# प्रतिभा रांटा ने बताया 'एक्यूज्ड' के किरदार में ढलने का पूरा प्रोसेस

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इन दिनों ऐसी कहानियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं, जो समाज के संवेदनशील मुद्दों को ईमानदारी से सामने लाती हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'एक्यूज्ड' भी ऐसी ही एक कहानी लेकर आई है, जिसने लोगों को सोचने पर मजबूर किया है। इस फिल्म में अभिनेत्री प्रतिभा रांटा के अभिनय को खास सराहना मिल रही है। अपने किरदार की जटिल मानसिक स्थिति को समझने और निभाने के लिए उन्होंने खास तैयारी की, जिसके बारे में उन्होंने खुलकर बात की। प्रतिभा रांटा ने बताया कि उनके लिए इस किरदार की तैयारी आसान नहीं थी। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले मैंने स्क्रिप्ट को कई बार पढ़ा। बार-बार पढ़ने से मुझे किरदार की सोच और भावनाएं बेहतर ढंग से समझ में आईं। जब तक कलाकार अपने किरदार को अंदर से नहीं समझता, तब तक उसका अभिनय अधूरा रहता है, इसलिए मैंने रीडिंग सेशन को अपनी तैयारी का अहम हिस्सा बनाया।''

प्रतिभा ने कहा, ''फिल्म की डायरेक्टर अनुभूति कश्यप और को-स्टार कोंकणा सेन शर्मा के साथ कई वर्कशॉप्स की। इनमें खास-खास सीन्स पर विस्तार से बात की गई। जब हम तीनों एक साथ बैठकर किसी सीन की बारीकियों पर चर्चा करते तो उस सीन को लेकर मन में उठने वाले सवाल क्लियर हो जाते थे। इससे यह समझने में मदद मिली कि कैमरे के सामने जाते समय मुझे किस मानसिक स्थिति में रहना है और सीन को किस दिशा में ले जाना है।''

उन्होंने आगे कहा, ''शूटिंग के दौरान माहौल काफी सहज था। सेट पर पहुंचने के बाद कई बार कलाकार सीन में नए एक्सपेरिमेंट भी करते हैं। जब आप किरदार की भावनाओं में पूरी तरह डूब जाते हैं तो कई




चीजें खुद-ब-खुद सामने आने लगती हैं। कभी-कभी इम्प्रोवाइजेशन से सीन और भी ज्यादा प्रभावी बन जाता है। इस फिल्म में ऐसा कई बार हुआ, जब सीन इतने असली लगे जैसे वे किसी की वास्तविक जिंदगी का हिस्सा हों।''

फिल्म 'एक्यूज्ड' की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिस पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया जाता है। यह विषय काफी संवेदनशील है और समाज में कई तरह की बहस को जन्म देता है। फिल्म आरोप, सच और भावनाओं के टकराव को गंभीरता से दिखाती है। इसमें कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा मुख्य भूमिकाओं में हैं। प्रतिभा ने कहा, ''मेरे लिए यह किरदार इसलिए खास था क्योंकि इसमें भावनाओं की कई परतें थीं। कभी वह मजबूत दिखती है तो कभी टूटती हुई नजर आती है। इस तरह के किरदार को निभाने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना जरूरी होता है। रीडिंग और वर्कशॉप्स ने मुझे अपने रोल की परतों को समझने में सबसे ज्यादा मदद की।'' 'एक्यूज्ड' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



# एक्टिंग डेब्यू के सवाल पर अमृता फडणवीस

प्लेबैक सिंगर और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस इन दिनों अपने नए भक्ति गीत 'शंभू रे' को लेकर चर्चाओं में हैं। उनके इस गीत को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए अपने संगीत सफर के बारे में बताया। साथ ही अभिनय क्षेत्र में कदम रखने के सवाल पर भी सटीक जवाब दिया। आईएएनएस ने अमृता फडणवीस से सवाल किया कि वह मनोरंजन जगत से काफी नजदीक से जुड़ी हैं, ऐसे में क्या उन्होंने कभी एक्टिंग करने के बारे में सोचा है? इस पर उन्होंने बताया, ''मुझे कई बार फिल्मों के ऑफर आते रहे हैं। लेकिन, हर बार मैंने इन ऑफर्स को विनम्रता के साथ मना किया है। मेरा मानना है कि हर इंसान का जीवन में एक रास्ता तय होता है और अभिनय मेरा रास्ता नहीं है। संगीत मेरा पहला और आखिरी प्यार है। यह वह कला है जो मुझे स्वाभाविक रूप से आती है और इसमें मैं खुद को पूरी तरह व्यक्त कर पाती हूं। मैं वही काम करना चाहती हूं, जिससे मैं पूरी ईमानदारी से जुड़ी रहूं और वह काम मेरे लिए संगीत ही है।''

अपने पैशन के बारे में बात करते हुए अमृता ने कहा, ''संगीत मेरे लिए सांस लेने जैसा है। जिस तरह इंसान बिना सांस के नहीं रह सकता, उसी तरह मैं संगीत के बिना खुद को अधूरा महसूस करती हूं। चाहे देर रात हो या सुबह का सुकून भरा वक्त, जब भी समय मिलता है, मैं शास्त्रीय संगीत का अभ्यास करती हूं। सुरों की साधना और रियाज मेरी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है।'' गौरतलब है कि 14 फरवरी को रिलीज हुआ भक्ति गीत 'शंभू रे' बेहद कम समय में दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना चुका है। इस गीत को अब तक 9 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। अमृता फडणवीस की आवाज में 'शंभू रे' का संगीत मोटी शर्मा ने तैयार किया है, जिन्होंने सुरों के जरिए शिवभक्ति को नई गहराई दी है। वहीं, गीत के बोल सृजन विनय वैष्णव ने लिखे हैं। गाने का निर्देशन राजीव वालिया ने किया है और इसे भगवान शिव से जुड़े '27 पवित्र स्थलों' पर फिल्माया गया है।

# नीरज पांडे डायरेक्ट करेंगे आरडी बर्मन की बायोपिक

लेजेंड्री सिंगर और कंपोजर आरडी बर्मन की बायोपिक मेगा स्कैल पर बन रही है। ये भारत की सबसे चर्चित अपकमिंग फिल्मों में से है, जिसे कमल जैन प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, आरडी बर्मन की बायोपिक के प्रोड्यूसर इस फिल्म को मेगा-स्केल पर, भारत में पहले कभी न देखे गए सिनेमाई अनुभव के रूप में बनाने की योजना बना रहे हैं। यह बायोपिक पहले ही भारत से आने वाली सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक के रूप में सुर्खियां बटोर रही है। और ऐसा होना स्वाभाविक भी है, एक ऐसे देश में जो संगीत को जीता है, वहां महानतम दिग्गज आरडी बर्मन के असाधारण जीवन और विरासत को बड़े पर्दे पर लाने से बड़ा विषय और कोई नहीं हो सकता। फिल्ममेकर एवं निर्देशक नीरज पांडे अपनी प्रशंसित फिल्मों जैसे ए वेंसडे, बेबी, स्पेशल और ब्लॉकबस्टर बायोपिक एम.एस.धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी के लिए जाने जाते हैं।

प्रोड्यूसर कमल जैन ने हाल ही में अत्यंत सफल पीरियड ड्रामा मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी का निर्माण किया था, जिसमें कंगना रनौत मुख्य भूमिका में थीं।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी बने हॉरर फिल्म तुम्बाड-2 का हिस्सा

हॉरर कॉमेडी फिल्म 'तुम्बाड' के दूसरे सीजन में नए किरदार की एंट्री हो चुकी है और फिल्म को और ज़्यादा इंटरेस्टिंग बनाने के लिए फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी को महत्वपूर्ण किरदार के साथ फिल्म में लाया गया है। उनका जुड़ना निर्माताओं के लिए एक साहसिक रचनात्मक कदम का संकेत है, क्योंकि अब सीक्वल पहले से और ज्यादा मजेदार होने वाला है। साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'तुम्बाड' की सफलता के बाद मेकर्स ने फिल्म का दूसरा पार्ट बनाने का फैसला लिया था। फिल्म के दूसरे सीजन में विनायक राव का किरदार निभाने वाले सोहम शाह को नवाजुद्दीन सिद्दीकी का हाथ मिल गया है। सोहम शाह ने इंस्टाग्राम पर मजेदार फोटो शेयर की है जिसमें दोनों अभिनेताओं को एक रस्सी के सहारे मस्ती करते देखा जा रहा है। नए किरदार का परिचय कराते हुए सोहम ने लिखा, 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारे समय के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक नवाजुद्दीन सिद्दीकी तुम्बाड-2 से जुड़ गए हैं।'

इस घोषणा के बाद भावनात्मक रूप से गहन अभिनय शैली के लिए जाने जाने वाले नवाजुद्दीन से सीक्वल की कहानी में जबरदस्त गहराई लाने की उम्मीद है। हालांकि उनके किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि अभिनेता का किरदार मनोवैज्ञानिक तरीके से बहुत मजबूत होने वाला है। घोषणा के बाद फैंस अभिनेता के किरदार और फिल्म के रिलीज के बारे में जानने के लिए बेताब हैं। तुम्बाड-2 का हिस्सा बनकर अभिनेता भी बहुत खुश हैं। उनका कहना है, 'मैं हमेशा से ही 'तुम्बाड' की मौलिकता और माहौल बनाने वाली कहानी की खूब तारीफ करता आया हूं। जब सोहम ने सीक्वल का विजन साझा किया, तो मुझे कहानी पसंद आई और मैं उनके साथ इस सफर में जुड़ गया।





# विनीत कुमार ने 'हैलो बच्चों' को बताया खास प्रोजेक्ट

**विनीत कुमार सिंह स्टारर आगामी वेब सीरीज 'हेल्लो बच्चों' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह शो शिक्षक अलख पांडे और उनकी टीचिंग से प्रभावित छात्रों से प्रेरित है। यह शो अलग-अलग पृष्ठभूमियों के उन छात्रों की कहानी बताता है, जो अपने सपनों को एक ऐसे शिक्षक के समर्थन से पूरा करते हैं जो उन पर विश्वास करता है। बातचीत में विनीत ने बताया कि यह किरदार कितना चुनौतीपूर्ण था। बातचीत के दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, बदलाव की जरूरत और अपने निजी अनुभवों पर भी खुलकर बात की।**

## 'हैलो बच्चों' आपके लिए क्या मायने रखती है?

यह मेरे लिए सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों की कहानी है जो बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए लगातार मेहनत करते हैं। इसमें उनके माता-पिता भी शामिल हैं, जो बच्चों की सफलता के लिए दिन-रात संघर्ष करते हैं और शिक्षक भी, जो उन्हें सही दिशा देते हैं। यह शो इन सभी की भावनाओं, उम्मीदों और संघर्षों को सेलिब्रेट करता है। एक एक्टर के तौर पर यह जर्नी मेरे लिए इसलिए भी खास है क्योंकि मैं खुद मेडिकल बैकग्राउंड से हूं और स्टूडेंट लाइफ की मेहनत और दबाव को नजदीक से जानता हूं। यह दुनिया हमेशा कहीं न कहीं मेरी जिंदगी का हिस्सा रही है।

## इस किरदार की तैयारी कैसी रही?

इस किरदार की तैयारी गहरी रिसर्च और लगातार ऑब्जर्वेशन मांगती थी, क्योंकि यह अलख पांडे से प्रेरित है, जिन्हें लाखों बच्चे फॉलो करते हैं। कोशिश यही थी कि मेरी तरफ से कोई कसर न रह जाए। असली फीडबैक दर्शक ही देंगे जब शो देखेंगे। मेरे लिए एक व्यक्तिगत फायदा यह था कि बचपन से ही मेरे घर में टीचिंग का माहौल रहा है। मेरे पिता गणितज्ञ हैं इसलिए शिक्षकों के धैर्य, समर्पण और स्टूडेंट्स की जर्नी को मैं बहुत करीब से समझता हूं।

## बचपन की कोई ऐसी घटना जो आज भी दिल में बसी हो?

मेरे घर में शिक्षा और मदद का माहौल हमेशा रहा है। एक बार पापा मंदिर गए तो उन्हें एक लड़का मिला जो फीस न दे पाने की वजह से कॉलेज नहीं जा पा रहा था। पापा उसे घर लाए और हम सबको साफ निर्देश दिया कि उसकी हर जरूरत का ध्यान रखना है। पापा ने उसे हमें पढ़ाने के लिए लगा दिया और इस तरह वो खुद भी पढ़ता था और पैसे भी कमाता था। आगे जाकर उसी एक घंटे की क्लास ने उसकी पूरी हायर एजुकेशन का खर्च संभाल लिया। जिस दिन उसे अच्छी नौकरी मिली उसने पापा के पैर छूकर धन्यवाद कहा। यह घटना मेरे लिए जीवन भर की सीख रही।

## क्या हमारे एजुकेशन सिस्टम में बदलाव जरूरी है?

यह एक बहुत जटिल विषय है और मैं इसमें विशेषज्ञ नहीं पर एक बात जरूर कहूंगा कि शिक्षा बुनियादी अधिकार है। किसी भी बच्चे की पढ़ाई सिर्फ पैसे की कमी की वजह से रुक जाए वो सही नहीं। हमारा सिस्टम ऐसा होना चाहिए जो बच्चों को आगे बढ़ने में मदद करे, न कि उनके सपनों के रास्ते में रुकावट बने।

## भारत में कोचिंग इंस्टिट्यूट्स और शिक्षा व्यवस्था को कैसे देखते हैं?

समय के साथ शिक्षा का स्वरूप लगातार बदलता रहा है। इंटरनेट आने से पहले यह सोचना मुश्किल था कि कोई छात्र घर बैठकर पढ़ सकता है। लेकिन कोविड के दौरान यह जरूरी हो गया। स्कूल बंद थे और पढ़ाई को किसी नए तरीके से आगे बढ़ना था। उस समय ऑनलाइन टीचर्स की अहमियत बहुत बढ़ी। उन्होंने ऐसे समय में भी बच्चों की पढ़ाई को जारी रखा, जब कोई और विकल्प नहीं था। मेरा मानना है कि शिक्षा व्यवस्था को समय के अनुसार खुद को अपग्रेड करते रहना चाहिए। जैसे हम फोन अपग्रेड करते हैं, वैसे ही शिक्षा का सिस्टम भी नए समय और जरूरतों के हिसाब से आगे बढ़ना चाहिए।

## एक पिता के रूप में आपकी जिंदगी कैसे बदल गई है?

पिता होना बेहद खूबसूरत अहसास है। इसके साथ भावनात्मक पल भी आते हैं। हाल ही में जब मैं बाहर से लौटा तो मेरे बेटे ने मुझे पहचाना ही नहीं, क्योंकि पिछली बार मेरी दाढ़ी थी। इस बार मैंने शेव कर रखी थी तो वह मेरे पास नहीं आया। यह पल मेरे लिए बहुत गहरा था। अब काम जल्दी खत्म करके घर जाने का मन पहले से ज्यादा होता है। हम उसे स्क्रीन से दूर रखते हैं, इसलिए वीडियो कॉल भी कम करता हूं, ताकि उसे न लगे कि पापा फोन के अंदर रहते हैं।

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 9210761111 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009